राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 141
लखनऊ, गुरुवार 09 जनवरी, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



मंडल में वसूली में प्रथम आया बहराइच 04


अपनी काबिलियत का लोहा मनवा रहा भारतीय युवा : डॉ. जयशंकर 12

# आकाश से भी ऊंची है सनातन की परंपरा : योगी

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि भारत के सनातन धर्म की मान्यता है कि यह दुनिया की सबसे प्राचीन संस्कृति है। इसकी तुलना किसी मत मजहब और संप्रदाय से नहीं हो सकती। हजारों वर्षों की विरासत मेरे पास है। इसके सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आयोजन भी उतनी ही प्रचीन हैं। आकाश से भी ऊंची है सनातन की परंपरा, इसकी तुलना नहीं की जा सकती।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक निजी समाचार चैनल द्वारा आयोजित महाकुम्भ महासम्मलेन कार्यक्रम में बोल रहे थे। महाकुम्भ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए योगी ने कहा कि देवासुर संग्राम के बाद अमृत की बूंदें चार पवित्र स्थलों- प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में गिरीं। इन स्थानों पर महाकुम्भ के आयोजन भारत के ज्ञान, चिंतन और सामाजिक दिशा तय करने का अवसर रहे हैं।



**वार्ता**

- आज यूपी से नागरिकों का नहीं बल्कि माफिया और अपराधियों का हो रहा पलायन

उन्होंने कहा कि महाकुम्भ केवल धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह भारत की आध्यात्मिक विरासत और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। योगी ने कहा कि महाकुम्भ के आयोजन के दौरान भारत के ऋषि-मुनि एकत्र होकर उस समय की सामाजिक और राजनीतिक परिस्थितियों पर चिंतन करते थे। यह आयोजन न केवल परंपरा का सम्मान है, बल्कि इसे भविष्य की पीढ़ियों के लिए संरक्षित करना भी आवश्यक है।

### वक्फ के नाम पर जमीन कब्जाने वालों से वापस लेंगे एक-एक इंच जमीन

वक्फ बोर्ड के नाम पर जमीन कब्जे के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि यह समझना मुश्किल है कि वक्फ बोर्ड है या भू-माफियाओं का बोर्ड। हमारी सरकार ने वक्फ अधिनियम में संशोधन किया है और एक-एक इंच जमीन की जांच करवा रही है। जिन लोगों ने वक्फ के नाम पर जमीन कब्जाई है, उनसे जमीन वापस ली जाएगी और गरीबों के लिए आवास, शिक्षण संस्थान और अस्पताल बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कुम्भ की परंपरा वक्फ से कहीं पुरानी है। सनातन धर्म की ऊंचाई आकाश से भी ऊंची और गहराई समुद्र से भी गहरी है। इसकी तुलना किसी मत या मजहब से नहीं की जा सकती।

### संभल में धार्मिक स्थलों को तोड़कर कब्जा करने का प्रयास हुआ : मुख्यमंत्री

संभल में धार्मिक स्थलों पर विवाद का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि संभल में श्रीहरि विष्णु का दसवां अवतार कल्कि का उल्लेख पुराणों में मिलता है। वहां धार्मिक स्थलों को तोड़कर कब्जा करने का प्रयास हुआ। हमारी सरकार ने न्यायालय के आदेश के अनुसार कार्रवाई की और दंगाइयों को सख्त संदेश दिया। धर्म परिवर्तन और घर वापसी के मुद्दे पर बोलते हुए सीएम योगी ने कहा कि अगर कोई अंतर्मन से अपने धर्म में लौटना चाहता है, तो उसका स्वागत होना चाहिए। यह धर्म और परंपरा के प्रति जागरूकता का संकेत है।

### विपक्ष पर किया तीखा प्रहार

मुख्यमंत्री योगी ने समाजवादी पार्टी और उसके नेताओं पर भी तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि डॉ. राम मनोहर लोहिया ने कहा था कि अगर भारत को समझना है, तो राम, कृष्ण और शिव की परंपरा को पढ़ो। जो नेता लोहिया जी के नाम पर राजनीति करते हैं, उन्होंने इनकी बातों को कभी नहीं समझा। उन्होंने अयोध्या के विकास का जिक्र करते हुए कहा कि हमने अयोध्या को विकास और विरासत का केंद्र बनाया। जो लोग अयोध्या के विकास का विरोध कर रहे थे, उन्हें वहां जाने का नैतिक अधिकार नहीं है।

मुख्यमंत्री योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि महाकुम्भ का आयोजन भारत में विरासत और विकास के अद्भुत संगम का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि 2019 के प्रयागराज कुम्भ में यह देखा गया कि कैसे आधुनिक तकनीक, प्रबंधन और संस्कृति का सामंजस्य किया गया। यही प्रयास आने वाले महाकुम्भ में भी होगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार ने मिलकर महाकुम्भ को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं। इस आयोजन से न केवल देश के नागरिक, बल्कि दुनिया भर के लोग भी आकर्षित हो रहे हैं। यह भारत की सांस्कृतिक समृद्धि को विश्व स्तर पर प्रस्तुत करने का सुनहरा अवसर है। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ राष्ट्रीय और सांस्कृतिक एकता का अद्भुत उदाहरण है। यह आयोजन जाति, पंथ और लिंग भेदभाव को समाप्त करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले 10 वर्षों में जो प्रगति की है, महाकुम्भ इसका सशक्त माध्यम बनेगा। यह भारत की समृद्धि, विरासत और आध्यात्मिक परंपरा का जीवंत प्रमाण है। योगी ने कहा कि विदेशी जूठन खाने वाले लोग हमें बदनाम करने में लगे हैं। देश में जातिवाद का जहर घोलकर अपनी राजनीतिक रोटी सेंकना चाहते हैं, लेकिन देश की जनता अब जागरूक हो चुकी है। योगी ने कहा कि सनातन धर्म हमेशा शिखर पर रहा है। हिंदू एकता और राष्ट्रीय एकता एक-दूसरे के पूरक हैं।

# एलपीएससी निदेशक नारायणन इसरो के नये प्रमुख नियुक्त

**एजेंसी, चेन्नई।**



केंद्र सरकार ने प्रतिष्ठित अंतरिक्ष वैज्ञानिक और एलपीएससी के निदेशक वी नारायणन को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का अगला अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग का सचिव नियुक्त किया है।

यहां प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने मंगलवार शाम को इसकी घोषणा की। श्री नारायणन 14 जनवरी से निवर्तमान प्रमुख एस सोमनाथ का स्थान लेंगे। केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय द्वारा जारी एक अधिसूचना में कहा गया है कि श्री नारायणन की नियुक्ति दो वर्षों के लिए या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, किया गया है। आम तौर पर वीएसएससी के निदेशक को इसरो का अध्यक्ष बनाया जाता है और शायद पहली बार होगा जब एलपीएससी निदेशक को इस पद पर पदोन्नत किया गया है। उल्लेखनीय है कि श्री सोमनाथ, जिन्होंने वीएसएससी, तिरुवनंतपुरम निदेशक के पद से पदोन्नत करके जनवरी 2022 से इसरो का नेतृत्व किया, उनके नाम कई सफलताएं हैं, जिनमें ऐतिहासिक तीसरा चंद्र मिशन चंद्रयान-3 जिसने चंद्रमा के अनछुए दक्षिण ध्रुवीय क्षेत्र पर सॉफ्ट लैंडिंग की, जिससे भारत यह उपलब्धि प्राप्त करने वाला विश्व का पहला देश बन गया, सूर्य के लिए आदित्य-एल1 पहला मिशन और नवीनतम दो स्पैडएक्स उपग्रहों को लॉन्च करके पहला स्पाई डॉकिंग प्रयोग प्रौद्योगिकी प्रदर्शन और पीएसएलवी-सी60 को 30 दिसंबर, 2024 को पूरा करने का लक्ष्य, जिससे भारत अमेरिका, रूस और चीन के बाद यह उपलब्धि प्राप्त करने वाला विश्व का चौथा देश बन गया, शामिल है।

## संक्षिप्त समाचार

### रेलवे ने दिल्ली क्षेत्र में पार्सल पर लगाया प्रतिबंध



**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय राजधानी के सभी रेलवे स्टेशनों पर 23 से 26 जनवरी तक पार्सल सेवा बंद रहेगी। समाचार पत्रों और पत्रिकाओं को इस प्रतिबंध से बाहर रखा गया है। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने एक बयान में कहा कि आगामी गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए नई दिल्ली, दिल्ली जंक्शन, हजरत निजामुद्दीन, आनंद विहार टर्मिनल, दिल्ली सराय रोहिल्ला, आदर्श नगर दिल्ली और पटेल नगर स्टेशनों पर 23 से 26 जनवरी तक सभी प्रकार के पार्सल लेन-देन (लीज्ड एसएलआर, वीपी और डिमांड वीपी सहित) प्रतिबंधित रहेंगे।

### आईएमडी 13 जनवरी को आयोजित करेगा पहला राष्ट्रीय मौसम विज्ञान ओलंपियाड

**नई दिल्ली।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के 150 साल पूरे होने जा रहे हैं। 15 जनवरी को अपने स्थापना दिवस पर आईएमडी देशभर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से 150वें वर्ष का जश्न मनाएगा। इसके तहत जनवरी 2025 में आईएमडी मुख्यालय कुछ खास कार्यक्रम आयोजित करेगा। आईएमडी ने एक्स पोस्ट में कहा कि 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 14 एवं 15 जनवरी को भारत मंडपम में अपने स्थापना दिवस समारोह के साथ-साथ 13 जनवरी को अपना पहला राष्ट्रीय मौसम विज्ञान ओलंपियाड आयोजित करेगा। इसके साथ 12 जनवरी को रन फॉर मौसम का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्देश्य जलवायु के प्रति जागरुकता बढ़ाना है। आईएमडी के महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय महापात्रा ने उम्मीद जताई कि साल 2047 तक मौसम विभाग तूफान या अन्य मौसमी बदलाव की जानकारी और चेतावनी 10 से 15 दिन पहले ही दे सकेगा।

### महाकुम्भ-2025 को समर्पित आकाशवाणी और दूरदर्शन का विशेष गीत लॉन्च

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज 'महाकुंभ-2025' को समर्पित आकाशवाणी और दूरदर्शन का एक विशेष गीत लॉन्च किया। दिल्ली में इस कार्यक्रम में प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत सहगल और सीईओ गौरव द्विवेदी भी मौजूद थे। जय महाकुंभ नामक इस गीत को रतन प्रसन्ना ने गाया है। इसका संगीत संतोष नाहर और रतन प्रसन्ना ने दिया है और इसे अभिनय श्रीवास्तव ने लिखा है। उल्लेखनीय है कि हिन्दुओं की आस्था के उत्सव महाकुंभ का 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज में आयोजन किया जा रहा है।

# आंध्र प्रदेश का विकास हमारा विजन : मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को बुनियादी ढांचा, हरित ऊर्जा और क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारा आंध्र प्रदेश संभावनाओं और अवसरों का राज्य है। आंध्र की ये संभावनाएं जब साकार होंगी, तो आंध्र प्रदेश भी विकसित बनेगा और तभी भारत भी विकसित राष्ट्र बनेगा। इसलिए आंध्र प्रदेश का विकास हमारा विजन है और आंध्र प्रदेश के लोगों की सेवा हमारा संकल्प है। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश अपनी नवाचारी प्रकृति के कारण आईटी और प्रौद्योगिकी का इतना बड़ा हब है। अब आंध्र के भविष्य की प्रौद्योगिकियों का केंद्र बनने का समय है।



**तोहफ़ा**

- प्रधानमंत्री ने आंध्र प्रदेश को दो लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं की दी सौगात

उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश ने 2047 तक राज्य को 2.5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए चंद्रबाबू नायडू की सरकार ने स्वर्ण आंध्र @2047 की शुरुआत की है। इसमें केंद्र की एनडीए सरकार राज्य को पूरा सहयोग देगी। इसलिए केंद्र सरकार करोड़ों रुपये की परियोजनाएं देने में आंध्र प्रदेश को प्राथमिकता दे रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आंध्र प्रदेश अपनी नवोन्मेषी भावना के कारण आईटी और प्रौद्योगिकी का एक प्रमुख केंद्र है। अब समय आ गया है कि आंध्र प्रदेश नई, भविष्य की प्रौद्योगिकियों का केंद्र बने। हमें उभरती प्रौद्योगिकियों, जैसे कि ग्रीन हाइड्रोजन के उपयोग, जो भविष्य का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है, में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि 2023 में नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन की शुरुआत की गई। हमारा लक्ष्य 2030 तक 5 मिलियन मीट्रिक टन ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन करना है। इसके लिए शुरुआत में दो ग्रीन हाइड्रोजन हब शुरू किए जाएंगे। इनमें से एक हब विशाखापत्तनम में स्थापित किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार शहरीकरण को एक अवसर के रूप में देखती है। हम आंध्र प्रदेश को नए दौर के शहरीकरण का उदाहरण बनाना चाहते हैं।

### प्रधानमंत्री के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार की शाम को विशाखापत्तनम में रोड शो किया। उनके साथ राज्य के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण भी मौजूद रहे। रोड शो के दौरान सड़क पर जनसैलाब उमड़ा। लोग मोदी की एक झलक देखने के लिए बेताब दिखे। सड़क के दोनों ओर मौजूद लोगों का प्रधानमंत्री ने अभिवादन किया। रोड शो के दौरान जनता ने फूल बरसाकर उनका स्वागत किया।

# विदेश सचिव ने की अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री से मुलाकात

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



- भारत ने अफगान लोगों को मानवीय और विकास सहायता प्रदान करना जारी रखने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई
- दोनों पक्षों ने खेल (क्रिकेट) सहयोग को मजबूत करने पर भी की चर्चा

विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने बुधवार को अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी से दुबई में मुलाकात की। दोनों पक्षों ने अफगानिस्तान को जारी मानवीय सहायता, द्विपक्षीय मुद्दों और क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति पर चर्चा की। भारत ने अफगान लोगों को मानवीय और विकास सहायता प्रदान करना जारी रखने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। चाबहार बंदरगाह सहित व्यापार और वाणिज्य को बढ़ावा देने पर सहमति व्यक्त की गई। भारत देश में स्वास्थ्य क्षेत्र और शरणार्थियों के पुनर्वास में भी अपना समर्थन बढ़ाएगा।

विदेश मंत्रालय के अनुसार दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ क्षेत्रीय विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। अफगान पक्ष ने भारत की सुरक्षा चिंताओं के प्रति अपनी संवेदनशीलता को रेखांकित किया। दोनों पक्ष संपर्क में बने रहने और विभिन्न स्तरों पर नियमित संपर्क जारी रखने पर सहमत हुए। अफगान पक्ष के अनुरोध पर भारत सबसे पहले स्वास्थ्य क्षेत्र और शरणार्थियों के पुनर्वास के लिए अतिरिक्त सामग्री सहायता प्रदान करेगा। दोनों पक्षों ने खेल (क्रिकेट) सहयोग को मजबूत करने पर भी चर्चा की, जिसे अफगानिस्तान की युवा पीढ़ी अत्यधिक महत्व देती है।

### बांग्लादेश में नहीं थम रहा हिंदुओं पर अत्याचार, एक और युवक की हत्या

**एजेंसी, कोलकाता।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार का सिलसिला अब तक जारी है। ताजा घटना में हमलावरों ने इलेक्ट्रॉनिक्स गुड्स व्यवसायी हिंदू युवक की बेरहमी से हत्या कर दी। यह घटना झालकाठी जिले के रामपुर गांव के बउकाठी बाजार में हुई। मृतक की पहचान सुधीब हलदार के रूप में हुई है। इस निर्मम हत्या की कड़ी निंदा करते हुए कोलकाता इस्कॉन के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग से कड़ा सवाल किया है कि यह अत्याचार कब थमेगा। उन्होंने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए लिखा, क्या हम 21वीं सदी में रह रहे हैं या पत्थर के युग में? यह सब कब रुकेगा? हाल के दिनों में बांग्लादेश में कई मंदिरों पर हमले और मूर्तियों को तोड़े जाने की घटनाएं भी सामने आई हैं।

## लखनऊ में दस से अग्निवीरों की भर्ती रैली

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

**13 जिलों के अभ्यर्थी लेंगे हिस्सा**

छावनी स्थित एएमसी सेंटर एंड कॉलेज स्टेडियम में 10 जनवरी से अग्निवीरों की भर्ती रैली आयोजित होने जा रही है। इसमें अग्निवीर जीडी, टेक्निकल, ऑफिस असिस्टेंट और ट्रेड्समैन के पदों पर भर्ती की जाएगी।

मध्य कमान के जनसंपर्क विभाग की ओर से यह जानकारी मिली है कि अग्निवीर भर्ती 10 जनवरी से शुरू होकर 22 जनवरी तक चलेगी। भर्ती रैली में औरैया, चित्रकूट, कन्नौज, बांदा, महोबा, हमीरपुर, बाराबंकी, गोंडा, कानपुर देहात, उन्नाव, कानपुर नगर, फतेहपुर और लखनऊ जिले के अभ्यर्थी भाग ले सकेंगे। इस रैली में भाग लेने के लिए केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को बुलाया गया है जिन्होंने पिछले साल अप्रैल 2024 में आयोजित ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) उत्तीर्ण किया है। अभ्यर्थियों को उनके पंजीकृत ई-मेल पर प्रवेश पत्र भेज दिया गया है। इस प्रवेश पत्र में अभ्यर्थियों के लिए तय की गई तारीख और समय का बताया गया है, ताकि वे समय पर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएं। अभ्यर्थियों को अपने एडमिट कार्ड के साथ सभी आवश्यक दस्तावेजों की मूल प्रति और एक फोटोकॉपी सेट लाना अनिवार्य होगा। यह रैली उत्तर प्रदेश में अग्निवीर भर्ती की पांचवीं रैली होगी। सेना ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे इस भर्ती प्रक्रिया में दलालों के झांसे में न आएं।

### हाईकोर्ट से कैबिनेट मंत्री नंदी व पूर्व मेयर अभिलाषा को राहत

**समृद्धि न्यूज, प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी और उनकी पत्नी पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी को राहत देते हुए 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान मुट्ठीगंज थाने में दर्ज मुकदमे की कार्यवाही पर रोक लगा दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति समित गोपाल ने नंदी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता इमरान उल्लाह व विनीत विक्रम और सरकार की ओर से शासकीय अधिवक्ता को सुनकर दिया है। कोर्ट ने इस मामले में राज्य सरकार से जवाब मांगा है। इस मामले में नंदी व उनकी पत्नी पर बलवा करने और पुलिस की गाड़ी में तोड़फोड़ करने के आरोप हैं। पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की है। स्पेशल कोर्ट एमपी एमएलए प्रयागराज ने आरोप से डिस्चार्ज करने की अर्जी खारिज कर दी है, जिसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है।

## अब बाइक, मोबाइल व फ्रिज रखने वाले भी कर सकते हैं पीएम आवास योजना के लिए आवेदन

**समृद्धि न्यूज, मुरादाबाद।**

प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ अब बाइक, मोबाइल फोन और फ्रिज रखने वाले लोगों को भी मिलेगा। मुरादाबाद जनपद की 1017 ग्राम पंचायतों में योजना को आगे बढ़ाने के लिए नए लाभार्थियों के चयन के लिए सर्वे का काम शुरू हो चुका है।

प्रधानमंत्री आवास योजना के परियोजना निदेशक निर्मल द्विवेदी ने बुधवार को बताया कि इस बार योजना का लाभ देने के लिए पात्रता की शर्तों में भी संशोधन किया गया है। पहले जिनके पास दोपहिया वाहन, मोबाइल फोन और फ्रिज होता था, उन्हें इस योजना के लिए अपात्र माना जाता था।




साथ ही दस हजार रुपये प्रतिमाह की कमाई करने वाले लोग भी इस योजना का लाभ नहीं ले सकते थे।

परियोजना निदेशक के अनुसार अब पात्रता की शर्तों में बदलाव के बाद बाइक, मोबाइल फोन और फ्रिज रखने वाले लोगों को भी इस योजना का लाभ मिलेगा। साथ ही अब 15 हजार रुपये प्रतिमाह आमदनी वाले लोग भी योजना के तहत आवास के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### सम्भल के मंदिर-मस्जिद विवाद के मुकदमे की सुनवाई पर रोक

**समृद्धि न्यूज, प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सम्भल के मंदिर-मस्जिद विवाद को लेकर वहां चल रहे मुकदमे की सुनवाई पर रोक लगा दी है।

यह आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने संभल की शाही जामा मस्जिद की इंतजामियां कमेटी की निगरानी याचिका पर सुनवाई करते हुए बुधवार को दिया। कोर्ट ने याचिका पर सभी पक्षकारों से चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने और याची से उसके दो सप्ताह बाद प्रत्युत्तर शपथ पत्र दाखिल करने को कहा है। कोर्ट ने याचिका पर अगली सुनवाई के लिए 25 फरवरी की तारीख लगाई है।

# डब्ल्यूएचओ ने एचएमपीवी को बताया साधारण वायरस

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

एचएमपीवी को डब्ल्यूएचओ ने साधारण वायरस बताया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक यह एक साधारण वायरस है, 2001 में ही इसकी पहचान कर ली गई थी तब से यह लोगों के बीच मौजूद है।

चीन के बाद भारत में दस्तक देने वाले एचएमपीवी पर विश्व स्वास्थ्य संगठन का पहला रिएक्शन सामने आया है। डब्ल्यूएचओ ने इसे साधारण वायरस बताया है। संगठन की ओर से कहा गया है कि एचएमपीवी यानी ह्यूमन मेटाप्न्यूमोवायरस नया नहीं है, 2001 में ही इसकी पहचान कर ली गई थी। यह लंबे समय से लोगों के बीच मौजूद है जो सर्दी के मौसम में बढ़ता है।

चीन में हाल ही में एचएमपीवी के मामले सामने आए थे, इसके बाद भारत में भी इसके मरीज मिलने लगे थे। ऐसे में लोगों की चिंता बढ़ गई थी। तरह-तरह के कयास लगाए जाने लगे थे कि कहीं ये वायरस भी कोरोना की तरह तबाही न मचा दे। हालांकि पिछले दिनों स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने लोगों ने पैनिक न होने की अपील की थी। अब डब्ल्यूएचओ ने भी ये साफ कर दिया है। देश में एचएमपीवी के अब तक नौ केस सामने आ चुके हैं, बुधवार को महाराष्ट्र में सुबह नौवां केस सामने आया था जहां हीरानंदानी अस्पताल में 6 माह की बच्ची में ये संक्रमण मिलता था। इससे पहले नागपुर में भी दो मामले सामने आए थे। इस वायरस का पहला मामला कर्नाटक में सामने आया था। वहां इसके दो 2 मामले, तमिलनाडु में 2 मामले और पश्चिम बंगाल और गुजरात में एक-एक मामला सामने आया था।




### डब्ल्यूएचओ ने क्या कहा

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा कि एचएमपीवी कोई नया वायरस नहीं है, 2001 में ही इसकी पहचान कर ली गई थी और ये लोगों के बीच लंबे समय से मौजूद है। यह एक कॉमन वायरस है जो सर्दी और बसंत के सीजन में फैलता है। इसमें श्वसन संबंधी और सामान्य जुकाम जैसी शिकायत हो सकती है।

**महाकुम्भ** | भव्य आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं व यात्रियों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को प्राथमिकता

# रेलवे ने यात्रियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य के किये विशेष इंतजाम

**समृद्धि न्यूज, प्रयागराज।**

महाकुम्भ के भव्य आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं और यात्रियों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए भारतीय रेलवे ने 30 से अधिक प्राथमिक चिकित्सा बूथ (फर्स्ट एड बूथ) स्थापित किए हैं। यह पहल श्रद्धालुओं की सुविधा और आपात स्थिति में त्वरित चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई है।

सीपीआरओ शशि कांत त्रिपाठी ने बताया कि प्रयागराज जंक्शन, नैनी जंक्शन, फाफामऊ, प्रयाग जंक्शन, झूंसी स्टेशन, रामबाग स्टेशन, छिवकी स्टेशन, प्रयागराज संगम, सूबेदारगंज स्टेशन आदि पर फर्स्ट ऐड बूथ स्थापित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि प्राथमिक चिकित्सा बूथों में प्रयागराज जंक्शन पर 14 बूथ, नैनी व छिवकी में 3-3 बूथ, सूबेदारगंज व फाफामऊ 2-2, विंध्याचल 1, मंकीपुल व संगम कैम्प 1-1, प्रयाग स्टेशन 3, काशी, अयोध्या धाम, अयोध्या कंट व प्रयागराज संगम में 1-1 बूथ हैं।




वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी अमित मालवीय ने विशेषताएं फर्स्ट एड बूथ की विशेषताएं बताते हुए कहा कि प्रत्येक बूथ पर प्रशिक्षित चिकित्सा कर्मियों की तैनाती, आपातकालीन चिकित्सा उपकरण और दवाइयां उपलब्ध, प्राथमिक उपचार से लेकर गंभीर मामलों में त्वरित रेफरल की सुविधा, श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य जागरूकता और प्राथमिक उपचार की जानकारी देने के लिए विशेष शिविर हैं। उन्होंने बताया कि महाकुम्भ के दौरान लाखों श्रद्धालु विभिन्न स्थानों से प्रयागराज आते हैं। ऐसे में उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा की जिम्मेदारी को प्राथमिकता देते हुए रेलवे ने इन फर्स्ट एड बूथों की स्थापना की है। प्रयागराज जंक्शन जैसे प्रमुख स्टेशनों पर अधिक संख्या में बूथ स्थापित किए गए हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को तुरंत सहायता मिल सके।

### महाकुम्भ के लिए रेलवे के अन्य प्रयास

महाकुम्भ के लिए रेलवे ने यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए कई अन्य पहलें भी की हैं, जिनमें अतिरिक्त ट्रेनों की सेवा, साफ-सफाई के विशेष इंतजाम, सीसीटीवी के जरिए भीड़ प्रबंधन, और आधुनिक कंट्रोल रूम की स्थापना शामिल है। यात्रा के दौरान किसी भी आपात स्थिति में सहायता के लिए नजदीकी प्राथमिक चिकित्सा बूथ पर जाएं या हेल्पलाइन नंबर 139 पर सम्पर्क करें।

# मिशन मैदानः रूफटॉप पर आकार लेने लगे इनडोर गेमिंग जोन

- डीएम ने किया निरीक्षण, देखी प्रगति
- डीएम की अभिनव पहल पर मिशन मैदान से रोशन होंगे परिषदीय विद्यालय
- मिशन मैदान से स्कूली बच्चों की निखरेगी प्रतिभा, खेल के क्षेत्र में लहरायेंगे परचम

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



खीरी में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अनूठी पहल मिशन मैदान अब जमीन पर आकार लेने लगी है। इस ऑपरेशन के तहत रूफटॉप पर तैयार किए जा रहे निर्माणाधीन इनडोर गेमिंग जोन की प्रगति जानने के उद्देश्य से बुधवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सीडीओ अभिषेक कुमार संग नगर क्षेत्र के ईदगाह और काशीराम कॉलोनी में संचालित परिषदीय विद्यालय में निर्माणाधीन इनडोर गेमिंग जोन की प्रगति जानी और संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

डीएम ने सीडीओ संग क्रमशः परिषदीय विद्यालय ईदगाह और काशीराम कॉलोनी पहुंची, जहां उन्होंने विद्यालय की छत पर तैयार हो रहे इंडोर गेमिंग जोन की प्रगति जानी और उनके निर्माण के संबंध में जरूरी दिशा निर्देश दिए। गेमिंग जोन निर्माण में सुरक्षा मानकों को शत प्रतिशत सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने गेमिंग जोन में फ्लोर मैट, गेमिंग जोन की बाहरी व आंतरिक दीवारों पर खेल से संबंधित चित्रण आदि के संबंध में जरूरी दिशा निर्देश दिए। गेमिंग जोन में उपलब्ध कराई जाने खेल सामग्री और गतिविधियों के संबंध में भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि इसे तय समय में गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए।

**एक हजार परिषदीय विद्यालयों को मिलेगा अपना खेल मैदानः** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अनूठी पहल मिशन मैदान (MaiDAN—Maintaining and Developing Arenas for NextGen) के तहत प्रथम चरण में जिले के 1000 परिषदीय विद्यालयों को अपना खेल मैदान (गेमिंग जोन) मिलेगा। वृहद स्तर पर स्थान उपलब्धता वाले 205 परिषदीय विद्यालयों में हॉकी, फुटबॉल, क्रिकेट, एथलेटिक्स, खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल बैडमिंटन के खेल मैदान विकसित किए जाएंगे। 765 विद्यालयों में खो-खो कबड्डी वालीबाल और बैडमिंटन के खेल मैदान विकसित होगे। वही खेल मैदान की अनुपलब्धता वाले 30 विद्यालय चिन्हित किए गए हैं, जहां रूफटॉप इनडोर गेमिंग जोन विकसित किए जाएंगे, इसमें कैरम, चेस, माइंड गेम, सिमेट्री गेम, टेबल टेनिस खेल गतिविधियां होंगी।

बताते चलें कि छात्रों के शारीरिक स्वास्थ्य और समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने 1,000 स्कूलों में उच्च गुणवत्ता वाले आउटडोर खेल के मैदान बनाने की एक अभिनव परियोजना शुरू की है। परियोजना का उद्देश्य वॉलीबॉल, बैडमिंटन और कबड्डी जैसे खेलों के लिए सुरक्षित, टिकाऊ और स्पष्ट रूप से चिह्नित खेल क्षेत्रों का निर्माण करना है। साथ ही सीमित स्थान वाले स्कूलों के लिए रचनात्मक समाधान प्रदान करना है। ऐसे स्कूलों में मजबूत और आधुनिक ढांचे का उपयोग करते हुए, छत पर खेल के मैदान बनाए जा रहे हैं, जो सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए जगह का अधिकतम उपयोग करते हैं। इस पहल में स्थानीय संसाधनों के उपयोग और मनरेगा टीमों की भागीदारी के माध्यम से सामुदायिक सहयोग, स्थिरता और विस्तार की संभावनाओं को भी सुनिश्चित किया गया है। ये खेल के मैदान छात्रों में टीमवर्क, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देंगे, जिससे उनके समग्र विकास और कल्याण में योगदान मिलेगा।

## तेंदुए की दहशत, जरा सी आहट पर उड़ जाती है नींद



**ईसानगर खीरी।** लखीमपुर खीरी के धौरहरा वन रेंज में तेंदुए की चहलकदमी लगातार देखी जा रही है। मंगलवार को थाना क्षेत्र खमरिया के गांव फत्तेपुर के आसपास तेंदुआ देखा गया। तेंदुए ने एक बछिया को मार डाला। ग्रामीणों द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार, लखीमपुर खीरी के थाना खमरिया क्षेत्र के गांव फत्तेपुर में तेंदुए ने एक गाय की बछिया को निवाला बनाया। वहीं लखपेड़ा और खनवापुर गांवों के आसपास भी तेंदुए की चहलकदमी देखी गई है, जिससे ग्रामीणों में दहशत है।सूचना पर वन विभाग की टीम ने निगरानी शुरू कर दी है। कुछ दिन पूर्व भी ग्रामीणों ने देखा था गांव के करीब तेंदुआ जिसकी दी गई थी सूचना, दोबारा से फिर तेंदुआ देख जाने पर ग्रामीणों में भय व्याप्त है। क्षेत्रीय वनाधिकारी नृपेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि गांव फत्तेपुर में तेंदुए द्वारा गाय की बछिया को मारने की सूचना है। फत्तेपुर सहित आस-पड़ोस के गांव में टीम निगरानी कर रही है। ग्रामीणों को सतर्क रहने के लिए कहा गया है।

## कार्डधारकों को नहीं मिल पा रही आवश्यक वस्तुएं

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

विकासखंड मितौली क्षेत्र की ग्राम पंचायत रौतापुर के आवश्यक वस्तु विक्रेता इंद्रपाल राठौर पुत्र काशी राम निवासी कचियानी द्वारा कार्ड धारकों को आवश्यक वस्तुएं पूरी नहीं दी जाती हैं।

कार्ड धारकों को ईपास मशीन पर अंगूठे के निशान तो लगवा दिए जाते हैं परन्तु पर्ची लाभार्थियों को नहीं दी जाती हैं । लाभार्थियों का कथन है जिसका 10 किलो राशन बनता है उसको 9 किलो और जिसका 20 किलो बनता है उसको 18 किलो दिया जाता है।

100 ग्राम प्रति किलो कम पर कांटा भी बांध रखा गया है। इसका विरोध यदि कोई लाभार्थी करता है तब कोटेदार द्वारा धमकी देते हुए कहता है कि जितना देता हूँ उतना लीजिए ,सरकार से हमे कम सामग्री मिलती है। इस तरह ग्रामीणों द्वारा जनहित में कोटेदार द्वारा की जा रही मनमानी के विरोध में बात उठाई गई। इस बारे में जब पूर्ति निरीक्षक से फोन के माध्यम से जानकारी करना चाहा तब फोन उठा नही।

## पीड़ित परिवार और प्रशासन की सहमति के बाद तीसरे दिन मृतक का हुआ अंतिम संस्कार

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस हिरासत में गैंगस्टर की मौत के मामले में मंगलवार की दोपहर बाद गांव पहुंचे शव के बाद स्थित बेहद संवेदनशील हो गई, आक्रोशित ग्रामीणों ने हाइवे जाम करने की कोशिश की, जिसको खुलवाने के लिए पुलिस प्रशासन को ग्रामीणों पर लाठी भी चार्ज करना पड़ा, उसके बाद भी ग्रामीण अपने अपने ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर हाइवे को जाम करने की कोशिश करते रहे, जिसके चलते मझगई थानाध्यक्ष दयाशंकर द्विवेदी की समर्थकों से तीखी नोंक झोंक भी हो गई। और समर्थकों सहित पूरे गांव को मुकदमा लिखकर जेल भेजने और ट्रैक्टर को कनस्टर के भाव बिकवाने की धमकी दे डाली। वहीं पीड़ित परिवार को समझाने पहुंचा सीओ प्रतिनिधि मंडल में सीओ धौरहरा पीपी सिंह ने विवादित बयान देते हुए कहा कि *न तो मझगई थाना सस्पेंड हो, न तो निघासन सस्पेंड हो, न तुझे तीस लाख रुपए दें, तेरे को जितने दिन रखना हो उतने दिन रख ले डेड बॉडी को और यह कहकर उठकर चल दिए, इस बात पर घर में बैठी महिलाएं नाराज हो गई।



अंतिम संस्कार के लिए पुलिस अधिकारियों का परिजनों से वार्ता का क्रम लगातार चलता रहा परंतु अंतिम संस्कार के लिए परिजनों की सहमति नहीं बन पाई। और परिजन अपनी मांगों पर अड़े रहे। बुधवार सुबह भाजपा जिला प्रभारी वासुदेव मौर्य, निघासन नगर पंचायत अध्यक्ष बद्री प्रसाद मौर्य, पूर्व विधायक आरएस कुशवाहा मृतक के गांव हुलासी पुरवा पहुंचकर मृतक रामचंद्र के परिजनों से मिलकर बातचीत की। और अंतिम संस्कार के लिए जिला प्रभारी वासुदेव मौर्य ने परिजनों को 10 रुपए के स्टांप पर लिखित आश्वासन दिया तब जाकर परिजन अंतिम संस्कार के लिए राजी हुए। मृतक के भाई दिनेश ने बताया है कि अंतिम संस्कार के लिए निम्न लिखित शर्तों पर किया गया।

1. ग्रामीणों व पुलिस के द्वारा हुई नोंक-झोंक को लेकर हुये विवाद में पुलिस के द्वारा परिवार व ग्रामीणों पर कोई कार्यवाही नहीं होंगी।
2. जाम लगाने गए वाहनों के ऊपर पुलिस के द्वारा कार्यवाही नहीं होंगी।
3. मृतक के भाई दिनेश पुत्र लालता प्रसाद व वेदराम पुत्र गंगाराम ऊपर लगें मुकदमे होंगे माफ़।।
4. परिवार को सभी प्रशासनिक सहायता व मुख्यमंत्री लाभ पत्नी को सरकारी नौकरी दी जायेगी।।
5. मृतक परिवार को पारिवारिक योजना के तहत लाभ दिलाया जाएगा।

## श्रीकृष्ण व सुदामा की मित्रता हमें सिखाती है कि मित्र से छलकपट नहीं करना

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

सच्चा मित्र मिलना सौभाग्य की बात है, इसलिए सच्चे मित्र से छल कपट और चोरी नहीं करना चाहिए। उक्त उद्गार आचार्य हरिकृष्ण शास्त्री ने व्यक्त किए। स्वामी विवेकानंद बाल उद्यान में श्रीमद्भागवत कथा सुना रहे शास्त्री जी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने कंस के पाप और अत्याचार को नष्ट करने के लिए, कंस का वध करके उसका राजपाट समाप्त कर दिया। राजा के रूप में श्रीकृष्ण द्वारकाधीश बने भगवान के राज में सभी जनता सुखी और भयहीन होकर जीवन व्यतीत करने लगी। सभी खुश और आनंद में थे। राज्य में सभी खुशहाल थे लेकिन उधर भगवान के बचपन के परम मित्र सुदामा की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। कठिनाइयों से दुखी होकर वह पत्नी की जिद पर अपने मित्र द्वारिकाधीश से मदद की इच्छा से मिलने गए। दीन हीन ब्राह्मण वेश में द्वारिका पहुंचने और द्वारपालों द्वारा दरबार में जाने न देने का मार्मिक वर्णन किया। बाद में संदेश पाकर भगवान का अपने मित्र का द्वार पर जाकर स्वागत करना। सपरिवार सुदामा का स्वागत सत्कार के साथ सुंदर आसान व जलपान कराकर आतिथ्य करना।



सुदामा और भगवान के मिलन मार्मिक वर्णन करते कहा कि सच्चा मित्र बड़े सौभाग्य से मिलता है जो बिना स्वार्थ मित्र के लिए सर्वस्व न्योछावर कर देता है। श्री शास्त्री ने कहा मित्र सुदामा भगवान से अपनी इच्छा जिसके लिए वह आए थे वह कह न पाए। प्रभु सब कुछ जान गए और मित्र को सब कुछ दे डाला। मौजूद लोगों से सच्चे मित्र के लिए सद्भाव। से सहयोग करने का संदेश दिया, कहा कि मित्र समान सहयोगी और नहीं हो सकता। अंत में सभी से उन्होंने कहा कि मानव देह प्रभु की विशेष अनुकंपा से मिली है, इसलिए हम सबको जीवों की भलाई के काम करने चाहिए। साप्ताहिक ज्ञानयज्ञ का विश्राम आरती व प्रसाद वितरण के साथ हुआ। इस मौके पर मुख्य यजमान शशिबाला रावड़ा, उषा रावड़ा, अंजू रावड़ा, आदर्श शुक्ला, प्रमिला गुप्ता, अखिलेश मिश्रा, सुमन बाजपेई, शिल्पी, वर्तिका, अनन्या, केके शुक्ल, वीर सिंह, आलोक बाजपेई, सत्येंद्र शुक्ल, मनोज मिश्रा, संतोष सहित विद्यालय का स्टाफ व तमाम महिला पुरुष श्रद्धालु मौलूद थे।

## बाघ ने गाय को बनाया निवाला, ग्रामीणों में दहशत का माहौल

**अमीरनगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

ककरहा वीट के गांव परसपुर के पश्चिम खेत में मंगलवार को अपना निवाला बना डाला। गांव के नजदीक बाघ की दस्तक व मवेशी का शिकार करने के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। सूचना के बाद मौके पर वन अमला पहुंच। मौके पर मौजूद ग्रामीणों की भीड़ को सतर्क रहने की अपील की। प्राप्त जानकारी के अनुसार ककरहा वीट के परसपुर गांव निवासी प्रेम निवास पुत्र हरि मंगलवार सुबह अपने गन्ने के खेत में सिंचाई करने के लिए जीन पाइप बिछाने के लिए घुसा तभी उसकी नज़र खेत में मृत पड़ी गाय पर जिसे देख वह डर कर गांव वापस आकर ग्रामीणों को सूचना दी। बाघ ने अपना शिकार करने के बाद गाय को करीब रोड़ से करीब 250 मीटर घसीट कर ले गया। वहीं गाय के शरीर के पिछले तथा अगले हिस्से का मांस बाघ ने खाया है। मौके पर पहुंचे वन विभाग के अधिकारियों ने गांव के लोगों को शिकार वाले स्थान से दूर रहने की हिदायत दी है। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र के उमरिया, पिपरिया ,मथना के आस पास के खेतों में काफी दिनों से बाघ की चहलकदमी तथा पगचिह्न देखे जा रहे हैं। जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है।बाघ की दहशत का आलम यह है कि किसान अपने खेतो पर नहीं जा पा रहे है जबकि अभी भी गन्ने के खेतो में काफी कृषि कार्य शेष है।



## सभी वर्गों को प्रतिनिधत्व देकर भाजपा ने घोषित किए मंडल अध्यक्षों के नाम

**महोबा।** भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष और जिला प्रतिनिधियों की घोषणा कर दी गई है। मंगलवार देर शाम हुई घोषणा के बाद भाजपाइयों ने जश्न मनाया। समर्थकों द्वारा फूल मालाओं से स्वागत कर मिठाई खिलाई गई। पिछले कई दिनों से भाजपा के मंडल अध्यक्षों को लेकर मंथन चल रहा था। मंगलवार को देर शाम भाजपा के मंडल अध्यक्षों का नाम घोषित किया गया। महोबा विधानसभा के पांच व चरखारी विधानसभा से मंडल अध्यक्षों के नाम घोषित किए गए। खन्ना से ओमकार स्वरूप सोनी मंडल अध्यक्ष, सुखराम श्रीवास्तव जिला प्रतिनिधि, कबरई से धर्मेंद्र सिंह धीरू मंडल अध्यक्ष, कालीचरण रैकवार जिला प्रतिनिधि खरेला से रूद्रप्रकाश शुक्ला मंडल अध्यक्ष व उमेश गुप्ता को जिला प्रतिनिधि घोषित किया गया है। इसी प्रकार महोबा नगर से पुष्पेंद्र गुप्ता को मंडल अध्यक्ष, राजेश चौरसिया को जिला प्रतिनिधि, श्रीनगर से आशीष मिश्रा मंडल अध्यक्ष, डॉ राजेश नामदेव जिला प्रतिनिधि के रूप में घोषित हुए हैं। चरखारी विधानसभा से चरखारी ग्रामीण से पुष्पेंद्र यादव, चरखारी नगर से अमित पटेरिया, कुलपहाड़ से माधव कुशवाहा, अजनर से सुरेंद्र राजपूत, महोबकंठ से आशीष साहू पनवाड़ी से संतोष विश्वकर्मा को मंडल अध्यक्ष घोषित किया गया है।



जबकि रविंद्र प्रजापति, कैलाश ताम्रकार, योगेश मिश्रा, कालका प्रसाद, विक्रम सिंह परिहार व अनुज तिवारी को जिला प्रतिनिधि के रूप में चुना गया है। जिला चुनाव अधिकारी राम निवास यादव द्वारा घोषित सूची के बाद पदाधिकारी में खुशी की लहर दौड़ गई। आतिशबाजी कर नए मंडल अध्यक्षों का स्वागत किया गया। पदाधिकारी ने एक दूसरे को मिठाई वितरित की हालांकि किसी-किसी मंडल अध्यक्ष के नाम पर पदाधिकारी ने आपत्ति दर्ज की है।

## वैश्य समाज ने भामाशाह की प्रतिमा लगाए जाने की मांग की

- पालिकाध्यक्ष को दिया ज्ञापन, समिति ने एक सार्वजनिक स्थल को भामाशाह के नामकरण करने की उठाई मांग

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

श्री हरिद्वारी वैश्य समिति के आह्वान पर बुधवार को शहर की वैश्य समाज द्वारा वैश्य शिरोमणि श्री भामाशाह जी के नाम पर नगर के किसी सार्वजनिक पार्क अथवा चौराहे के नामकरण किए जाने संबंधी एवं श्री भामाशाह जी की प्रतिमा स्थापित किए जाने के लिए अनुमति प्रदान किए जाने संबंधी ज्ञापन पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू को दिया। ज्ञापन में अशोक चौराहे के निकट कोतवाली गेट के पास स्थित पार्क का नामकरण वैश्य शिरोमणि भामाशाह के नाम पर किए जाने का अनुरोध किया गया। जिस पर पलिकाध्यक्ष ने जल्द से जल्द संबंधित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। नगर में भामाशाह की प्रतिमा स्थापित करने के लिए उचित स्थान और अनुमति के लिए शासन स्तर पर की जाने वाली कार्यवाही में सहयोग करने का वादा किया। ज्ञापन देने वालों में श्री हरिद्वारी वैश्य समिति अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता, यज्ञसेनी समाज अध्यक्ष सुधीर गुप्ता बबलू, जायसवाल वैश्य समाज अध्यक्ष अवधेश जायसवाल, बाथम वैश्य समाज से राजेश गुप्ता, शिवगोपाल गुप्ता, सोहन लाल गुप्ता, राम कुमार गुप्ता, वेदप्रकाश गुप्ता, प्रमोद कुमार गुप्ता, अविनाश गुप्ता, प्रेमचंद्र जायसवाल, लक्ष्मीचंद्र शाह, अभिषेक गुप्ता, शिवम गुप्ता, आदेश गुप्ता, देवेश गुप्ता, अंशु गुप्ता, मिथिलेश गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, बीनू गुप्ता, विनोद गुप्ता, सौरभ गुप्ता, सतीश गुप्ता, आशीष गुप्ता, महावीर गुप्ता एवं उपमहामंत्री/ मीडिया प्रभारी आदित्य गुप्ता आदी सहित तमाम सजातीय बंधु उपस्थित रहे।




## भारतीय हिन्दू परिषद के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष का हुआ स्वागत

**बिजुआ खीरी।** तहसील गोला गोकर्णनाथ के कस्बा अलीगंज स्थिति प्राचीन हनुमान मंदिर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास राष्ट्रप्रहरी पवनेश जी महाराज संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय हिन्दू परिषद अंतर्राष्ट्रीय संगठन जिनके आगमन की प्रतीक्षा कर रहे बजरंग सेवा समिति के सदस्यों के द्वारा महराज जी का भव्य स्वागत किया गया बजरंग सेवा समिति के अध्यक्ष के द्वारा बताया गया कि ये कार्यक्रम बजरंग सेवा समिति के तरफ आयोजित किया गया है और कथा व्यास राष्ट्रप्रहरी पवनेश महाराज जी के आगमन से हम सभी अपने को कृतज्ञ मानते है कि महाराज जी ने अपना समय दिया और ये कार्यक्रम 07 जनवरी 2025 से प्रारंभ होके 13 जनवरी 2025 तक चलेगा। बजरंग सेवा समिति के अध्यक्ष ने बताया कि 13 तारीख को विशाल खिचड़ी भोज भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर विनीत पांडे,रामकुमार राठौर, चेतराम राठौर, प्रद्युमन मिश्र, खिलावन राठौर, ओम प्रकाश निषाद, उत्तम तिवारी, प्रवीण गिरि, पप्पू राठौर, रविन्द्र राठौरराम सिंह भारती,राम जी तिवारी, सुमित अवस्थी,बब्बू भारती आदि मौजूद रहे।

# पेड़ी प्रबंधन पर दें ध्यान तो किसान हो जाएंगे मालामाल

- किसान गोष्ठी कर किसानों को दी गई मिल प्रबंधन की तरफ से जानकारी

**ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

ग्राम पंचायत लखपेड़ा में गोविंद शुगर मिल ऐरा खमरिया द्वारा किसान गोष्ठी एवं कृषकों को पेड़ी प्रबंधन का प्रशिक्षण कार्यक्रम कराया गया एवं कृषकों को अपना सम्पूर्ण गन्ना चीनी मिल में आपूर्ती करने से होने वाले लाभ के बारे में बताया गया, गन्ने की दूसरी फसल, जिसे पेड़ी कहा जाता है। इस पेड़ी गन्ने को किसान बोनस मानता है, लेकिन इसकी उचित देखभाल नहीं करता है। अगर उचित देखभाल की जाए तो बेहद कम लागत में तैयार होने वाली पेड़ी गन्ने की फसल किसान को मालामाल कर सकती है।




गन्ना सलाहकार डॉ. फौजिया तरुनुम ने बताया कि मिल क्षेत्र में लगभग 58 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में गन्ने की फसल खड़ी है, जिसमें से 23 हजार हेक्टेयर में पेड़ी की फसल है। किसान पौधे गन्ने में तो अधिक देखभाल करते हैं, लेकिन पेड़ी को एक बोनस फसल समझकर इसकी जरूरी देखभाल नहीं करते, जबकि गन्ने की फसल के लिए भूमि की तैयारी, बीज की तैयारी, बीज यातायात, भूमि एवं बीज उपचार व बीज गन्ना की बुवाई की बचत की दृष्टि से पेड़ी रखना अत्यंत ही लाभदायक है।

**परता बढ़ाने, खांडसारी में पेड़ी का महत्व अधिकः** गन्ना सलाहकार डा. फौजिया तरुनुम ने बताया कि पेराई सत्र की शुरुआत में मिलों में चीनी परता बढ़ाने तथा गुड़ व खांडसारी इकाई में पेड़ी का विशेष महत्त्व है। पेड़ी की पैदावार उचित प्रबंधन न होने से कम होती है, जबकि पेड़ी के गन्ने से पौधे गन्ने की अपेक्षा लागत 30-40 प्रतिशत कम होती है।

**इन दवाओं का करें प्रयोगः** पेड़ी गन्ना फसल में काला चिकटा, दीमक एवं बोरर के प्रकोप को रोकने के लिए क्लोरपायरीफास 20 ईसी 4 लीटर हेक्टेयर की दर से 800-1000 लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करना चाहिये। पेड़ी गन्ने पर एनपीके 18:18:18 तथा ईमिडाक्लोरपिड का छिड़काव भी अधिक लाभदायक रहता है।

**किराए पर ले सकते मशीनः** पेड़ी प्रबंधन में काम आने वाली मशीन रैटून मैनेजमेंट डिवाइस को गन्ना विकास समिति ऐरा, से कम किराये पर भी ले सकते हैं। इस मौके पर ग्राम प्रधान राजकुमार तिवारी सहित गन्ना सलाहकार डॉ फौजिया तरुनुम, सहायक महाप्रबंधक गन्ना अजीत सिंह, वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक अजीत वर्मा, गन्ना प्रबंधक धीरज सिंह, सहायक गन्ना प्रबंधक दिनेश सिंह, सहायक गन्ना विकास अधिकारी अम्बुज सिंह एवं समस्त किसान मौजूद रहे।

### पेड़ी गन्ने की उपज बढ़ाने के टिप्स

- गन्ने की कटाई जमीन से सटाकर करनी चाहिये।
- सिंचाई के बाद ओट आने पर लाइनों के बीच हल चलाएं।
- रैटून मैनेजमेंट डिवाइस का प्रयोग करने पैदावार बढ़ेगी।
- पेड़ी फसल को 25 प्रतिशत अधिक नाइट्रोजन देना पड़ता है।
- 10-15 दिन के अंतराल पर सिंचाई करते रहना चाहिए।




## अलौकिक अनुभूति के लिए आएं महाकुम्भ नगर

• 4,000 हेक्टेयर में विस्तृत • 25 सेक्टर में सुव्यवस्थित • 1,850 हेक्टेयर में पार्किंग • 1,50,000 शौचालय • 1,60,000 सुसज्जित टेंट • 67,000 एलईडी स्ट्रीट लाइट • 2 नए विद्युत सब स्टेशन • 66 नए विद्युत ट्रांसफॉर्मर • 2,000 सोलर हाइब्रिड स्ट्रीट लाइट • 1,249 किमी पेयजल पाइपलाइन • 200 वाटर एटीएम • 85 नलकूपों की स्थापना • 7,000 बस का बेड़ा • 550 शटल बस का बेड़ा • 7 नए बस स्टॉप • 30 पाण्टून ब्रिज (400 किमी में) • 9 पक्के घाटों की स्थापना • 7 रिवर फ्रंट रोड • 12 किमी में अस्थायी घाट • 14 नए फ्लाईओवर एवं अंडरपास • 11 नए कॉरिडोर का विकास • 3,000 स्पेशल सहित 13,000 रेल गाड़ियां • प्रयागराज एयरपोर्ट पर नया टर्मिनल

### स्वस्थ महाकुम्भ
- सरकारी/प्राइवेट अस्पतालों में 6,000 बेड तैयार
- मेला क्षेत्र में 43 अस्पताल, 381 चिकित्सक तैनात
- 125 रोड, 7 रिवर एवं एक एयर एम्बुलेंस तैनात
- शहर के अस्पतालों में अतिरिक्त 6,000 बेड आरक्षित

### स्वच्छ महाकुम्भ
- 850 समूहों में 10,200 स्वच्छताकर्मियों की तैनाती
- स्वच्छता निगरानी के लिए 1,800 गंगादूतों की तैनाती
- 25,000 लाइनर बैगयुक्त डस्टबिन, 300 सक्शन गाड़ियां
- जीपीएस से लैस 120 टिपर-हापर और 40 कॉम्पेक्टर ट्रक

### सुरक्षित महाकुम्भ
- 37,000 पुलिसकर्मी एवं 14,000 होमगार्ड की तैनाती
- 2,750 एआई बेस्ड सीसीटीवी एवं 80 वीएमडी टीवी स्क्रीन
- 3 जल पुलिस स्टेशन, 18 जल पुलिस कंट्रोल रूम, 50 फायर स्टेशन
- 50 फायर स्टेशन, 20 फायर पोस्ट, 50 वॉच टावर, 4,300 फायर हाइड्रेंट

### प्रमुख आकर्षण

• श्रद्धालुओं-पर्यटकों की मदद के लिए ट्रैवल गाइड • मार्गदर्शन के लिए कुम्भ सहायक AI चैटबॉट • मानसिक शांति के लिए बर्ड साउंड थेरेपी • देशभर के हस्तशिल्पियों/कारीगरों का संगम • संगम में श्रद्धालुओं को बोट राइड की सुविधा • वेदों-पुराणों की कथा का बखान करते चौराहे • सांस्कृतिक मंचों पर गायन/वादन/नृत्य प्रस्तुतियां • प्रत्येक दिशा में वाहन पार्किंग की उत्तम व्यवस्था • प्रत्येक पॉइंट पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती • हाईवे के थानों पर भी चिकित्सा सुविधा

आकस्मिक सेवाएं
आवास एवं आहार
मेला प्रशासन
यूपी की उपलब्धियां

कुम्भ सहायक चैटबॉट हेतु QR कोड स्कैन करें

कुम्भ सहायक
वाट्सऐप नं. 8887847135
पर 'नमस्ते' भेजें



सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश | UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP mahakumbh_25/ upmahakumbh MahaKumbh_2025 https://kumbh.gov.in/

# पुलिस महानिरीक्षक ने भारत-नेपाल सीमा सुरक्षा का लिया जायजा

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।



पुलिस महानिरीक्षक, देवीपाटन परिक्षेत्र अमित पाठक द्वारा भारत-नेपाल सीमा रुपईडीहा में पुलिस अधीक्षक बहराइच के साथ भारत-नेपाल सीमा पर फ्लैग मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया एवं इमीग्रेशन चेक पोस्ट पर समस्त सुरक्षा एजेंसियों के साथ की गई समन्वय बैठक कर आवश्यक निर्देश दिये गये।

बुधवार को पुलिस महानिरीक्षक, देवीपाटन परिक्षेत्र श्री अमित पाठक द्वारा महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत भारत-नेपाल सीमा की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया व इंडो-नेपाल सीमा पर एसएसबी व अन्य सुरक्षा एजेन्सियों के अधिकारियों के साथ पैदल गश्त किया गया। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्र रुपईडीहा चेकपोस्ट व क्व्हक्क निविया का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया व इमीग्रेशन चेकपोस्ट रुपईडीहा का भी निरीक्षण किया गया महोदय द्वारा नेपाल से भारत आने वाले व्यक्तियों, वाहनों और उनके सामानों की जांच के लिए स्थापित मशीनों और उपकरणों का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षणोपरान्त महोदय की अध्यक्षता में एसएसबी के अधिकारियों, पुलिस विभाग एवं समस्त अन्य सुरक्षा एजेन्सियों के उच्चाधिकारीगण के साथ समन्वय बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान अधिकारियों को सुरक्षा प्रक्रिया में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। साथ ही महाकुंभ-2025 के दृष्टिगत सीमा क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने पर विशेष ध्यान दिया गया। उन्होंने सीमा सुरक्षा को और मजबूत करने हेतु एसएसबी, पुलिस बल व सुरक्षा एजेन्सियों के मध्य समन्वय को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। सभी विभागों को आपसी सहयोग एवं जानकारी साझा करते हुए संयुक्त कार्यवाही सुनिश्चित करने एवं सीमा पर तैनात सभी अधिकारी-कर्मचारी को यह सुनिश्चित करने के लिये कि किसी प्रकार की अवांछनीय गतिविधियां भारत-नेपाल सीमा पर न पनपने पाए तथा मादक पदार्थों की तस्करी, मानव तस्करी एवं अन्य राष्ट्रविरोधी गतिविधियों पर प्रभावी रोकथाम के लिए सतर्कता बरतने हेतु निर्देशित किया गया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक बहराइच व अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# जबरन जमीन पर कब्जा कर रहे दबंग, पीड़ित ने लगाई गुहार

▸ प्रार्थीगण के सहन पर स्थित बाबादी की भूमि जबरियन कब्जा करके उस पर निर्माण कर लेंने के फिराक में रहते हैं

गोन्डा ,समृद्धि न्यूज़।



जनपद में जहां जिलाधिकारी के प्रयास से कई गांव वाद मुक्त हो गये तो वही कुछ जगहों पर जमीनों के मामले उठते नजर आ रहे हैं। हाल ही में गोन्डा जनपद के तहसील सदर अन्तर्गत ग्राम रामनगर तरहर (सुर्तीपुरवा) के निवासी पीड़ित ओंकार नाथ तिवारी ने एसडीएम अवनीश त्रिपाठी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित ओंकार नाथ तिवारी ने शिकायती पत्र के द्वारा आरोप लगाया है कि मकान के सामने पुरानी आबादी की भूमि है। उक्त आबादी की भूमि पर प्रार्थीगण पूर्वजीय जमाने से मालिक काबिज चले आ रहे हैं।उसी भूमि में प्रार्थीगण का घूर,कण्डौर,चरनी है,तथा प्रार्थीगण के पशु बांधे जाते हैं, उसी आबादी की भूमि में प्रार्थीगण का रहन-सहन है। प्रार्थीगण के गांव के शिवशंकर जो एक दबंग व्यक्ति हैं,उनका उठना-बैठना अराजक तत्वों के साथ है और वे राजनैतिक पहुंच वाले व्यक्ति हैं,जिससे स्थानीय थाने पर उनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं होती है। विपक्षी अपने मेली मददगारों की सहायता से प्रार्थीगण के सहन पर स्थित उनकी आबादी की भूमि को जबरियन कब्जा करके निर्माण कर लेना चाहते थे,तो प्रार्थीगण द्वारा एक मुकदमा सामान्य वाद संख्या-2/2025 ओंकारनाथ आदि बनाम शिवशंकर दीवानी न्यायालय में चल रहा है,जो न्यायालय पर विचाराधीन है,उसके बावजूद भी विपक्षी बार-बार धमकियां दे रहे हैं,वे कभी-कभी अपने मेली मददगारों की सहायता से प्रार्थीगण के सहन पर स्थित बाबादी की भूमि जबरियन कब्जा करके उस पर निर्माण कर लेंने के फिराक में रहते हैं। पीड़ित को न्याय की आशा है।

## युवा लें लाभ मुख्यमंत्री युवा उद्यमी में करें आवेदन

गोन्डा ,समृद्धि न्यूज़। जनपद में चल रहे सरकार की महत्वपूर्ण योजना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी के तहत नियमानुसार शर्तों को पूरा करते हुए लोन लेकर स्वरोजगार से युवाओं को जोड़ने की हर सम्भव प्रयास कर रहे है। जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र के उपायुक्त बाबू राम ने यह भी जानकारी दी। उन्होंने कहा की अब वह व्यक्ति भी स्वारोजगार हेतु लोन के लिए आवेदन कर सकता है जिसके पास प्रमाण पत्र नहीं। उपायुक्त उद्योग ने कहा कि प्रमाण पत्र की बाध्यता को खत्म कर दिया गया है।युवाओं को स्वरोजगार के लिए भटकने की जरूरत नही है पहले आवेदन करके पहले लाभ ले और स्वरोजगार करे।अगर युवाओं को आवेदन सम्बन्धित कोई अन्य जानकारी चाहिए तो किसी भी कार्य दिवस में जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र-गोन्डा कार्यलय पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# सभी विधानसभा क्षेत्रों की सर्विस मतदाता सूची का हुआ अंतिम प्रकाशन



गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।

जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों की सर्विस मतदाताओं से संबंधित निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन मंगलवार 7 जनवरी 2025 को सफलतापूर्वक कर दिया गया। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि विधानसभा क्षेत्रों क्रमशः 295-मेहनौन, 296-गोंडा, 297-कटरा बाजार, 298-करनैलगंज, 299-तरबगंज, 300-मनकापुर (अजा) और 301-गौरा की मतदाता सूची को संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के कार्यालय एवं पदाभिहीत स्थलों पर प्रकाशित किया गया है। यह कार्य भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप किया गया है, जिसमें अर्हता तिथि 1 जनवरी, 2025 के आधार पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद सर्विस मतदाताओं से जुड़ी सूचियों के प्रकाशन का निर्देश दिया गया था।

# प्रधानाचार्यो-प्रधानाध्यापको की हुई विभागीय समीक्षा बैठक

▸ बोर्ड परीक्षा की तैयारी आदि विभिन्न अकेडमिक बिन्दुओं पर की गयी चर्चा

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।




संयुक्त शिक्षा निदेशक पाटन मण्डल ओम प्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय सभागार गोण्डा में समस्त माध्यमिक विद्यालयो के प्रधानाचार्यो/प्रधानाध्यापको की विभागीय समीक्षा बैठक आहूत की गयी और निम्न कार्यक्रमो की समीक्षा की गयी। जिसमे मुख्य रूप से परीक्षा पर चर्चा,अपार- आई.डी.,राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह,समग्र शिक्षा की विभिन्न योजनायें, उपचारात्मक प्रशिक्षण, प्रधानाचार्यो का नेतृत्व क्षमता प्रशिक्षण ,कला उत्सव,समृद्धि प्रोग्राम, माध्यमिक विद्यालयो में हालवृत्ति की स्थिति,प्रोजेक्ट अलंकार (राजकीय/सहायता प्राप्त विद्यालय), बोर्ड परीक्षा की तैयारी आदि विभिन्न अकेडमिक बिन्दुओं पर चर्चा की गयी।

इस बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक जनपद- गोण्डा डॉ. रामचन्द्र एंव जिला समन्वयक उत्तम कुमार मल्ल (समग्र शिक्षा एंव राजकीय इंटर कालेज प्रधानाचार्य शैलेस पटेल, गीता त्रिपाठी,धर्मवीर सिंह,सहदेव सिंह, मेजर राजेश द्विवेदी, अवध शरण मिश्रा सहित गोण्डा जनपद के समस्त प्रधानाचार्य उपस्थित रहें। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मानसिक बीमारियों के विषय पर विस्तृत जानकारी दी गयी साथ ही निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

# भाजपा जिलाध्यक्ष के लिए 13 सदस्य के लिए नामांकन दाखिल

बहराइच ,समृद्धि न्यूज़।

▸ चुनाव अधिकारी नरेंद्र सिंह व राहुल प्रताप सिंह के देखरेख में संपन्न हुआ नामांकन कार्य

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित संगठन पर के निमित्त बुधवार को जिलाध्यक्ष चुनाव को लेकर नामांकन का कार्य जिला चुनाव अधिकारी नरेंद्र सिंह एवं चुनाव अधिकारी राहुल प्रताप सिंह के देखरेख में संपन्न हुआ।

इस दौरान चुनाव पर्यवेक्षक शेषनाथ आचार्य उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष पद पर 13 नामांकन व प्रदेश परिषद सदस्य के लिए 14 नामांकन दाखिल किया गया। जिलाध्यक्ष के लिए बृजेश पांडे,हरिश चंद्र गुप्ता,रणविजय सिंह,चंद्रभान सिंह,सच्चिदानंद पाठक,धीरेंद्र मोहन आर्य, प्रशांत मिश्रा कुशल,जितेंद्र कुमार सिंह, संजय कुमार राव,अजय कुमार सिंह, नन्हेंलाल लोधी,सुवेद वर्मा, राहुल राय ने नामांकन किया। वही प्रदेश परिषद के लिए डॉ जितेंद्र कुमार त्रिपाठी, निशंक त्रिपाठी,उर्मिला शुक्ला, पवन कुमार वर्मा,कृष्ण मोहन गोयल, जितेंद्र कुमार,श्रवण मित्तल, आनंद प्रकाश श्रीवास्तव, घनश्याम सिंह चौहान,आलोक अग्रवाल,संजय कुमार त्रिवेदी,एकता जायसवाल, कमलेश कुमार त्रिपाठी, प्रमोद कुमार आर्य ने नामांकन दाखिल किया।

# मवेशी से टकराकर पलटी बाइक, एक की मौत

▸ ससुराल जा रहा था युवक, किशोर की हालत गंभीर जिले में कोहरे के चलते हुआ हादसा

बहराइच ,समृद्धि न्यूज़।



जिले के रानीपुर इलाके में मंगलवार की देर रात कोहरे के चलते एक बाइक सड़क पर खड़े मवेशी से टकरा गई।

हादसे में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से दोनों को मेडिकल कॉलेज भेजा, जहां पर डॉक्टरों ने परिक्षण के बाद एक युवक को मृत घोषित कर दिया दूसरे का इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हुजूरपुर थाना क्षेत्र में स्थित जगतापुर गांव के रहने वाले राकेश (25) गांव के ही रहने वाले कपिल (12) के साथ बाइक से मंगलवार की देर रात करीब 10 बजे अपनी ससुराल चेत्तुपुरवा जा रहा था। जब वो रानीपुर थाने के पास पहुंचे तभी कोहरे के कारण बाइक बीच सड़क पर खड़े मवेशी से टकरा गई। हादसे की सूचना पर रानीपुर पुलिस ने मौके पर घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भिजवाया। जहां पर चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद राकेश को मृत घोषित कर दिया वही कपिल का इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी ने बताया कि सड़क हादसे में एक युवक की मौत हुई है और एक किशोर घायल है। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# महाकुम्भ मेला के लिए जनपद को आवंटित हुआ 70 बसों का बेड़ा

बहराइच ,समृद्धि न्यूज़।

▸ एकमुश्त 50 यात्रियों की बुकिंग पर दो यात्रियों को निःशुल्क सुविधा

13 जनवरी से प्रारम्भ हो रहे महाकुम्भ मेले के सफल संचालन के लिए अनुसगिंग व्यवस्थाओं एवं मेले में आने वाले श्रद्धालुओं, यात्रियों, पर्यटकों को सुगम एवं सुचारू परिवहन व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए महाकुम्भ मेला 2025 में बहराइच डीपो को 70 बसों का आवंटन निर्धारण किया गया है।

70 बसों में 30 विशेष कलर की बसों का आवंटन जनपद बहराइच में प्राप्त हुआ है। इन बसों का रूट पयागपुर, मिहींपुरवा, विशेश्वरगंज, महसी, नानपारा, कैसरगंज, गंगवल बाजार एवं हुजूरपुर से 02-02 बसें संचालित की जायेगी। यह जानकारी देते हुए सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक बहराइच ने बताया कि उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा महाकुम्भ मेले के लिए निगम बसों में किसी भी यात्री/ग्राम प्रधान/प्रेरक द्वारा अपने समूह के लिए बुकिंग स्थल से गन्तव्य स्थल प्रयागराज तक अथवा वापसी ट्रिप के लिए एक मुश्त 50 यात्रियों की अग्रिम बुकिंग कराने की स्थिति में उक्त यात्री/ग्राम प्रधान/प्रेरक को बुकिंग स्थल से गन्तव्य स्थल तक दो यात्रियों का बिना किराया भुगतान किये (फ्री) यात्रा करने की सुविधा अनुमन्य होगी।

# धनुष यज्ञ की कथा सुन भावुक हुए श्रोता

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।



आवास विकास स्थित दुर्गा पार्क पर नववर्ष के उपलक्ष में नव दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन किया गया।

मंगलवार को सातवें दिन कथा व्यास श्रद्धेय श्री अटल जी महाराज ने कहा कि सवको विश्वास हो गया कि यह धनुष भयंकर है। पूरी सभा स्तब्ध हो गई अब क्या होता है। इसे देखने के लिए सभी आतुर हो गये समय आ गया है ऐसा जान कर विश्वामित्र जी ने रघुनाथ जी आज्ञा हुई राम जी उठकर खड़े हुए श्रीराम चन्द्र जी धीरे- धीरे धनुष के पास आये और धनुष को वंदन करके अनाथास ही उठा लिए, जिस प्रकार बिजली चमकता है उसी प्रकार चमकती हुई धनुष के दो टुकड़े हो गये, और अति आनन्द से भगवान श्रीराम जी का विवाह सीता माता के साथ हुआ।और तब सभी हर्ष से पुलकित हो गये। भगवान श्री राम के विवाह पर भक्तों ने खूब झूमा। अभिनव शुक्ला और आराध्या वर्मा भगवान राम सीता की भूमिका में रही।

कथा के समापन पर आरती हुई और प्रसाद वितरण हुआ। ये कार्यक्रम सनातन प्रतिष्ठा जागरण मंच के तत्वाधान में किया जा रहा है जिसमें मुख्य यजमान श्री हनुमान जी महाराज स्वयं है। कथा के दौरान मनमोहन शास्त्री ,डिप्टी जेलर शैलेन्द्र वर्मा, प्रधानाचार्य डॉ शिवानन्द (नंदू), दुर्गा प्रसाद गुप्ता, अनूप कुमार कुशवाहा, अनिल तिवारी,बीनू कुशवाहा,अंतरिक्ष पांडे, राम उदित सिंह, आलोक कुमार सिन्हा , भानू सिंह ,एस.एन.शर्मा ,घनश्याम तिवारी, रणविजय सिंह अनिल कुमार सिंधी,विवेक गुप्ता,राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय,किसलय तिवारी, कृष्णा कली कुशवाहा, सूरजमुखी सिंह, सीता गुप्ता ,सुनीता गुप्ता, संध्या यादव,पूनम मिश्रा, रश्मि पांडेय,रेनू ओझा,वृज कुमारी मिश्रा सहित भक्त मौजूद रहे।

## रस्म परचम कुसाई और खुद्दाम की दस्तार से होगा

बहराइच। समृद्धि न्यूज़। विश्व प्रसिद्ध सूफी बुजुर्ग हजरत सैय्यद सालार मसूद गाज़ी (रह0 ) के 1022 वें 06 दिवसीय उर्स मुबारक का आगाज़ 12 जनवरी रविवार को रस्म परचम कुसाई और खुद्दाम की दस्तार (पगड़ी ) से होगा।दरगाह प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष बक़ा उल्ला ने बताया कि श्रद्धा ,प्रेम और एकता की प्रतीक आस्ताना हजरत सैय्यद सालार मसूद गाज़ी पर 12 जनवरी रविवार से 16 जनवरी गुरुवार तक आयोजित 06 दिवसीय उर्स शरीफ कार्यक्रम का शुभारंभ सैकडों वर्षों से चली आ रही परम्परानुसार इस वर्ष भी रविवार सुबह 08 बजे कुरआन खुवानी व मीलाद के उपरान्त नाल दरवाजा के सामने आयोजित कार्यक्रम रस्म खुद्दाम व सदस्यों की दस्तार (पगड़ी ), क़व्वाली और परचम कुसाई से होगा।

# मंडल में वसूली में प्रथम आया बहराइच

▸ ओटीएस योजना के तहत 48 लाख की हुई वसूली, अभी जिले में चल रहा अभियान

बहराइच ,समृद्धि न्यूज़।



**मंडल में हुए पंजीयन एक नजर में**

| | |
|---|---|
| श्रावस्ती | 32 |
| बलरामपुर | 173 |
| गोंडा | 155 |
| बहराइच | 186 |

सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय की ओर से ओटीएस योजना के तहत वाहन स्वामियों से बकाया के लिए वसूली अभियान चलाया गया। जिसमें पूरे मंडल में बहराइच को पहला स्थान मिला है। श्रावस्ती मंडल में सबसे नीचे है। प्रदेश सरकार के परिवहन विभाग की ओर से वाहन स्वामियों का बकाया जमा करने के लिए ओटीएस योजना लागू की गई है। इस योजना के तहत वाहन स्वामियों को पंजीकरण कराने के बाद बिना ब्याज के शत प्रतिशत का लाभ मिलना है। इसके तहत दो सप्ताह में जिले के 186 वाहन स्वामियों ने सहायक संभागीय परिवहन विभाग के पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराया। इसके बाद सभी ने बकाया वाहनों की राशि जमा की। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि 186 वाहन स्वामियों की ओर से कुल 48 लाख एक हजार रूपये जमा किया गया है। वही गोंडा में 153 वाहन स्वामियों का 41 लाख 93 000, श्रावस्ती में 30 वाहन स्वामियों ने 12.73 लाख और बलरामपुर में 165 वाहन स्वामियों ने 33.72 हजार रुपए जमा किया है। एआरटीओ ने बताया कि पूरे मंडल में बहराइच वसूली में अभी तक प्रथम आया है। उन्होंने बताया कि अभी भी योजना चल रही है। लोग बकाया जमा करने के लिए वाहनों का पंजीकरण करवा रहे हैं।

# आदर्श समाज सेवा समिति ने समस्याओं को लेकर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

बहराइच ,समृद्धि न्यूज़।



विकास खंड नवाबगंज क्षेत्र मे मूल भूत समस्याओ से आम जनमानस परेशान है। जिसका निदान जनहित मे अत्यंत आवश्यक है। क्षेत्र के विभिन्न समस्याओ के निदान हेतु जनपद की अग्रणी समाज सेवी संस्था आदर्श समाज सेवा समिति द्वारा समिति अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष मिश्रा के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी को सम्बोधित नौ सूत्रीय मांगपत्र जिलाध्यक्ष विनोद गिरि एवं ब्लॉक अध्यक्ष रामदीन गौतम की अगुवाई मे खंड विकास अधिकारी नवाबगंज को सौंपा गया।

खंड विकास अधिकारी नवाबगंज प्रतिनिधि के रूप मे अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा विकास राव को दिये मांगपत्र मे आदर्श समाज सेवा समिति इकाई बहराइच द्वारा क्षेत्रीय किसानों के हित मे घूम रहे छूटा जानवरो से बर्बाद हो रही फ़सल व सड़को पर आयेदिन हो रही दुर्घटना से निजात, अघोषित विजली कटौती, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा मे दाँत चिकित्सक की नियुक्ति सहित निशुल्क जांच सुविधा बहालीं, भीषण शीतलहर को देखते हुए चौक चौराहो तथा सार्वजनिक स्थलों पर अलाव एवं असहाय, जरुरतमंदो को प्रशासन द्वारा कम्बल वितरण कराये जाने, नवाबगंज क्षेत्र के अंतर्गत सरकारी भूमि तालाब, चकमार्ग, खलिहान,चर्सरा,क़स्बा नवाबगंज, बाबागंज, बाबाकुट्टी, बरवालिया, जमोग व रूपईडीहा के विभिन्न मेडिकल स्टोरो पर बिक रही अवैध नशीली दवाओं पर पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध लगाते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही, बीआरसी बाबागंज मे पेयजल की व्यवस्था, गरीब व पात्र व्यक्तियों को प्रधानमंत्री आवास दिलाने के साथ चरदा मोड़ तिराहा बाबागंज पर अराजक तत्वों द्वारा बनी नाली को पाट दिया गया है, जिसको तत्काल सही कराए जाने की मांग की गई। इस मौके पर समिति ब्लॉक अध्यक्ष रामदीन गौतम ने बताया कि समय रहते अगर समस्याओ का निदान जिम्मेदारो द्वारा नहीं किया गया तो समिति आंदोलन के लिए बाध्य होंगी जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बंधित विभाग की होंगी। इस मौके पर समिति अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष मिश्रा, संगठन मंत्री बद्रीसिंह, कौशलेन्द्र भूषण पाण्डेय, रामबरन वर्मा,अब्दुल अजीज, अरुण सिंह,मतलू खान,राजेंद्र मिश्रा,रामसूरत यादव,सत्यदेव साहू, शमीम अहमद,मो साहबू, अम्बर लाल वर्मा सहित सैकड़ो पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मनरेगा योजना में शासकीय धन के दुरूपयोग पर प्रशासन सख्त

▸ दो महिला मेट व 01 तकनीकी सहायक की सेवाएं समाप्त,ग्राम विकास अधिकारी हुए निलम्बित

बहराइच ,समृद्धि न्यूज़।



जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र द्वारा विगत दिवस विकास खण्ड नवाबगंज अन्तर्गत ग्राम पंचायत शिवपुर मोहरनिया में मनरेगा योजनान्तर्गत पिल्लू के खेत से मेलाराम के खेत तक मिट्टी पटाई कार्य तथा ग्राम पंचायत माधौपुर निदौना में मनरेगा योजनान्तर्गत ही पहलवान के खेत से जंगल तक मिट्टी पटाई कार्य का औचक स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शासकीय धन का दुरूपयोग पाये जाने पर 01 ग्राम विकास अधिकारी को निलम्बित किया गया एंव 02 महिला मेट व 01 तकनीकी सहायक की सेवाएं समाप्त की गयी। ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी व तकनीकी सहायक के विरूद्ध थाना रूपईडीहा में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है तथा शासकीय धन की वसूली के लिए कार्यवाही भी प्रारम्भ हो गयी है। खण्ड विकास अधिकारी की आख्या के अनुसार ग्राम पंचायत-शिवपुर मोहरनिया में पिल्लू के खेत से मेलाराम के खेत तक मिट्टी पटाई कार्य के लिए 05 दिसम्बर से 18 दिसम्बर 2024 तक 22 श्रमिको को 14 दिवस का रोजगार देते हुए रू. 72,996=00 एवं 19 दिसम्बर 2024 से 01 जनवरी 2025 तक 74 श्रमिकों को 14 दिवस का रोजगार देते हुए रू. 2,42,451=00 इस प्रकार कुल धनराशि रू. 3,15,447=00 का व्यय हुआ है। जबकि स्थलीय निरीक्षण के समय कार्य होना नहीं पाया गया। इसी कार्य पर 04 जनवरी से 17 जनवरी 2025 तक 59 श्रमिकों का 14 दिवस का मस्टररोल जारी कराया गया है। जिस पर महिला मेट श्रीमती सुमन द्वारा पुनः शासकीय धन के दुरूपयोग के उद्देश्य से फर्जी तरीके से एन.एम.एम.एस. पर फोटो भी अपलोड की गयी है। स्थलीय निरीक्षण में शासकीय धन रू. 3,15,447=00 का फर्ज़ीवाड़ा मिलने पर सीडीओ श्री चन्द्र के निर्देश पर मनरेगा गाइड-लाइन के अनुसार थाना-रूपईडीहा में ग्राम प्रधान-शिवपुर मोहरनिया श्रीमती प्रीति, तकनीकी सहायक उपेन्द्रनाथ व ग्राम विकास अधिकारी रोहित कुमार के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता-2023 की धारा 316(5) के अन्तर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराते हुए ग्राम विकास अधिकारी रोहित कुमार को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है। साथ ही साथ महिला मेट सुमन व तकनीकी सहायक उपेन्द्रनाथ की सेवायें तत्काल प्रभाव से समाप्त करने तथा ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी व तकनीकी सहायक प्रत्येक से समानुपातिक आधार पर कुल शासकीय धन की वसूली करने का निर्देश दिया गया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत-माधौपुर निदौना में मनरेगा योजनान्तर्गत पहलवान के खेत से जंगल तक मिट्टी पटाई कार्य के निरीक्षण में पाया गया।

**दो दिवसीय अखिल भारतीय विराट कुश्ती दंगल का हुआ समापन**

# नेपाल के थापा व गोंडा की शिंवागी ने जीती कुश्ती

बहराइच ,समृद्धि न्यूज़।



फखरपुर के रामलीला मैदान में चल रहे दो दिवसीय अखिल भारतीय विराट कुश्ती दंगल के दूसरे दिन हरियाणा पंजाब व नेपाली पहलवानों का दबदबा रहा।

कुश्ती प्रतियोगिता में देश के नाम चीन स्थानों के पहलवानों दंगल मे दर्शकों जोश भर दिया। दंगल में मुख्य अतिथि फखरुद्दीन खान प्रॉपर्टी डीलर रहे। दंगल में वसी अहमद ठेकेदार ने दिल्ली के मोंटी पहलवान पंजाब के विक्की पहलवान का हाथ मिलवाया इसमे पंजाब की विक्की पहलवान ने मोंटी पहलवान को पटकनी दिया। इसके बाद पंजाब की कलुआ पहलवान व नेपाल के लकी थापा में जबरदस्त कुश्ती हुई नेपाल की लकी थापा ने जीत दर्ज किया। सहारनपुर के चौधरी मोहम्मद वकार व चंदीगढ के सोनू पहलवान के बीच कुश्ती हुई जिसमें निर्धारित समय मे दोनो की बराबरी पर कुश्ती हुई ।इसी के उत्साह में चंडीगढ़ के सोनू पहलवान व नेपाल के लकी थापा के बीच जबरदस्त कुश्ती हुई। रोमांचक कुश्ती में थापा पहलवान सोनू पहलवान को हराया। कुश्ती के दौरान उत्साहित पब्लिक बैरीगेंटिंग तोड अंदर घुस गई मौजूद पुलिस कर्मियों व कमेटी पदाधिकारियों के कडे मशक्कत के बाद कुश्ती कुछ देर बाद शुरु हो पाई। इस मौके पर दंगल कमेटी के संरक्षक वाशी अहमद ठेकेदार, प्रबंधक रईस अहमद पहलवान, अध्यक्ष मौलाना सरवर कासमी, उपाध्यक्ष मन्नान खान, वाजिद खान, सईद खान,सालिम अंसारी, अनिल खान, इकराम अली, सिराज खान, बबलू खान, शकील शेख समेत अन्य मौजूद रहे।

# श्रमिक की ईंट से कूचकर हत्या, लोगों में आक्रोश

- श्रमिक की हत्या से नाराज ग्रामीणों ने सड़क किया जाम

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**





एक अधेड़ व्यक्ति का शव दुकान के बाहर मिलने से हड़कंप मच गया।जिसके बाद नाराज ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल कर जाम खुलवाया।बताया जा रहा मृतक दिहाड़ी मजदूर का कार्य करता था। मामला सलोन कोतवाली क्षेत्र के उमरन बाजार का हैं। जहां के रहने वाले रामखेलावन (50)पुत्र बदलू गांव में मजदूरी करता था।मंगलवार शाम को गेहूं की सिंचाई कर घर लौटे थे।इसके कुछ देर बाद घर से बाजार जाने की बात कह कर गए।वापस न आने पर परिजनों ने तलाक शुरू किया।लेकिन कोई सुराग नही लगा। बुधवार सुबह उमरन बाजार में एक दुकान के सामने खून से लथपथ शव मिला।जिसके पास एक चाकू पडा था।परिजनों ने धारदार हथियार से हत्या की अशंका जाहिर की।घटना से नाराज़ ग्रामीणों ने लाठी डंडा लेकर सलोंन ऊंचाहार मार्ग जाम कर हंगामा कर दिया। पुलिस ने काफी समझा बुझाकर कार्रवाई के अश्वासन पर ग्रामीण शांत हुए। अपर पुलिस अधीक्षक संजीव सिन्हा ने बताया अनहोनी की आशंका से मानसिक रूप से कमजोर राहुल नाम के व्यक्ति ने कुल्हाड़ी से वार हत्या कर दी। जिसको गिरफ्तार कर लिया गया हैं।

**एक सप्ताह के अंदर दो हत्याओं से ग्रामीणों में आक्रोश:** एक सप्ताह के अंदर लगातार दो हत्याओं से आक्रोशित ग्रामीणों ने परिजनों के साथ सलोन-ऊँचाहार मार्ग जाम कर दिया। पुलिस के खिलाफ आक्रोश जताते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया। वहीं घटना की सूचना पर एडिशनल एसपी संजीव कुमार सिन्हा, सीओ प्रदीप कुमार और कोतवाल जेपी सिंह मौके पर पहुंच गए। काफी समझाने के बाद भी ग्रामीण जाम हटाने को तैयार नहीं हुए। समाचार लिखने तक हंगामा एडिशनल स्पीकर कहना है की घटना की जांच कराई जा रही है, जो भी तक सामने आएगा उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# महाकुंभ को लेकर अलर्ट मोड पर प्रशासन

- लखनऊ-प्रयागराज हाईवे पर रहेगी पुलिस की पैनी नज़र
- ओवरस्पीडिंग करने वालों की खैर नहीं, होगा चालान
- एक चार पहिया और चार दो पहिया वाहनों को एसपी ने दिखाई हरी झंडी

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**



महाकुंभ को लेकर प्रदेश सरकार एक्शन मोड पर है। श्रद्धालुओं को मुसीबतों का सामना न करना पड़े इसलिए तरह-तरह के प्रयास किए जा रहे है। महाकुंभ के दौरान हाइवे में तैनात रहने के लिए बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी ने एक चार पहिया वाहन और चार दो पहिया वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने बताया कि कुंभ मेला के दौरान एक चारपहिया वाहन और चार दोपहिया वाहनों को लखनऊ प्रयागराज हाईवे में तैनात किया जाएगा। इन सभी वाहनों में स्पीड रडार मीटर लगा हुआ है। जो भी वाहन ओवर स्पीडिंग में निकलेंगे उनको चिन्हित करके उनका ऑनलाइन चालान किया जाएगा। इन वाहनों को बछरावां से लेकर ऊंचाहार बॉर्डर तक थोड़ी-थोड़ी दूरी पर हाईवे में तैनात किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि स्पीड रडार लगे होने की वजह से वाहन चालकों को डर रहेगा, जिससे उनकी स्पीडिंग पर रोक लग सकेगी और स्पीड में चलने वाले वाहनों का तत्काल ऑनलाइन चालान किया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### सभासद ने मानकविहीन बन रहे नाला की शिकायत अधिशासी अधिकारी से की



**डलमऊ रायबरेली।** नगर पंचायत डलमऊ में जनता की सुविधा के लिए जल निकासी एवं जल भराव की समस्या से मुक्ति दिलाए जाने के लेकर डलमऊ कस्बे के शंकर नगर वार्ड में मुराई बाग मुख्य चौराहे से परवाह नाल तक 25 लख रुपए की लागत से नल का निर्माण कराया जा रहा है नाला निर्माण में घटिया सामग्री एवं मानकों की अनूढ़ेगी कर संबंधित अधिकारी एवं ठेकेदार द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार की शिकायत शंकर नगर वार्ड की सभासद सुनीता जायसवाल ने अधिशासी अधिकारी डलमऊ आरती श्रीवास्तव से की सभासद ने दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि मुराई बाग मुख्य चौराहे से डलमऊ रोड पड़वा नाला तक नाला का निर्माण कराया जा रहा है चश्मा संबंधित अधिकारी एवं ठेकेदार की मिली भगत की चलती मानकों की अनदेखी करते हुए नल का निर्माण कराया जा रहा है नाला निर्माण में भारी अनियम्तता बढ़ती जा रही है नाला निर्माण में जो सामग्री प्रयुक्त की जा रही है वह बेहद घटिया किस्म की है तथा जी मानक के साथ नाला निर्माण की स्वीकृति मिली है उसके विपरीत कार्य किया जा रहा है सभासद ने संबंधित विभाग से जनहित में किए जा रहे नाला निर्माण की जांच कर कर उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है सभासद सुनीता जायसवाल ने इस मामले की शिकायत की प्रतिलिपि प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ जिला अधिकारी रायबरेली एवं उप जिलाधिकारी डलमऊ को भेज कर उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल ने गरीबों को बांटे वस्त्र



**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सलेथू, महराजगंज रायबरेली में वस्त्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय प्रधानाचार्य राजीव सिंह द्वारा गरीब ,जरूरतमंद लोगो में गर्म कपड़ों का वितरण कराया गया। आर्थिक रूप से पिछड़े , गरीब परिवारों के बच्चे, बुजुर्ग, पुरुष, महिलाएं गर्म कपड़े पाकर लाभान्वित हुए।

### विद्युत अधिनियम के मामले में वांछित वारंटी गिरफ्तार




**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।** बलरामपुर जिले के रेहरा बाजार थाना पुलिस ने बुधवार को अपराध संख्या 160/21, धारा 135 विद्युत अधिनियम से संबंधित एक वांछित वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के नेतृत्व में चलाए जा रहे अपराधियों के विरुद्ध अभियान के तहत की गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी नम्रिता श्रीवास्तव और क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेंद्र सिंह के पर्यवेक्षण में यह अभियान संचालित किया गया। प्रभारी निरीक्षक रेहरा बाजार, उपाधीक्षक (परि.) जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सफलता हासिल की। उप निरीक्षक आशीष सिंह और हेड कांस्टेबल नवीन पाण्डेय की टीम ने वांछित आरोपी लाल मोहम्मद पुत्र मोहम्मद याकूब, निवासी गोकुलगंज, हुसैनाबाद, थाना रेहरा बाजार, जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार किया। यह आरोपी लंबे समय से अपराध संख्या 160/21, धारा 135 विद्युत अधिनियम के तहत वांछित था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने कहा कि बलरामपुर पुलिस अपराध और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है। अभियान के तहत जिले में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित रूप से ऐसी कार्रवाइयाँ की जा रही हैं। पुलिस ने जनता से अपील की है कि वे कानून का पालन करें और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों की जानकारी तुरंत स्थानीय पुलिस को दें। इस प्रकार की सक्रिय कार्रवाइयों से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा रहा है।

### शीतलहरी एवं ठंड से बचाव के दृष्टिगत डीएम ने रात्रि में रैन बसेरों का जाना हाल



**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।** जनपद में शीतलहरी एवं ठंड से बचाव प्रबंध का डीएम श्री पवन अग्रवाल द्वारा रात्रि में भ्रमण कर नियमित जायजा लिया जा रहा है। जिसके क्रम में कल रात्रि में डीएम ने नगर पालिका बलरामपुर में अंबेडकर तिराहे पर बनाए गए रैन बसेरे का निरीक्षण किया एवं सभी व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त रखे जाने सहित आवश्यक दिशानिर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने रेलवे स्टेशन पर जरूरतमंदों को निशुल्क कंबल भी वितरित किया तथा अलाव स्थलों को भी देखा। जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि रैम बसेरों में प्रत्येक दशा में मानक रूप प्रबंध सुनिश्चित रहे तथा यह भी सुनिश्चित किया जाए की कोई भी व्यक्ति खुले आसमान , पटरी आदि पर सोता हुआ ना मिले तथा चिन्हित स्थलों पर अनिवार्य रूप से अलाव जलवाए जाए। इस दौरान एसडीएम सदर संजीव कुमार यादव व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# होंडा का नया मॉडल एसपी-125 लांच

- ओम होंडा शोरूम में कम्पनी के जोनल मैनेजर एवं एरिया मैनेजर ने किया लांच
- एसपी125 में अत्याधुनिक तकनीक के साथ ताज़ा डिज़ाइन और अभिनव सुविधाएं शामिल




**रायबरेली।** सिविल लाइन्स स्थित ओम होंडा शोरूम में होंडा का नया मॉडल 2025 एसपी125 को कम्पनी के जोनल मैनेजर ब्रजेश उपाध्याय एवं एरिया मैनेजर, वाशित्वा मिश्रा ने लाँच किया। इस मौके पर, ब्रजेश उपाध्याय जी ने इसकी खूबियों के बारे में बताया कि OBD2B विनियमों के अनुरूप, उन्नत एसपी125 में अत्याधुनिक तकनीक के साथ ताज़ा डिज़ाइन और अभिनव सुविधाएँ शामिल हैं। नई एसपी125 में अब ब्लूटूथ कनेक्टिविटी और होंडा रोडसिंक ऐप कम्पैटिबिलिटी के साथ 4.2 इंच का टीएफटी डिस्प्ले है, जो स्मार्ट राइड के लिए नेविगेशन और वॉयस असिस्ट तक सहज पहुँच को सक्षम बनाता है। इसके अलावा, यूएसबी टाइप-सी चार्जिंग पोर्ट आधुनिक समय के राइडर्स की ज़रूरतों को पूरा करता है। यह दो वैरिएंट, ड्रम और डिस्क में उपलब्ध होगा, जिसमें पाँच रंग विकल्प होंगे - पर्ल इग्नियस ब्लैक, मैट एक्सिस ग्रे मेटैलिक, पर्ल साइरन ब्लू, इंपीरियल रेड मेटैलिक और मैट मार्वल ब्लू मेटैलिक। नई 2025 होंडा एसपी125 की कीमत 91,936 रुपये (एक्स-शोरूम) से शुरू होती है। इस मोके पर जनरल मैनेजर विनय सिंह, विनोद शर्मा सर्वेश कुमार, विपेंद्र सिंह, नफीस, रवीन्द्र, ब्रजेश, पुष्पेन्द्र शिवानी, जितेद्र, महक अमरेश गुरुदीन लखन इत्यादि मौजूद रहे।

# फेसबुक पर हुआ प्यार: कश्मीर की वादियों को छोड़ रायबरेली पहुंची प्रेमिका, प्रेमी से किया निकाह

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**



फेसबुक पर दोस्ती और फिर प्यार होने पर जम्मू कश्मीर की रहने वाली युवती ने यूपी के रायबरेली आकर युवक से शादी रचाई। जानकारी होने पर मंगलवार को युवती का पति पुलिस के पास जाकर न्याय की गुहार लगाई। पति ने पुलिस को बताया कि सोशल मीडिया के जरिए गुमराह करके युवक उनकी पत्नी को भगा लाया है। पत्नी अपने साथ नकदी और सोना लेकर भी आई है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। पंजाब के मोहाली जिले के ढकोली थाना क्षेत्र के पाईन होम्स निवासी विनोद कुमार ने साल 2017 में जम्मू कश्मीर प्रांत के श्रीनगर की रहने वाली अबिरल के साथ आर्य मंदिर में शादी की थी। सोशल मीडिया के जरिए अबिरल को रायबरेली जिले के डीह निवासी डॉ. फैजान अहमद से प्यार हो गया। उसने पति का साथ छोड़कर अपने प्रेमी से मिलने के लिए बीते दिसंबर माह में कार से प्रेमी के घर आ गई। दो दिन पहले सोमवार को उसने प्रेमी के साथ निकाह कर लिया। बुधवार को वलीमा है। युवती के रायबरेली आकर निकाह करने की जानकारी पर पति विनोद कुमार मंगलवार को डीह थाने पहुंचे। उन्होंने थाने में तहरीर दी।

**गुमराह करके अपने साथ भगा लाया:** तहरीर में बताया कि डॉ. फैजान अहमद 24 दिसंबर 2024 को उनकी पत्नी को गुमराह करके अपने साथ भगा लाया। पत्नी अपने साथ पांच लाख का सोना, एक मोबाइल और दो लाख की नकदी लेकर आई है। डीह थाना प्रभारी शिवाकांत पांडेय ने बताया कि पत्नी प्रेमी के साथ ही रहना चाहती है। फिलहाल प्रकरण को दिखवाया जा रहा है।

**एमबीबीएस है अबिरल:** पति ने बताया कि उनकी पत्नी अबिरल एमबीबीएस किए हुए हैं। यहां डीह थाने में प्रकरण की तहरीर दी। पुलिस ने कोई जांच करना उचित नहीं समझा। मोबाइल के जरिए उनकी पत्नी से बात करा दी गई। आरोपी पक्ष से पुलिस ने किसी तरह की कोई पूछताछ नहीं की। पुलिस मामले में कार्रवाई के नाम महज खानापूर्ति करती रही।

# मानकों को दर किनार कर बाउंड्रीवॉल बनाने का आरोप

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

- सीएमसी अध्यक्ष सहित ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

तहसील क्षेत्र के शिवगढ़ क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय बंकागढ़ में निर्माणाधीन बाउंड्रीवॉल की निर्माण सामग्री को लेकर एसएमसी अध्यक्ष सहित करीब आधा दर्जन लोगों ने प्रदर्शन करते हुए कार्यवाही की मांग की है। गौरतलब हो कि कम्पोजिट विद्यालय बंकागढ़ की बाउंड्रीवॉल बीच-बीच में क्षतिग्रस्त हो गई थी। बाउंड्रीवाल के क्षतिग्रस्त हिस्से को ध्वस्त करने के पश्चात लिण्टर डालकर बाउंड्रीवॉल का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें लगाई जा रही निर्माण सामग्री को लेकर मंगलवार को एसएमसी अध्यक्ष दीनदयाल, विजय किशोर, पिंटू बाजपेई, राहुल मिश्रा, शीला देवी आदि लोगों ने प्रदर्शन करते हुए जांच करने की मांग की है। जिनका कहना है कि बाउंड्रीवाल के निर्माण में घटिया क्वालिटी की ईटों का प्रयोग किया जा रहा है, जिन ईटों का प्रयोग किया जा रहा है उसमें अधिकांश पीली ईटे हैं वहीं केवल लिण्टर में मौरंग का प्रयोग किया गया। यह भी आरोप है कि लिण्टर में मानक के अनुरूप सरियों का प्रयोग नहीं किया गया। बाउन्ड्रीवाल की जोड़ाई मौरंग के बजाय डस्ट से की जा रही है। एसएमसी अध्यक्ष सहित प्रदर्शन करने वाले लोगों का कहना है कि विद्यालय में उनके बच्चे तथा गांव के नौनिहाल पढ़ते हैं जिस तरीके से बाउंड्रीवॉल का निर्माण किया जा रहा है वह ज्यादा दिन तक ठहरने वाली नहीं है। जिनका आरोप है कि विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक आलोक कुमार मनमाने तरीके से मानकों को दरकिनार कर बाउंड्रीवॉल का निर्माण करा रहे हैं। जो अपने आगे किसी की बात सुनने को तैयार नहीं है। बाउंड्रीवॉल में लगाई जा रही निर्माण सामग्री की निष्पक्ष तरीके से जांच होनी चाहिए। जिनका कहना है कि यदि पारदर्शिता पूर्वक निर्माण सामग्री की जांचकर कार्यवाही नहीं की गई तो वे जिलाधिकारी से लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक शिकायत करेंगे।वहीं विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक आलोक कुमार का कहना है कि गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराया जा रहा है। वहीं इस बाबत जब शिवगढ़ खण्ड शिक्षा अधिकारी अनिल मिश्रा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जांच कराई जाएगी अगर निर्माण सामग्री मानक के अनुरूप न पाई गई तो कार्यवाही की जाएगी।

# आज रायबरेली मे गूंजेंगे भजन गायिका पद्मश्री सोमा घोष के कुंभ स्वर

- कार्यक्रम में जनपद के महान साधु-संतों को किया जाएगा सम्मानित

**रायबरेली।** नव्य, दिव्य, डिजिटल और अमृत महाकुंभ में सहभागिता के लिए राना बेनी माधव बक्स सिंह स्मारक समिति की ओर कुंभ के स्वर संध्या व संत समागम का आयोजन किया जा रहा है। जहां भजन गायिका पद्मश्री डॉक्टर सोमा घोष द्वारा कुंभ के स्वर की प्रस्तुति होगी। वहीं महाकुंभ के अवसर पर संतों के आशीर्वचन से अभिभूत होंगे। संत समागम समारोह के अंतर्गत जनपद के संतों का सम्मान किया जाएगा।

समिति के संरक्षक पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह ने बताया कि नौ जनवरी को पूर्वाह्न 3 बजे से 7 बजे तक मनिका रोड स्थित सेनानी होटल में कुंभ के स्वर के रूप में संत समागम व भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन डिजिटल महाकुंभ प्रोमो के तहत संपन्न होगा।

समिति के संरक्षक व पूर्व विधायक सिंह ने कहा कि कार्यक्रम में जनपद के महान साधु संतों को सम्मानित किया जाएगा और संतों का आशीर्वचनों से लाभान्वित भी होंगे। समिति के संरक्षक व पूर्व विधायक इंद्रेश विक्रम सिंह ने बताया कि संत सम्मान समारोह के बाद पद्मश्री डा सोमा घोष द्वारा कुंभ के स्वर रूपी भजन प्रस्तुति होगी। भजन संध्या शाम 7 बजे तक चलती रहेगी। सभी से अनुरोध है कि समय पर पहुंच कर पुण्य कार्य में सहभागी बने।

# जीजा और साले को बड़ी बहन के परिजनों ने पीटकर किया घायल

**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

आपसी मनमुटाव के चलते किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था, जब जीजा और साले बड़ी बहन के यहां समझौता करने पहुंचे तो परिजनों के द्वारा एक राय होकर उन्हे लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया गया। घटना बुधवार की है जब राजेश्वरी व उनके पति मानसिंह पुत्र शंभू व बहन रामदुलारी पत्नी रामकिशोर एवं रामकिशोर पुत्र लाल निवासी ग्राम जोहवा शर्की थाना हरचंदपुर, एवं भाई राजकुमार पुत्र अयोध्या प्रसाद निवासी भावा खेड़ा थाना मोहनलालगंज के साथ विपक्षी के घर पुरानी बात के समझौते को लेकर गई हुई थी। तभी प्रतिपक्षी गण शीतला प्रसाद, राजेंद्र पुत्रगण पूर्णमासी, एवं पूर्णमासी की पत्नी अज्ञात शीतलप्रसाद सभी एक राय होकर पहुंचते ही बिना कोई बात सुने हुए, गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से पिटाई करने लगे। जिसमें राजकुमार को गंभीर चोट आई, जो की घटना स्थल पर ही बेहोश हो गया व अन्य मानसिंह पुत्र शंभू रामकिशोर पुत्र लाल को हल्की-फुल्की चोटे आई है। किसी तरह से सभी लोगों ने भाग कर अपनी जान बचाई। और उनका बछरावां सीएचसी में इलाज कराया गया। तथा सूचना पुलिस को दी है। इस बाबत थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना की तहरीर प्राप्त हुई है, मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# परहित सरिस धर्म नहीं भाई: मारुति नंदन बाबूजी महाराज



**बछरावां रायबरेली।** विकासखंड बछरावां के चुरुवा ग्राम सभा में बीते एक सप्ताह से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का समापन बुधवार को विशाल भंडारे के साथ संपन्न हुआ। कथावाचक मारुति नंदन बाबूजी महाराज ने कहा कि परहित से बढ़कर संसार में कोई धर्म नहीं है, दूसरे की पीड़ा को समझने वाला संसार में सबसे बड़ा दानी माना जाता है। प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन भगवान के नाम का स्मरण करना चाहिए क्योंकि परलोक में भगवान के नाम के अतिरिक्त कुछ भी साथ नहीं जाता है। धन, वैभव कुछ समय के लिए मानव जीवन में प्रभुता का कारण है, लेकिन अंतिम समय भगवान नाम स्मरण ही मुक्ति का द्वार है। इस दौरान ग्राम प्रधान रोशनी त्रिवेदी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनिरुद्ध त्रिवेदी, विकास त्रिवेदी ,अनुराग त्रिवेदी के द्वारा आए हुए भक्तों को साल वितरित किया गया एवं अंतिम दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों द्वारा प्रसाद ग्रहण किया गया है ।

# विद्यार्थियों को यातायात नियमों के विषय में जानकारी देते हुए यातायात नियमों का पालन करने की दिलायी गयी शपथ

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



सडक सुरक्षा माह के अन्तर्गत जनमानस को यातायात के नियमों एवं सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूकता एवं सुरक्षित परिवहन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार कि निर्देशन में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 08.01.2025 को प्रभारी यातायात उमेश यादव मय टीम द्वारा गर्ल्स इंटर कॉलेज, बलरामपुर में यातायात जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विद्यार्थियों व कॉलेज स्टाफ को जागरूक करते हुए बताया गया कि सभी को यातायात के नियमों का पालन करना चाहिये तथा नाबालिग बच्चों को वाहन नही चलाना चाहिये । इसके साथ ही यातायात पुलिस द्वारा विद्यार्थियों को बताया गया कि आप सभी अपने परिजनों को भी बताये कि वाहन चलाते समय सीट बेल्ट तथा दोपहिया वाहन पर हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें, ओवरस्पीडिंग न करें, वाहन चलाते हुए मोबाइल फोन /एयर फोन का प्रयोग न करे, नशे की हालत में वाहन न चलाये, दाएं-बाएं मोड़ते समय अपने आगे-पीछे देखते हुए इंडिकेटर का प्रयोग अवश्य करें, हाई और लो बीम का उचित प्रयोग करे। प्रतिवर्ष सडक दुर्घटनाओं में बहुत लोगों की मृत्यु हो जाती है तथा बड़ी संख्या में लोग घायल हो जाते हैं, वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करने तथा निर्धारित गतिसीमा में ही वाहन को चलाने से सड़क दुर्घटनाओं तथा उनमे होने वाली क्षति को कम किया जा सकता है। इसके साथ ही विद्यार्थियों को बताया गया कि यदि कोई सड़क दुर्घटना होती है तो दुर्घटना में घायल की हरसंभव मदद करनी चाहिये तथा उसे समय से अस्पताल पहुचाना चाहिये जिससे उसकी जान बच सके क्योंकि दुर्घटना होने के पश्चात पहले घंटे को गोल्डन आवर कहा जाता जिसमें घायल व्यक्ति की सहायता करने से उसकी जान बचने की संभावना बढ़ जाती है तथा सहायता करने वाले को गुड सेमेरिटन की संज्ञा दी जाती है। उपस्थित सभी को यातायात के नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई व यातायात जागरुकता हेतु पोस्टर/पंपलेट आदि का भी वितरण किया गया।

# निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर में 240 मरीजों का हुआ उपचार

**उतरौला(बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**




बुधवार को एक निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. दिनेश जायसवाल और होम्योपैथिक स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रुबी गुप्ता ने 240 मरीजों का चिकित्सकीय परीक्षण कर उन्हें उपचार प्रदान किया। शिविर में रोगियों को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई।

डॉ. दिनेश जायसवाल ने सामान्य एवं पुरानी बीमारियों का इलाज किया, जिनमें चेहरे के मुंहासे, दाग-धब्बे, झाइयां, बवासीर, भगंदर, पुरानी कब्ज, ब्लड प्रेशर का घटना-बढ़ना, जोड़ों का दर्द, गठिया, साइटिका, डायबिटीज, थाइरॉइड, बार-बार होने वाला बुखार, जुकाम, पेट में कीड़े, चेचक, बिस्तर पर पेशाब आना, मलेरिया, टाइफाइड, डेंगू, माइग्रेन, अस्थमा, नजला, गुप्त रोग, डिप्रेशन, अनिद्रा, और हीमोग्लोबिन की कमी जैसी समस्याएं शामिल थीं। डॉ. रुबी गुप्ता ने महिलाओं में होने वाली विभिन्न समस्याओं का इलाज किया। इनमें ल्यूकोरिया, स्तन में गांठ एवं सूजन, बच्चेदानी में गांठ एवं सूजन, ओवेरियन सिस्ट, बच्चेदानी का बाहर आना, पेशाब में जलन एवं दर्द, बालों के रोग, मासिक गड़बड़ी, बांझपन, योनि में खुजली, स्तन का छोटा होना, एलर्जी एवं संक्रमण, और गुर्दे की पथरी जैसी बीमारियां शामिल थीं। डॉ. दिनेश जायसवाल ने शिविर में आए लोगों को होम्योपैथिक उपचार की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह पद्धति कई लाइलाज बीमारियों का इलाज बिना ऑपरेशन के करने में सक्षम है। उन्होंने जोड़ों के दर्द, नसों के दर्द, पथरी, हर्निया, प्रोस्टेट, बाल झड़ने, मस्से और मुंहासों जैसी समस्याओं के इलाज में होम्योपैथी की सफलता को रेखांकित किया। डॉ. रुबी गुप्ता ने कहा कि होम्योपैथिक चिकित्सा महिलाओं से जुड़ी गंभीर बीमारियों का भी प्रभावी इलाज करती है। बच्चेदानी की गठान, अंडाशय की गठान, माहवारी की समस्या, ल्यूकोरिया, और बच्चेदानी का बाहर आना जैसी समस्याओं का समाधान बिना ऑपरेशन के संभव है। शिविर के आयोजन ने समाज के विभिन्न वर्गों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने का प्रयास किया। विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखरेख में रोगियों को उचित सलाह, उपचार और निशुल्क दवाइयां मिलीं। शिविर में भारी संख्या में लोगों की उपस्थिति यह दर्शाती है कि ऐसी पहलों की कितनी आवश्यकता और प्रभाव है।

# विद्युत विभाग का विशेष प्रचार अभियान, ओटीएस योजना का दूसरा चरण शुरू

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**



विद्युत विभाग द्वारा एक विशेष प्रचार अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारी ढोल-नगाड़े बजाकर और लोगों को जागरूक करते हुए एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) के बारे में जानकारी दे रहे हैं। इस अभियान के दौरान, जेई आईपीडीएस रविन्द्र कुमार ने सभी बकायादारों से अपील की है कि वे इस योजना का लाभ उठाएं और अपने बकाए का निपटारा कर शांति से विद्युत सेवा का उपयोग करें।


इस योजना का उद्देश्य उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करना और बकायादारों को छूट के जरिए विभागीय दायित्वों का सही तरीके से निपटारा करना है। सरकार ने 15 दिसंबर से एकमुश्त समाधान योजना की शुरुआत की थी, जिसका पहला चरण 31 दिसंबर तक चला। अब, दूसरे चरण की शुरुआत एक जनवरी से हो गई है, जो 15 जनवरी तक जारी रहेगा। दूसरे चरण में, उपभोक्ता 15 जनवरी तक योजना का लाभ उठा सकते हैं। इस दौरान, विभाग की टीम घर-घर जाकर बकायादारों से राजस्व जमा करवा रही है। पहले चरण की अपेक्षा, दूसरे चरण में सरचार्ज छूट को कुछ हद तक कम कर दिया गया है। जिन उपभोक्ताओं का बिल पांच हजार रुपये से कम है, उन्हें सरचार्ज में 80 प्रतिशत की छूट मिल रही है। वहीं, जिन उपभोक्ताओं का बिल पांच हजार रुपये से अधिक है, उन्हें सरचार्ज में 50 प्रतिशत छूट का लाभ मिल रहा है। बड़े बकायादारों को किश्तों में भुगतान करने का विकल्प दिया गया है। इसके तहत, उपभोक्ता अपनी किश्तें बना कर बकाया जमा कर सकते हैं और सरचार्ज में छूट का लाभ उठा सकते हैं। जेई रविंद्र कुमार का कहना है कि दूसरे चरण में ओटीएस योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ताओं की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है, जिससे विभाग में भीड़ जुट रही है। विभाग के अधिकारी यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि अधिक से अधिक उपभोक्ता इस योजना का लाभ उठाएं और अपने बकायों का निपटारा करें, ताकि भविष्य में उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## आधी-अधूरी शिक्षा

विकास और प्रगति के तमाम दावों के बीच यदि देश के करीब आधे स्कूल कंप्यूटर और इंटरनेट की सुविधा से वंचित हों, स्कूल बढ़ रहे हों और दाखिले कम हो रहे हों, साथ ही विद्यार्थियों का बीच में पढ़ाई छोड़ने का आंकड़ा बढ़ रहा हो, तो इसे एक बड़ी चुनौती माना जाना चाहिए। निस्संदेह, आर्थिक विकास हमारी प्राथमिकता होता है, लेकिन यदि बुनियादी शिक्षा तमाम विसंगतियों से जूझ रही हो तो विकास की सार्थकता पर सवाल उठेंगे। सवाल खासकर वंचित समाज के बच्चों का है, जिनका बड़ा संघर्ष जीवन-यापन की प्राथमिकताओं से जुड़ा है। स्वतंत्र भारत में शैक्षिक सुधार के जो प्रयास हुए, उनका लाभ वंचित समाज को काफी अधिक हुआ है। दरअसल, सरकारी स्कूल समाज के कमजोर वर्ग की आशा के केंद्र रहे हैं। यदि आज इन समाजों के बच्चे ही शिक्षा से दूर हो रहे हैं, तो तंत्र की जवाबदेही तय होनी चाहिए। आज भी लाखों बच्चे शिक्षा पाने से वंचित हैं। हाल ही में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की एकीकृत जिला शिक्षा सूचना प्रणाली की रिपोर्ट में जो आंकड़े सामने आए हैं, वे खासे चौंकाने वाले हैं। समीक्ष्य वर्ष 2023-24 की रिपोर्ट बताती है कि इससे पहले साल के मुकाबले स्कूल में दाखिलों में 37.5 लाख की कमी आई है। जहां वर्ष 2022-23 में स्कूलों में 25.17 करोड़ विद्यार्थी दर्ज थे, वहीं 2023-24 में यह संख्या घटकर 24.80 करोड़ हो गई है। यह आंकड़ा प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और उच्चतर माध्यमिक स्कूल स्तर का है। वहीं समीक्ष्य अवधि में बीच में पढ़ाई छोड़ने वाले छात्रों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। जिनमें छात्राएं, वंचित व कमजोर वर्ग के बच्चे अधिक हैं। ऐसे में मंथन की जरूरत है कि शिक्षा को बढ़ावा देने के तमाम प्रयासों, नई शिक्षा नीति लागू होने, अधिक स्कूल खुलने के बावजूद छात्रों के दाखिले में कमी क्यों आ रही है। सरकार की घोषणाओं और जमीनी हकीकत के अंतर को संबोधित करने की जरूरत है। ताकि नये दाखिलों को प्रोत्साहन मिले और छात्र भी बीच में स्कूल न छोड़ें। दरअसल, जरूरत इस बात की भी कि जहां एक ओर स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता बनी रहे, वहीं स्कूलों में दाखिले को लेकर छात्रों का आकर्षण भी बना रहना चाहिए। साथ ही शिक्षा को व्यावहारिक बनाने और समय के साथ कदमताल करने की जरूरत है। वहीं दूसरी शिक्षा मंत्रालय के प्लेटफॉर्म, यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन की रिपोर्ट के यह तथ्य चिंता बढ़ाने वाले हैं कि अभी तक कुल 57 फीसदी स्कूलों में ही कंप्यूटर की सुविधा मौजूद है। वहीं दूसरी ओर 53 फीसदी स्कूलों में ही इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध है। ऐसे दौर में जब ऑनलाइन पढ़ाई का खासा जोर है तो ये बच्चे भविष्य में निजी स्कूलों के छात्रों से कैसे मुकाबला कर पाएंगे? प्रतिस्पर्धा के इस दौर में उनका क्या भविष्य होगा? विडंबना यह है कि वंचित समाज व कमजोर वर्ग के परिवारों में बड़ी संख्या में ऐसे बच्चे भी हैं, जिनके पास न तो कंप्यूटर है और न ही स्मार्ट फोन। दरअसल, उनके परिवारों के जीवन यापन का संघर्ष इतना बड़ा है कि कंप्यूटर व स्मार्ट फोन उनकी प्राथमिकता नहीं बन सकते। चिंता की बात यह है कि निम्न मध्यवर्गीय लोग तो निजी स्कूलों की ओर तेजी से रुख कर रहे हैं, लेकिन कमजोर वर्ग के विद्यार्थी कहां जाएंगे? दरअसल, मौजूदा दौर में सिर्फ साक्षरता से खुश नहीं हुआ जा सकता, जरूरत गुणवत्ता की शिक्षा की भी है। ताकि स्कूल से निकलकर विद्यार्थी देश-दुनिया के साथ कदमताल कर सकें। मंथन इस बात को लेकर भी होना चाहिए कि क्यों लाखों बच्चे स्कूलों की दहलीज तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। आखिर क्यों छात्र स्कूल में दाखिला लेने के बाद पढ़ाई बीच में छोड़कर जा रहे हैं? शिक्षा का अधिकार तभी सार्थक होगा जब सामाजिक विसंगतियां दूर होंगी। यहां सवाल स्कूलों में शिक्षकों व छात्रों के अनुपात का भी है। यह ठीक है कि स्कूलों के भवनों के स्तर में सुधार हुआ है, स्कूलों में बिजली, पानी व जेंडर अनुकूल शौचालय बने हैं। लेकिन हमारी प्राथमिकता केवल स्कूलों में संरचनात्मक विकास ही नहीं होना चाहिए, बल्कि शैक्षिक वातावरण भी बच्चों की पढ़ाई के अनुकूल होना चाहिए।

# चुनावी शुचिता पर बेजा सवालों के तार्किक जवाब

*विकास सक्सेना*



लोकसभा चुनाव के बाद एक खबर काफी चर्चा में रही जिसमें दावा किया जा रहा था कि जिन वोटों की गिनती हुई है उनकी संख्या ईवीएम में डाले गए कुल वोटों से तकरीबन पांच लाख अधिक है। इस समाचार के सामने आते ही लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं होने लगी थीं। इस समाचार का जिक्र करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि जैसे ही यह समाचार उनके संज्ञान में आया तो अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया गया कि ईवीएम के अलावा बहुत से लोग डाक मतपत्रों के जरिए भी अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं। यह अन्तर पोस्टल बैलेट को न जोड़ने के कारण आ रहा है। उन्होंने कहा कि इसके बाद संबंधित पोर्टल से उस समाचार को हटा दिया गया लेकिन स्थिति स्पष्ट नहीं की गई इस कारण जो नुकसान होना था वह तो हो गया। मतदान की समाप्ति के कुछ घण्टों बाद मत प्रतिशत में पांच से आठ प्रतिशत तक की बढ़ोतरी को लेकर उठे सवालों का भी उन्होंने बड़े ही तार्किक ढंग से जवाब दिया। उन्होंने बताया कि देश में लगभग साढ़े दस लाख मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) होते हैं। प्रत्येक मतदेय स्थल पर कम से कम चार मतदान कर्मी नियुक्त किए जाते हैं। इस तरह मतदान प्रक्रिया में 45 से 50 लाख कर्मचारी लगे होते हैं। ये मतदान कर्मी अलग अलग विभागों के होते हैं और सामान्य तौर पर एक दूसरे से अपरिचित होते हैं। ऐसे में इतनी बड़ी संख्या में कर्मचारियों को प्रभावित कर पाना असंभव है।

दिल्ली विधानसभा के चुनावों की तारीखों के ऐलान के लिए चुनाव आयोग की तरफ से पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। यूँ तो चुनाव कार्यक्रम की जानकारी चंद मिनटों में देकर इस बातचीत को समाप्त किया जा सकता था, लेकिन मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने इस मौके का भरपूर फायदा उठाते हुए उन तमाम सवालों का विस्तार से तार्किक जवाब देने की कोशिश की जिनके माध्यम से देश की चुनाव प्रक्रिया में खोट निकालने के प्रयास कुछ राजनैतिक दलों और सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे हैं। अपने शायराना अंदाज में मुख्य चुनाव आयुक्त ने परोक्ष रूप से चुनाव प्रक्रिया पर बेजा सवाल उठाने वालों पर निशाना तो साधा ही, यह भी कहा कि देश में जीवंत लोकतंत्र है इसलिए सभी को सवाल पूछने की पूरी आजादी है और हमारा दायित्व है कि हर सवाल का जवाब लोगों को दिया जाए।

पिछले कई चुनावों का एक सामान्य चलन हो गया है कि जब भी चुनाव के नतीजे गैर भाजपा दलों के पक्ष में नहीं आते, तब वे अपनी नाकामी का ठीकरा चुनाव आयोग और ईवीएम के सिर फोड़ते हैं। लगातार मतदाताओं द्वारा नकारे जाने के बाद कुछ राजनैतिक दल तो अब चुनाव के नतीजे आने से पहले ही ईवीएम का रोना, रोना शुरू कर देते हैं। लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों के बाद तो ईवीएम और चुनाव प्रक्रिया पर इन विपक्षी दलों के हमले और तीखे हो गए हैं। अब तक ईवीएम में खामी बताकर अपनी नाकामी पर पर्दा डालने वाले राजनैतिक दलों ने तो इस बार पूरी चुनाव प्रक्रिया को ही दूषित बताते हुए देश के मतदाताओं में भ्रम डालने का प्रयास किया। उन्होंने मतदाता सूचियों से बड़ी तादाद में नाम काटने या नाम जोड़ने, मतदान बंद होने के बाद मत प्रतिशत बढ़ने और ईवीएम हैकिंग को लेकर जिस तरह के सवाल उठाए उसने चुनाव प्रक्रिया से जुड़े पूरे तंत्र को सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया।

संभवतया मुख्य चुनाव आयुक्त के तौर पर आखिरी बार पत्रकारों से बातचीत करने के लिए आए राजीव कुमार ने दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के अवसर पर इन तमाम सवालों का सिलसिलेवार ढंग से जवाब दिया और पत्रकारों को पूरी प्रक्रिया बताई। चुनाव को लेकर हाल फिलहाल सबसे गंभीर सवाल मतदाता सूचियों से किसी दल विशेष के समर्थकों के नाम काटने और किसी दल विशेष से समर्थकों के नाम जोड़ने को लेकर उठ रहे हैं। इसको लेकर सीईसी राजीव कुमार ने बताया कि चुनाव आयोग हर साल मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण का कार्य करता है। इसकी सूचना प्रत्येक राजनैतिक दल को दी जाती है। प्रत्येक बूथ पर मतदाता सूचियों का प्रकाशन किया जाता है। किसी भी मतदाता का नाम काटने या नाम बढ़ाने की एक निश्चित प्रक्रिया होती है जिसका पालन किया जाता है। राजनैतिक दल इन बूथों पर अपने अभिकर्ता बना सकते हैं। इसके अलावा इस सबकी सूचना सभी राजनैतिक दलों को नियमित रूप से दी जाती है। उन्होंने बिना नाम लिए कहा कि कुछ लोग 50 हजार वोट काटे जाने के आरोप लगा रहे हैं, एक साथ किसी क्षेत्र में इतने वोट कम होना अव्यवहारिक है। उन्होंने मतदाता सूचियों में हेरफेर का आरोप लगाने वालों से अपील की कि यदि अगर उन्हें लगता है कि कहीं गड़बड़ी हुई है तो उसकी स्पष्ट शिकायत करें, उस पर निश्चित तौर पर कार्रवाई की जाएगी। यूं ही आरोप लगाना ठीक नहीं है।

लोकसभा चुनाव के बाद एक खबर काफी चर्चा में रही जिसमें दावा किया जा रहा था कि जिन वोटों की गिनती हुई है उनकी संख्या ईवीएम में डाले गए कुल वोटों से तकरीबन पांच लाख अधिक है। इस समाचार के सामने आते ही लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं होने लगी थीं। इस समाचार का जिक्र करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि जैसे ही यह समाचार उनके संज्ञान में आया तो अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया गया कि ईवीएम के अलावा बहुत से लोग डाक मतपत्रों के जरिए भी अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं। यह अन्तर पोस्टल बैलेट को न जोड़ने के कारण आ रहा है। उन्होंने कहा कि इसके बाद संबंधित पोर्टल से उस समाचार को हटा दिया गया लेकिन स्थिति स्पष्ट नहीं की गई इस कारण जो नुकसान होना था वह तो हो गया।

मतदान की समाप्ति के कुछ घण्टों बाद मत प्रतिशत में पांच से आठ प्रतिशत तक की बढ़ोतरी को लेकर उठे सवालों का भी उन्होंने बड़े ही तार्किक ढंग से जवाब दिया। उन्होंने बताया कि देश में लगभग साढ़े दस लाख मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) होते हैं। प्रत्येक मतदेय स्थल पर कम से कम चार मतदान कर्मी नियुक्त किए जाते हैं। इस तरह मतदान प्रक्रिया में 45 से 50 लाख कर्मचारी लगे होते हैं। ये मतदान कर्मी अलग अलग विभागों के होते हैं और सामान्य तौर पर एक दूसरे से अपरिचित होते हैं। ऐसे में इतनी बड़ी संख्या में कर्मचारियों को प्रभावित कर पाना असंभव है। जहां तक मतदान समाप्त होने के बाद मत प्रतिशत में बढ़ोतरी का सवाल है तो मतदान समाप्ति के समय पोलिंग बूथ पर मौजूद पीठासीन अधिकारी अत्यंत व्यस्त होते हैं। उन्हें ईवीएम, बैलेट यूनिट, बैटरी आदि को सील करना होता है और साथ ही बूथ पर मौजूद विभिन्न प्रत्याशियों के अभिकर्ताओं को फार्म 17ग देना होता है जिसमें उस बूथ पर पड़े वोटों का पूरा लेखा-जोखा होता है। उन्होंने कहा कि अत्यंत व्यस्तता के चलते बहुत से पीठासीन अधिकारी और सेक्टर मजिस्ट्रेट तत्काल पूरे आंकड़े नहीं दे पाते। लेकिन जब मतदान कर्मियों का दल मशीनों को जमा करने संग्रह केंद्र पहुंचता है तो वह ईवीएम के साथ मतपत्र लेखा (फार्म 17ग) की प्रति भी देता है। इनके आधार पर रात तक सारे आंकड़े सभी राजनैतिक दलों के साथ साझा करते हुए वेब साइट पर अपलोड किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि बहुत से पोलिंग बूथ दूरदराज के क्षेत्रों में होते हैं इसलिए उनके आंकड़े मिलने में देरी हो जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि मतदान प्रक्रिया के समाप्त होते ही साढ़े दस लाख पोलिंग बूथों से आंकड़े जमा करके उसकी सटीक सूचना तुरन्त दे पाना असंभव है।

मत प्रतिशत में हेरफेर की किसी भी संभावना को सिरे से खारिज करते हुए उन्होंने साफ किया मतदान प्रक्रिया समाप्त होने के बाद प्रत्येक मतदेय स्थल पर पीठसीन अधिकारी वहां मौजूद सभी पोलिंग एजेण्ट को मतपत्र लेखा (फार्म 17ग) की एक प्रति उपलब्ध कराते हैं। इसमें ईवीएम में पड़े वोट आदि का पूरा विवरण होता है। मतगणना के दिन प्रत्याशी फार्म 17ग साथ लेकर आते हैं और इनका मिलान करने के बाद ही ईवीएम से वोटों क गिनती की जाती है। फार्म 17ग और ईवीएम में दर्ज वोटों में किसी भी प्रकार का अन्तर होने पर उस मशीन की गणना नहीं की जाती है। ईवीएम की हैकिंग को लेकर उन्होंने साफ किया कि न्यायालय ने भी मान लिया है कि ईवीएम को हैक नहीं किया जा सकता है।

अगले महीने 18 फरवरी को सेवानिवृत्त होने से पहले अपनी आखिरी पत्रकार वार्ता में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव की शुचिता को लेकर उठाए जा रहे सवालों के काफी तार्किक तरीके से जवाब दिए। उन्होंने कहा कि बीते चार वर्षों में देश के 30 राज्यों में विधानसभा चुनाव करवाए हैं। इन चुनावों में 15 अलग-अलग दलों ने सर्वाधिक सीटें हासिल की हैं। लेकिन इसके बाद भी इस बात की उम्मीद कम ही है कि राजनैतिक दल ईवीएम और चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाने बंद कर देंगे। क्योंकि जितनी बातें सीईसी राजीव कुमार ने बताई हैं कमोबेश उन सबसे राजनेता भली-भांति परिचित हैं। वे तो अपनी नेतृत्व क्षमता पर उठने वाले सवालों को दबाने के लिए अपनी नाकामी का ठीकरा ईवीएम और चुनाव आयोग के सिर फोड़ते हैं।


**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

विचार

# काश्मीर में अब होगा अमन चैन का खुशनुमा माहौल

जम्मू कश्मीर की वादीयो में अब अमन चौन लहराने लगा है। कई देश और प्रदेश यहां पर्यटन के विकास के लिए और इसके अर्थ तंत्र को मजबूत करने में भारत सरकार का साथ दे रहे हैं। कश्मीर में पर्यटन फिर से फलने फूलने लगा है शांति स्थापित होने के साथ साथ ही राष्ट्रीय त्यौहार बड़े जोर-शोर से मनाया जाने लगा है। भारत सरकार काश्मीर की शांति, सद्भावना और विकास के लिए कटिबंध है। अब जम्मू काश्मीर में शांति और सद्भावना धीरे-धीरे बहाल हो रही है और प्रदेश खुशहाली की तरफ बढ़ रहा है। इतिहासकार जम्मू कश्मीर को भारत का स्वर्ग कहते आए हैंस और यह अत्यंत सही भी है की जम्मू कश्मीर की लुभावनी फिज़ाएं सुरम्य झील, नदियां, पहाड़ पर्यटकों को लुभाती आ रही हैंस पाक समर्थित आतंकवादी यह नहीं चाहते कि जम्मू कश्मीर में फिर शांति सद्भावना स्थापित हो और काश्मीरी ब्राह्मण वापस आकर रहने लगें। ये आतंकवादी इस मंतव्य से जाति विशेष के लोगों की हत्या कर रहे हैं कि वहां पर जातिगत वैमनस्यता भड़का कर घाटी में ज्यादा से ज्यादा अशांति का संचार हो और वह अपने मकसद पर कामयाब हो जाए। इधर एलएसी में नापाक चीन द्वारा तवांग घाटी में घुसपैठ करने की कोशिश की गई जिसका भारतीय सेना ने मुंह तोड़ जवाब देकर उन्हें वापस खदेड़ा गया। एलओसी और एलएसी पर माहौल काफी चिंतनीय है और सीमा पर स्थाई समाधान खोजने की परम आवश्यकता है। जम्मू कश्मीर में 370 धारा हटाने के बाद पाकिस्तान लगातार तिलमिलाया हुआ है, और वहां शांति,अमन फैलने से काफी बेचौन भी है। कश्मीर में चरमपंथी, कश्मीरी पंडितों की वापसी के बीच अल्पसंख्यकों का भरोसा तोड़ना चाहते हैं। कश्मीर में विगत 30 वर्षों से आतंकवादी हिंसा से 35 से 40 हजार लोगों की हत्या हो चुकी है। चरमपंथी जम्मू कश्मीर की शांति स्थापना के प्रयास को तोड़ना चाह कर, वहां अशांति फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। अत्यंत उल्लेखनीय है कि कश्मीर में धारा 370 हटाने के बाद केंद्र सरकार का वहां पर विकास की योजनाएं लागू करने पर पूरा जोर लगा रही है। चुनाव कराने की घोषणा के बाद राजनीतिक गतिविधियां भी तीव्रता के साथ बढ़ रही हैं। भारत-पाकिस्तान की सेनाओं के बीच संघर्ष विराम के बाद सीमाओं पर आए दिन होने वाली गोलीबारी तो शांत है। इसका मतलब यह नहीं निकाला जाना चाहिए कि पाकिस्तान अपनी आतंकी हरकतों से बाज आ गया है। वह सीमा के पास लांच पैड से लगातार आतंकी हमलावारों को भारत की सीमा में प्रवेश कराने की कोशिश कर रहा है। एक प्रकरण में विगत दिनों सीमा पार करते हुए 4 में से 3 आतंकियों को मार गिराया गया एवं एक आतंकी को पकड़कर हिरासत में भी लिया गया।

पकड़े गए आतंकवादी के बयान के अनुसार पाकिस्तान तथा उसकी खुफिया एजेंसी आई, एस, आई की पूरी पोल खुल गई है। और पाकिस्तान का आतंकवादी चेहरा बेनकाब हो गया है। पाकिस्तानी आतंकवादियों का फिर से 1990 वाली स्थिति में कश्मीर को लाने का प्रयास किया जा रहा है। उस समय कश्मीरी पंडित हिंसा और दहशत से घबराकर कश्मीर छोड़ कर चले गए थे। उन्होंने अपनी संपत्ति को छोड़कर तस्वीर से पलायन किया था। अब 370 धारा हटाने के बाद केंद्र सरकार का यह प्रयास लगातार जारी है कि कश्मीरी पंडित वापस जम्मू कश्मीर में अपनी बेची हुई या छोड़ी हुई जगह पर आकर फिर से काबिज हों एवं कश्मीर में फिर से शांति बहाल का बेहतरीन माहौल तैयार हो। वहां पर पर्यटन तथा उद्योगों को भी आमंत्रित किया जा रहा है। इन परिस्थितियों में पाकिस्तान बिल्कुल



नहीं चाहेगा की जम्मू कश्मीर उनके हाथ से निकल कर पूरी तरह भारतीय सरकार की गिरफ्त में हो। पाकिस्तान का यह प्रयास है कि केंद्र शासन चीन के साथ लद्दाख तथा अरुणाचल प्रदेश की सीमा में व्यस्त होने के कारण, वह अपने आतंकवादियों को जम्मू कश्मीर की सीमा में प्रवेश कराकर घाटी में आतंक का साया स्थापित कर सकता है,तो यह पाकिस्तान और आई,एस,आई को समझ लेना चाहिए कि भारत अपनी सीमा की रक्षा करने में सक्षम तो है ही साथ ही अंतरराष्ट्रीय मित्र देशों का भी उसके साथ समर्थन है। उधर पाकिस्तान की स्थिति यह है कि कुछ मुस्लिम देशों को छोड़कर पूरी मुस्लिम देशों की बिरादरी पर वह अलग-थलग पड़ गया है। उसकी आर्थिक स्थिति बेहद खराब है और अपने मालिक चीन की आर्थिक सहायता के दम पर वह देश का खर्चा चला रहा है। अमेरिका को पिछले दो दशकों से अफगानिस्तान में अमेरिका को लगातार धोखे में रख तालिबानी आतंकवादियों की तन मन धन से सहायता कर वैश्विक अशांति को फैलाने का प्रयास कर रहा है। कश्मीर घाटी में विगत 10 दिनों में जिस तरह से आतंकी गतिविधियों में तेजी आई है यह स्पष्ट संकेत करते हैं कि पाकिस्तान सरकार और उसकी खुफिया एजेंसी आई,एस,आई तालिबान में आतंकवादियों की दिशा भारत के जम्मू कश्मीर की तरफ मोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। कश्मीर में आतंकवादी अल्प संकट हिंदुओं को निशाना बनाकर उनके धार्मिक स्थलों क्षतिग्रस्त कर आस्था पर चोट करने का प्रयास कर रहे हैं। यह विदित है कि पाकिस्तान की सीमा से लगा कश्मीर सामरिक दृष्टि से भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और इन हालातों को मद्दे नजर रख भारत को सजग रहकर चौकी करनी होगी आतंकी घटनाओं पर जम्मू कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर सिन्हा जी ने आश्वस्त किया है कि आने वाले कुछ दिनों में इन आतंकियों का पूर्ण रूप से सफाया कर दिया जाएगा और फिर सेना तथा जम्मू कश्मीर पुलिस अमन चौन स्थापित करने का प्रयास करेगी। यह एक अच्छी खबर है कि भारत सतर्क एवं सावधान है। पिछली जुलाई तक मारे गए 136 आतंकवादियों में 15 आतंकवादी विदेशी थे। मई महीने में आतंकवादी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन का एक दुर्दांत आतंकी जुनेद सरई श्रीनगर एनकाउंटर में मारा गया था। अब यह अत्यंत जरूरी हो गया है कि जम्मू कश्मीर में आतंकवाद को समूल नष्ट किया जाए। जम्मू कश्मीर में फिर से शांति बहाल होकर विकास की नई धारा प्रवाहीत की जानी चाहिए।

साहित्य




## यात्रा

**कुमार कृष्ण**

जब आता है इस धरती पर मनुष्य
वह होता है निडर
नहीं जानता डर नाम की किसी चीज
को
धीरे-धीरे लगता है डरने
धरती की हर चीज से
उसे डराते हैं उसके तमाम विश्वास
उसके सपने, रिश्ते, उसके अपने
टूट जाती है उसकी-
हिम्मत और हौसलों की लाठी
डरने लगता है वह अपनी ही परछाईं से
डरता हुआ मनुष्य
कहीं से भी नहीं लगता मनुष्य।





## राशिफल

**मेषः**- कोई छोटी बात भी परिवार के तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता नये उत्साह का संचार करेगी। भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुर बनेंगे।

**वृषभः**- हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व बुद्धिजीवियो से विचार-विमर्श करें। नये व्यावसायिक यात्राएं करनी होंगी।

**मिथुनः**- निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुन्दर छवि बनावें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओ की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कर्कः**- भविष्य के प्रति मन में चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का ठीक डंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन में असन्तुष्टि उत्पन्न होगी। आलस्य का त्याग करें।

**सिंहः**- पारिवारिक दायित्वों की चिंता उत्पन्न होगी। स्वास्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति ध्यान देवें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्याः**- छोटी-छोटी पारिवारिक बातों को बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन सगे-संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नई दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाएं याद आएंगी।

**तुलाः**- वक्त के साथ समझौता कर चलने की चेष्ठा करें। अपने कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझे और अपने को उसी दिशा की ओर केंद्रित करें।

**वृश्चिकः**- जीवन में सही लक्ष्य व सुदृढ़ता को सुनिश्चित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होने के आसार हैं।

**धनुः**- किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धिमत्ता से पुरानी समस्याओं पर बिजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकरः**- बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिला-जुला संजोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी। घर में खुशहाल स्थिति प्रसन्न रखेगी।

**कुंभः**- शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**मीनः**- महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुष्टि पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

# अवैध निर्माण व कब्जा : भूमाफिया व भ्रष्ट अधिकारियों पर नकेल कसने की जरूरत

*डॉ. अनिल कुमार निगम*

आज दिल्ली एनसीआर सहित देश के विभिन्न शहरों में अवैध निर्माण और कब्जा बहुत जटिल समस्या बन गई है। विडंबना है कि देश के विभिन्न शहरों में भूमाफिया न केवल सक्रिय बल्कि वे जमीनों पर अवैध कब्जा कर अथवा अवैध तरीके से निर्माण कर जमीन और भवनों को भोलेभाले लोगों को बेच देते हैं। यह सारा काम प्रशासनिक अधिकारियों से साठगांठ से किया जाता है और बाद में इन अवैध निर्माण को वैध कराने के लिए अदालतों में इस आधार पर अपील दायर की जाती है कि निर्माण अत्यधिक पुराना है लिहाजा उसे वैध कर दिया जाए। प्रश्न है कि भूमाफिया और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच इस षडयंत्र के कुचक्र को तोड़ने के लिए सरकारें क्या कर रही हैं? प्रश्न यह भी है कि प्रदेश सरकारें इस कुचक्र पर प्रहार क्यों नहीं करती? ऐसे मामलों पर अदालतों को हस्तक्षेप क्यों करना पड़ता है? कहीं ऐसा तो नहीं कि भूमाफिया के अवैध धंधों को संरक्षण मिला हुआ है?

प्रशासनिक देरी, समय बीतने या निवेश के कारण कोई अवैध निर्माण वैध नहीं हो सकता। यह बात देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट ने गत माह 18 दिसंबर को एक फैसले के सिलसिले में यह टिप्पणी भी की। दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज देश के विभिन्न नगरों एवं महानगरों में भूमाफिया सक्रिय हैं। वे न केवल अवैध कब्जा करते और निर्माण करते हैं बल्कि उन जमीनों पर कालोनी काटकर अथवा भवन बनाकर लोगों को बेच रहे हैं। इन भूमाफियाओं की स्थानीय अधिकारियों एवं नेताओं से इतनी गहरी साठगांठ होती है कि जब वे यह सब करते हैं तो प्रशासनिक अधिकारी और नेता इसकी न केवल अनदेखी करते हैं बल्कि समय बीतने के साथ ही वे अवैध निर्माण को वैध करने की प्रक्रिया शुरू कर देते हैं। यूं तो संपूर्ण देश में अवैध निर्माण एक संगठित अपराध बनकर उभरा है पर देश की राजधानी दिल्ली और एनसीआर में यह काम धड़ल्ले से चल रहा है। भूमाफिया काम के सिलसिले में देश के अनेक हिस्सों से आने वाले लोगों को मकान और दुकान बेचने के नाम पर ठग रहे हैं और वे भ्रष्ट अधिकारियों से साठगांठ कर सरकार को करोड़ों का चूना भी लगा रहे हैं। आज दिल्ली के अंदर आने वाले गांव, दिल्ली से सटे नोएडा-ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद और गुड़गांव के गांवों के आसपास और शायद ही कोई ऐसा सेक्टर होगा, जहां पर भूमाफिया ने अवैध निर्माण कर लोगों को ठगा न हो। मजे की बात यह है कि जब यह अवैध निर्माण चलता है प्राधिकरण अथवा प्रशासन के अधिकारी जानबूझकर कोई कार्रवाई नहीं करते क्योंकि माफिया इसके बदले अधिकारियों की जेबें जमकर गरम करते हैं। आपने सुना होगा कि नोएडा, ग्रेटर नोएडा अथवा गाजियाबाद प्राधिकरणों के अधिकारियों के घरों पर विजीलेंस, ईडी अथवा आयकर विभाग की टीमें प्रायः छापे मारती हैं और उनके घरों से अकूत संपत्ति भी पकड़ी गई है। नोएडा के कई ऐसे बहुचर्चित अधिकारी सरदार मोहिंद सिंह, रविंद्र यादव, यादव सिंह आदि हैं जिन पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लग चुके हैं। पहले निर्माण और बाद में बुल्डोजर चलाने के मामले में 18 दिसंबर 2024 को सुप्रीम कोर्ट को दिशा-निर्देश भी जारी करने पड़े। जस्टिस जेबी पारदीवाला व जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा कि निर्माण के बाद होने वाले कानूनी उल्लंघनों के खिलाफ भी त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए। ऐसे निर्माण को गिराने के साथ दोषी अधिकारियों पर भी जुर्माना लगाया जाना चाहिए। पीठ ने मेरठ में एक रिहायशी भूमि पर बने अवैध व्यावसायिक निर्माण के ध्वस्तीकरण को सही ठहराते हुए कहा, शहरी योजना से जुड़े कानूनों व अधिकारियों की जिम्मेदारियों को सख्ती से लागू करने की जरूरत है।

अवैध निर्माण को नियमित करने वाली योजनाएं केवल असाधारण परिस्थितियों में और विस्तृत सर्वेक्षण के बाद आवासीय घरों के मामले में एक बार के उपाय के रूप में लाई जानी चाहिए। अनधिकृत निर्माण, उसमें रहने वालों और आस-पास रहने वाले नागरिकों के जीवन के लिए खतरा पैदा करने के अलावा, बिजली, भूजल और सड़कों तक पहुंच जैसे संसाधनों पर भी प्रभाव डालते हैं, जिन्हें मुख्य रूप से व्यवस्थित विकास और अधिकृत गतिविधियों के हिसाब से डिजाइन किया जाता है। यहां अधिकारियों एवं सरकार के समक्ष अनेक सवाल रख रहा हूं। प्रश्?न है कि अवैध कालोनी और फ्लैटों की रजिस्ट्री क्यों और कैसे होती है? अगर जमीन और निर्माण अवैध है तो इन भवनों को कंपलीशन सर्टिफिकेट कैसे मिल जाता है? बिजली विभाग यहां पर कनेकसन क्यों और कैसे दे दिया जाता है? नगर निगम अथवा प्रशासन यहां पानी का कनेक्सन कैसे उपलब्ध करा देता है? यह भी देखा गया है कि यह सब होने के बाद स्थानीय नेता यहां रहने वालों के राशनकार्ड और वोटर आईडी कार्ड बनवा देते हैं, आखिर इस प्रक्रिया पर प्रतिबंध कौन लगाएगा? लोगों को अवैध निर्माण से मुक्त कराना है तो प्राधिकरणों और प्रशासन को अवैध निर्माण की निगरानी का सशक्त तंत्र बनाना चाहिए। अगर किसी भी इलाके में अवैध निर्माण हो रहा है तो अधिकारियों को प्रारंभिक स्तर पर ही उसके ढहा देना चाहिए। बावजूद इसके यदि वहां अवैध निर्माण हो गया है तो उस क्षेत्र के अधिकारी के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की जानी चाहिए। इसके अलावा भूमाफियाओं को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं।

सरकारी एवं अधिसूचित जमीनों का नियमित तौर पर सर्वे कराया जाए। इसके लिए ड्रोन की भी मदद ली जा सकती है। हाल ही में दिल्ली में सरकारी जमीन पर कब्जे की समस्या से निपटने के लिए दिल्ली विकास प्राधिकरण, दिल्ली नगर निगम और सर्वे ऑफ इंडिया ने एक अहम समझौता किया है। इसके तहत ड्रोन सर्वे की मदद से जमीन का सटीक रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। ड्रोन सर्वे से अतिक्रमण का आसानी से पता लगाया जा सकेगा और उस पर नजर रखी जा सकेगी।किसी भी शहर के सुनियोजित विकास और लोगों को समुचित सुरक्षित एवं गुणात्मक सुविधा प्रदान करना शासन और प्रशासन की नैतिक जिम्मेदारी है। इसलिए भूमाफिया और भ्रष्ट अधिकारियों दोनों पर ही नकेल कसने की जरूरत है।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# किसान नई तकनीकि से कम लागत में अधिक उपज प्राप्त करें: डीएम

**किसान मेला संपन्न**

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के बैनर तले आज संपन्न हुये किसान मेंला में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी घनश्याम मीनाने कहा कि किसान भाइयों को परम्परागत खेती के तरीके की जगह नवीन तकनीकों को अपनाकर कम लागत में अधिक उपज प्राप्त करनें हेतु उपाय करना चाहिए। जिलाधिकारी ने अधिक मात्रा में उत्पादित होने वाले उत्पादों जैसे मुसम्मी नीबू आदि की मार्केटिंग की व्यवस्था करनें को कहा तथा जनपद में औषधीय खेती कर रहे कृषकों की सराहना की। कृषकों को अपने खेतों के चारों ओर कांटेदार पौधों जैसे नीबू/करौदा/मुसम्मी आदि रोपित कर अपनी फसलों को सुरक्षित करने के साथ अपनी आय में भी वृद्धि करनें हेतु सुझाव दिया। मुख्य अतिथि सदर विधायक डॉ. मनोज प्रजापति द्वारा कृषक भाइयों का उत्साहवर्धन किया गया तथा जनपद की जलवायु को देखते हुए उन्नत किस्म की फसलों का चयन कर तथा उद्यान/कृषि विभाग से अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ लेकर अपनी आय को बढ़ाने हेतु आग्रह किया तथा उद्यान विभाग के प्रयासों की प्रशंसा की। कार्यक्रम के आयोजक आशीष कटियार जिला उद्यान अधिकारी ने किसानों को विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्होंने कहा की किसान भाई उद्यान विभाग के पोर्टल पर अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराकर योजनाओं का लाभ प्रथम आवक प्रथम पावक के आधार पर ले सकते हैं।

## हिंसक कुत्ते ने छह माह के मासूम को काटा, अस्पताल में भर्ती

**मौदहा हमीरपुर।** कस्बे के एक दूधमुहे बच्चों को कुत्ते ने काट लिया आनंन-फानन परिजनों ने बच्चों को चिल्लाते देख कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। कस्बे के सिचौली पूरवा निवासी वंश 6 माह पुत्र ओमप्रकाश घर में लेटा हुआ था और मां इधर.उधर अपने घरेलू काम निपटाने में लगी हुई थी तभी वहां कुत्तों ने आकर बच्चों के कोमल अंगों को काट लिया चिल्लाने पर मां दौड़कर आई और परिजनों को पूरा हाल बताया। आनंन-फानन कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया प्राथमिक उपचार के उपरांत तबीयत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# रात-दिन हाड़कपाऊ सर्दी में मशीनों की रखवाली कर रहे आपरेटरों को नहीं दिए गरम कपड़े

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

**हर साल बार्ज में बांधने को दी जाती थी पन्नी व रजायी गद्दे, एसई ने कहा- करायी जायेगी जांच, संवेदनहीन लिफ्ट कैनाल विभाग का हाल बेहाल**

संबेदनहीन लिफ्ट कैनाल विभाग ने इस साल हाड़कपाऊ सर्दी में कैनालों के आपरेटरों व चौकीदारों को रजाई गद्दे मुहैया नही कराये है यहा तक कि बार्ज में बांधने के लिये पन्नी तक नहीं दी है जिससे कोहरे में मशीने खराब हो रही है। यही नहीं कैनालों में फर्जी ढंग से मोटरे फुंकने व इसकी मरम्मत के लिये धन आहरण करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में अधीक्षण अभियंता ने जांच कराने को कहा है।

जानकारी के मुताबिक जिले में दस लिफ्ट कैनाले स्थापित है, जिसमें वहा पर रखवाली करने के लिये बिभाग ने प्रायवेट चौकीदार व आपरेटर रखे हैं। हर पंप कैनाल में अलग-अलग पांच, कही छह तो कही चार आपरेटर रखे गये है। हर साल इन कर्मियों को रजाई गद्दे दिये जाते थे, मगर इस साल ओढ़ने बिछाने के लिये कुछ भी नहीं दिया गया है जिससे गरीब कर्मियों में रोष व्याप्त है। यही नहीं कर्मचारी एक कंबल के भरोसे दुबके पड़े रहते हैं जिससे कभी भी कोई घटना हो सकती है। मगर अधिशासी अभियंता इस मामले में जरा सा भी गभीर नहीं है। सहुरापुर पंप कैनाल के आपरेटर मुन्ना, देशराज, कामता, रविंदा ने बताया कि सर्दी के कारण हाल बेहाल है रोजाना के हिसाब से केवल दोसौ रुपये मिलते है मामूली पगार मिलती है मगर रोजी-रोटी के लालच में वह चौबीस घंटे ड्यूटी करते रहते हैं क्योकि जंगल में नदी के किनारे बार्ज स्थापित होते है। वहीं पर छोटी सी मडैया बनाकर रह लेते है। उनका दुखदर्द देखने वाला कोई नहीं है, जबकि विभाग में लाखों के वारे-न्यारे होते रहते है, मगर इस साल गरम कपड़े न देकर विभाग ने उनके साथ बेइमानी की है। मामूली पन्नी के लिये विभाग ने नहीं सोचा है। इससे बार्ज में लगी कीमती मसीने खराब हो रही है मगर किसी को कोई परवाह नही है। इसी प्रकार जिले सहुरापुर पंप कैनाल में एक साल से कोई मोटर नही फुकी है मगर कई मर्तवा मोटर फुकने के लिये लगा पैसा निकाल लिया गया है जो चर्चा का विषय बना हुआ है। इसके लिये कही भी एग्रीमेंट नही है बताया जाता है कि जबसे लघुडाल नहर के एक्शियन शरद चौहान ने कार्यभार ग्रहण किया। तब से विभाग की हालत बद से बद्तर हो गयी है गरीब की कोई सुनने वाला नहीं है। अधीक्षण अभियंता पीपी सिंह का कहना है कि इस मामले में वह एक्शियन से बात कर जांच करायेंगे और किसी भी तरह से गरीबों को हक नही मारा जाना चाहिये था।

## सौ कंबलों का वितरण कर गरीबों को ठंड से बचाया

मौदहा, हमीरपुर। क्षेत्र में लगातार बढ़ रही शीत लहरी व ठंड से बचाव के लिए सरकार और समाजसेवियों ने आगे आकर गरीब असहाय निराश्रित लोगों को कंबल वितरण का अभियान भी तेज कर दिया है। बुधवार को विकासखंड के अंतिम छोर नदी किनारे बसे गांव में 100 कंबलों का वितरण कर गरीबों को ठंड से बचने की कोशिश की गई। विकासखंड के गढा गांव में प्रधान प्रतिनिधि अशोक सिंह ने व्यक्तिगत तौर पर गरीबों को ठंड से बचने के लिए जरूरतमंद लोगों को 75 कंबल वितरण किया। कंबल प्राप्त कर ग्रामीणों के चेहरे में मुस्कान देखने को मिली। इस अवसर पर अमित सिंह, कुंवर बहादुर यादव, राजू वर्मा, दिलीप सिंह, रमेश श्रीवास सीताराम प्रजापति, गेंदा यादव आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### मण्डल अध्यक्ष पनवाड़ी संतोष विश्वकर्मा के मनोनयन पर कार्यकर्ताओं ने मनाया देर रात्रि तक जश्न



**पनवाडी, महोबा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व एवम जिले के नेतृत्व ने आज रात्रि मण्डल अध्यक्षो की घोषणा कर दी। पनवाड़ी मण्डल अध्यक्ष के लिए सन्तोष विश्वकर्मा की घोषणा होते ही कार्य कर्ता खुशी से झूम उठे एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की देर रात्रि तक गोले दागे गए। गौरतलब हो कि कार्य कर्ता के दिलो में बसने बाले कार्यकर्ताओं के प्रति संकल्पित मण्डल अध्यक्ष का चयन किया गया मण्डल अध्यक्ष घोषित होते ही कार्यकर्ताओ ने फूल-मालाओं से संतोष विश्वकर्मा का जोर दार स्वागत किया। जगह-जगह मिष्ठान वितरण किया गया। संतोष विश्वकर्मा ने पत्रकार वार्ता में कहा कि सभी कार्य कर्ताओ के स्नेह एवम प्रदेश एवं जिले नेतृत्व के प्रति आभार जताया कि उन पर पार्टी ने भरोसा जताया। सुबह नव नियुक्त मण्डल अध्यक्ष ने ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि श्री प्रकाश अनुरागी के साथ जाकर बड़ी माता मंदिर में मत्था टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया उक्त अवसर पर ब्लाक प्रमुख प्रति निधि श्री प्रकाश अनुरागी, वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज द्विवेदी, श्री प्रकाश मिश्रा, संतोष अग्निहोत्री, उपेंद्र द्विवेदी, गौरव वर्मा आशीष मिश्रा सुनील दीक्षित गौरव अग्रवाल आनंद सैनी सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### ट्रैक्टर-टॉली पलटने से एक मजदूर की मौके पर मौत, तीन घायल

**पनवाड़ी/महोबा।** वीती रात्रि थाना क्षेत्र के सिलालपुरा से हेवतपुरा रोड पर एक ट्रैक्टर-टॉली में सिचाई के पाइप लाद चार मजदूरों को बैठाए जा रहा था, रास्ता खराब एवं गड्ढों के होने के कारण ट्रैक्टर-टॉली पलट गयी जिसमें एक मजदूर की मौके पर मौत हो गयी, तीन मजदूर घायल हो गये। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक गुलाब त्रिपाठी मौके पर पहुँच जाँच-पड़ताल कर शव अपने कब्जे में लेकर पी एम को भेजा। मृतक के परिजन की तहरीर पर चालक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया जाना बताया गया। कल बीती रात्रि एक टेक्टर कृषि कार्य मे सिचाई के लिए पाइप लेने के लिए सिलालपुरा निवासी हेवतपुरा रोड से निकल जा रहा था जिसमें चार मजदूर भी टॉली में बैठे थे। इसी में शेर सिंह पुत्र भानप्रताप उम्र 38 वर्ष भी बैठा था। ट्रैक्टर जैसे ही हेवतपुरा रोड पहुँचा गड्ढायुक्त रोड होने के कारण ट्रैक्टर अनियत्रिन्त होकर टाली सहित पलट गया। चीख पुकर सुन आस पास के खेत पर रखवाली कर रहे किसानों ने दबे मजदूरों को निकाला। जिसमें शेरसिह पुत्र भानप्रताप उम्र 38 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। थाना प्रभारी निरीक्षक गुलाब त्रिपाठी मौके पर पहुँचे और घटना की जाँच पङताल कर शव अपने कब्जे मे ले पंचनामा भर पी एम को भेजा। मृतक के साले रामशंकर ग्राम डकोर जिला जालोन ने बताया कि मृतक की पत्नी अंगूरी पूर्व मे मर गयी थी जिसकी एक लड़की प्रान्सी जो 18 वर्ष की है जिसका लालन पोषण मामा ने किया और मामा पास रहती है। मृतक के साले रामशकर की ओर से चालक के विरुद्ध तहरीर पुलिस को दी गयी। इस सम्बन्ध मे प्रभारी निरीक्षक गुलाब त्रिपाठी ने वताया कि तहरीर मिली है। मुकदमा चालक के विरुद्ध पंजीकृत किया जा रहा है।

### वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**राठ।** कोतवाली पुलिस ने वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि एसआई शिवदत्त ने पुलिस बल के साथ बुधवार को नहर बाई पास से हत्या करने के प्रयास से सम्बंधित अभियुक्त सचिन उर्फ सच्चू पुत्र राम मिलन राजपूत निवासी बहगांव राठ को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध राठए खरेलाए जलालपुरए जरिया थाने में एक दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। अभियुक्त को जेल भेज दिया है।

### चोर मारपीट कर भागा

**राठ।** कोतवाली के कैथा गांव में चोरी के इरादे से एक चोर घर में घुस गया। आहट सुनकर जब स्वजन जागे और चोर को पकड़ने का प्रयास किया तो वह हाथापाई करते हुए भाग गया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। कोतवाली के कैथा गांव निवासी थान सिंह पुत्र धनुआ ने बताया कि गांव का एक युवक रात्रि के समय अचानक चोरी के इरादे से उसके घर के अंदर घुस आया। जिसके बाद आहट मिलने पर जब घर में सो रहे उसके परिवार के सभी लोग जाग उठे और घर में घुसे युवक को पकड़ने का प्रयास किया। तो युवक हाथापाई करते हुए मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### प्राइवेट दुकानदार किसानों को नकली खाद बेंच दे रहें धोखा

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।** इस वर्ष कस्बा समेत क्षेत्र भर के खाद विक्रेताओं में नकली डीएपी खाद बेचने की होड़ मची रही जिनकी चपेट में तहसील क्षेत्र के कुछ किसान आ गये और एक सैकड़ा से अधिक बोरी खाद विक्रेता ने असली खाद कहकर उन्हें थमा दी जिसको ले जाने के बाद किसानों ने अपनी अधिकांश खेती की बुवाई कर दी लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद खेत में फसल न उगने के बाद अब किसानों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर उक्त खाद विक्रेता के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की है। मौदहा तहसील क्षेत्र के मुस्कुरा विकासखंड के इमिलिया गांव के किसान सुनील कुमार विक्रम सिंह अमित सिंह रामकरण सिंह ने उपजिलाधिकारी को बताया कि बीते 07 दिसंबर 2024 को उन्होंने एक साथ मौदहा के बड़े चौराहा के पास खाद विक्रेता सोमनाथ गुप्ता के यहां से 150 बोरी खाद 1800 रूपये प्रति बोरी के हिसाब से उठाई थी जिसका सम्पूर्ण दाम उन्होंने 1.24 लाख रुपये फोन पे के माध्यम से किया था। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने बताया कि लोकल खाद देकर खाद विक्रेता ने उनके खेतों को खराब कर दिया।

# चार सप्ताह बाद कस्बे में फिर चला अतिक्रमण अभियान

**व्यापारियों ने साथ के साथ तीखी नोंकझोंक**

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



चार सप्ताह पूर्व अतिक्रमण हटाकर सुंदरीकरण करने का काम नगर पालिका प्रशासन द्वारा शुरू किया गया था जिसमें माली कुआं चौराहा से थाना चौराहा तक का सुंदरीकरण गांव समय पर पूरा किया गया, लेकिन आगे नेशनल चौराहा से देवी चौराहा के बीच व्यापारियों के भारी विरोध के बावजूद काम अभी तक शुरू नहीं हो सका जिसको लेकर आज नायब तहसीलदार अधिशासी अधिकारी पुलिस बल की मौजूदगी में नेशनल चौराहा से देवी चौराहा तक अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया गया। जिसको लेकर व्यापारियों से तीखी नोंक झोंक भी देखने को मिली। पहले चरण में मलीकुआं चौराहा से डाण्यादव के मकान तक अभियान चलाया जाना था और नगरपालिका ने मलीकुआं चौराहा से नेशनल चौराहा तक का काम पूरा कर दिया गया था लेकिन सबसे अधिक संकरा इलाका नैशनल चौराहा से देवी तक के अतिक्रमण और चौरीकरण को लेकर नगरपालिका के पसीने छूट रहे थे जिसके चलते लगभग डेढ़ महीने तक अभियान ठप्प रहा। इस दौरान कई बार व्यापार मण्डल के नेताओं और जिम्मेदार अधिकारियों के बीच बैठक में बातचीत भी हुई लेकिन कुछ नतीजा नहीं निकलने के बाद बुधवार को अधिशासी अधिकारी सीमा तोमर नायब तहसीलदार महेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस के साथ ही नगरपालिका के कर्मचारी बुलडोजर लेकर पहंच गए। इस दौरान जगह जगह नगरपालिका के जिम्मेदारों और व्यापारियों के बीच तीखी बहस भी हुई लेकिन नगरपालिका का बुलडोजर चलता रहा। इस दौरान जमकर राजनीति भी हुई और सभी का केंद्र देवी चौराहा स्थित एक विशेष भवन और तीन दूकानें रही।

## उधार पैसा मांगा तो मारपीट की, पीड़ित ने पुलिस से की शिकायत

राठ(हमीरपुर)। उधार दी सब्जी के रुपए मांगने पर फुटकर सब्जी विक्रेता ने व्यापारी के साथ गाली गलौज कर मारपीट कर दी। दर्जनों सब्जी व्यापारियों ने कोतवाली में पहुंच तहरीर दी है। कस्बे के अतरौलिया मोहल्ला निवासी अरविंद कुशवाहा पुत्र इंदल कुशवाहा ने बताया कि बुधवार की सुबह करीब दस बजे उरई रोड स्थित सब्जी मंडी था। उसके बहनोई रामऔतार कुशवाहा निवासी जलालपुर रोड पठानपुरा ने एक व्यक्ति से व्यापार के लेनदेन का रुपए मांगा तो वह बहनोई के साथ गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर मारपीट कर दी। रुपए न देने की धमकी दी। वहीं सब्जी मंडी के आढ़ती अरविंद कुमारए मलखान सिंहए संदीप कुमारए संजय कुमार शैलेन्द्र दीनदयाल शिवम पुष्पेन्द्र देवेन्द्र अवधेश आदि व्यापारियों ने बताया कि उन सभी लोगों के भी उक्त व्यक्ति के पास सब्जी के उधार रुपए पड़े हैं। जब वह लोग उक्त व्यक्ति से उधार रुपए मांगते हैं तो वह देने में आनाकानी करता है। बताया कि मारने के लिए उतारू हो व्यापारियों ने पुलिस से उधार रुपए दिलाए जाने की मांग की है। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि जांच कराई जा रही है।

## स्वयं सेवकों द्वारा नगर में निकाली गई साहसिक साइकिल यात्रा



**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।** संघ की शताब्दी वर्ष के अवसर पर नगर में साहसिक साइकिल यात्रा निकाली गई जो अम्बेडकर चौराहा से प्रारंभ होकर नगर की विभिन्न बस्तियों से होकर अरतरा चौराहा, देवी चौराहा, नेशनल चौराहा, थाना चौराहा, मलीकुंआ चौराहा, गांधी विद्यालय मार्ग से होते हुए बड़ी देवी मन्दिर से मराठीपुरा से होते हुए सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में समापन हुआ। यात्रा का शुभारम्भ जिला संघ चालक शारदादीन ने भगवा ध्वज दिखाकर किया। यात्रा में जिला प्रचार प्रमुख भारत सिंह, नगर संघ चालक शिवा कान्त, नगर कार्यवाह धीरेन्द्र विभाग मार्ग प्रमुख मनीष, नगर सम्पर्क प्रमुख मयंक नगर व्यवस्था प्रमुख अवधेश पालीवाल, नगर सेवा प्रमुख अनिल द्विवेदी सहित सैकड़ों स्वयंसेवक विद्यार्थी पूरी साइकिल यात्रा में सम्मिलित हुए।

# सुप्रीम कोर्ट की नयी गाइड लाइन जारी, समिति के अनुमति के बाद ही डाक्टर महिलाओं के निकाल सकेंगे गर्भाशय

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

**सरकारी व प्रायवेट अस्पतालों में डाक्टरों की मनमानी पर लगी रोक, सीएमओ की अध्यक्षता में गठित होगी कमेटी, राठ में सबसे ज्यादा हो रहा था फर्जीवाड़ा, सभी सीएचसी पीएचसी अधीक्षकों को लिखा गया कड़ा पत्र**

सरकारी अस्पतालों व नर्सिंग होम में महिलाओं के बच्चे दानी निकाल फेकने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने नयी गाइडलाइन जारी कर कहा है कि जिले स्तर पर गठित कमेटी द्वारा अनुमति मिलने के बाद ही किसी महिला की गर्भाशय को आरपेशन द्वारा निकाला जायेगा। यह जानकारी सेहत विभाग ने सभी सीएचसी व पीएचसी को दे दी है।

जानकारी के मुताबिक प्रदेश में महिलाओं के गर्भाशय को अनावश्यक रुप से निकालने की प्रक्रिया बढती जा रही थी इससे महिलाओं के सेहत पर बिपरीत प्रभाव पड़ने के साथ साथ ज्यादातर नर्सिंगहोम के संचालक फर्जी ढंग से गर्भाशय निकालने के बाद आयुष्मान कार्ड से सत्ताइस हजार रुपये निकाल लेते है, यही नहीं हमीरपुर जिले में ब्रजरानी हास्पिटल ने एक माह में कम से कम दस गर्भाशय निकालने की अनुमति सीएमओ से मांगते थे। यही नहीं चार माह में कई महिलाओं के गर्भाशय निकालने की लिखित रिपोर्ट भेजी थी। इस पर डिप्टी सीएमओ ने नर्सिंग होम को बच्चेदानी निकालने के लिये अनुमति देना ही बंद कर दिया है। इधर दो साल पहले डॉ. नरेद्र गुप्ता ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी जिसमे सर्वोच्च न्यायालय न्यायालय ने इस मामले में अनावश्यक बच्चेदानी निकालने पर रोक लगा दी थी, डिप्टी सीएमओ ने बताया कि सीएमओ की अध्यक्षता में गठित की जाने वाली कमेटी में सीएमओ, डिप्टीसीएमओ, नोडल अधिकारी आरसीएच, नोडल जेएसवाई, सीएमएस महिला, पुरुष समेत कम से कम छह सदस्यीय कमेटी गठित की जायेगी, जो महिला के गर्भाशय निकालने के पहले समिति जांच करेगी इसके बाद ही उसका इलाज किया जायेगा। जिले में कुछ नर्सिंग होम माह में एक या दो महिलाओं के बच्चेदानी (गर्भाशय) निकाने की रिपोर्ट मांगते हैं।कुछ नर्सिंग होम संचालक तो माह में कम से दस से अधिक महिलाओं को रिपोर्ट भेजते है इस पर फिलहाल सीएमओ ने रोक लगा दी है। उधर जिले में आयुष्मान कार्डधारक तीन या चार नर्सिंग होम हैं जिसमें कुछ लोगों ने नवीनीकरण नहीं कराया है। इसलिये कई लोगों को पत्र भेजकर नवीनीकरण कराने को कहा गया है। इधर यह आदेश जारी होते ही नर्सिंग होम संचालको में बेचौनी देखी जा रही है क्योकि फर्जी ढंग से आयुष्मान कार्ड से पैसा निकालने की प्रक्रिया पर रोक लग जायेगी। डिप्टी सीएमओ ने बताया कि यह आदेश सभी सीएचसी पीएचसी प्रभारियों को भेजवा दिया गया है। इस पर कितने लोग अमल करेंगे यह समय ही बतायेगा।

# पुरानी रंजिश में दबंग ने युवक को मारी गोली, गंभीर हालत में झांसी रेफर

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



कोतवाली क्षेत्र के कालीपहाड़ी गांव में पुरानी रंजिश में दबंग ने युवक को गोली मार दी। परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां से उसे झांसी रेफर कर दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। महोबा जिले में कोतवाली क्षेत्र के कालीपहाड़ी गांव में पुरानी रंजिश के चलते दबंग ने युवक को गोली मार दी। दोनों हाथों में गोली व छर्रे लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लाए। यहां से डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कालीपहाड़ी निवासी सुखदीन का बेटा कृपा (19) मंगलवार की रात घर के दरवाजे पर खड़ा था। तभी गांव का ही दबंग शराब के नशे में वहां पहुंच गया और गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर दबंग ने तमंचे से फायर कर दिया। इससे गोली युवक के एक हाथ में लगी, जबकि दूसरे हाथ में छर्रे लगे। इससे वह अचेत होकर गिर गया। तब आरोपी मौके से भाग निकला। गंभीर हालत में परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे झांसी भेजा गया।

**परिजनों ने अभी तक नहीं दी है तहरीरः** घायल कृपा ने बताया कि पूर्व में उसका आरोपी से विवाद हो गया था, तब से वह रंजिश मानता था। इसी के चलते घटना को अंजाम दिया। हालांकि, दोनों हाथ में गोली और छर्रे से मामला संदिग्ध माना जा रहा है। इमरजेंसी वार्ड में तैनात डॉ. यतींद्र पुरवार ने बताया कि युवक के एक हाथ में फ्रैक्चर था और गन पाउडर लगा था। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। घायल को परिजनों ने अभी तक किसी प्रकार की तहरीर कोतवाली में नहीं दी है।


**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**प्रयाग स्टेशन पर अस्थायी ठहराव**

आगामी कुम्भ मेला-2025 के मद्देनजर, रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा दिनांक 10.01.2025 से 28.02.2025 तक निम्नलिखित रेलगाड़ियों को प्रयाग स्टेशन पर 2 मिनट का अस्थायी ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है :-

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | प्रयाग स्टेशन पर प्रस्तावित समय-सारणी | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| 20416 इंदौर-वाराणसी काशी महाकाल सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 01:23 | 01:25 |
| 20941 बांद्रा टर्मिनस-गाजीपुर सिटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 01:58 | 02:00 |
| 12382 नई दिल्ली-हावड़ा पूर्वा एक्सप्रेस | 02:13 | 02:15 |
| 12669 एमजीआर चेन्नै सेंट्रल-छपरा गंगा कावेरी सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 02:28 | 02:30 |
| 22434 आनन्द विहार (ट)-गाजीपुर सिटी सुहेलदेव सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 04:28 | 04:30 |
| 12165 लोकमान्य तिलक (ट.)-गोरखपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 04:43 | 04:45 |
| 22183 लोकमान्य तिलक (ट.)-अयोध्या कैंट साकेत सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 04:43 | 04:45 |
| 12539 यशवंतपुर-लखनऊ सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 05:23 | 05:25 |
| 11055 लोकमान्य तिलक (ट.)-गोरखपुर गोदान एक्सप्रेस | 09:03 | 09:05 |
| 11059 लोकमान्य तिलक (ट.)-छपरा एक्सप्रेस | 09:03 | 09:05 |
| 18205 दुर्ग-नौतनवाँ एक्सप्रेस | 11:18 | 11:20 |
| 22103 लोकमान्य तिलक (ट.)-अयोध्या कैंट सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 11:58 | 12:00 |
| 22683 यशवंतपुर-लखनऊ सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 13:18 | 13:20 |
| 22550 प्रयागराज-गोरखपुर वंदे भारत एक्सप्रेस | 15:27 | 15:29 |
| 22549 गोरखपुर-प्रयागराज वंदे भारत एक्सप्रेस | 12:58 | 13:00 |
| 11071 लोकमान्य तिलक (ट.)-बलिया कामायानी एक्सप्रेस | 16:28 | 16:30 |
| 15102 लोकमान्य तिलक (ट.)-छपरा अंत्योदय एक्सप्रेस | 18:33 | 18:35 |
| 22468 गांधीनगर केपीटल-वाराणसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 20:43 | 20:45 |
| 22613 रामेश्वरम-अयोध्या कैंट श्रद्धासेतु सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 22:53 | 22:55 |
| 22969 ओखा-बनारस सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 23:23 | 23:25 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139


पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा-हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

**चरखारी महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



विकासखंड चरखारी के ग्राम पहरेथा विगत कई वर्षों से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी खेरापति बाबा प्रांगण पहरेथा में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान उत्सव में दिल्ली से पधारे कथाव्यास नारायण शास्त्री महाराज के द्वारा कथा के चौथे दिन वामन अवतार, श्रीकृष्ण जन्म की कथा एवं नंदोत्सव का वर्णन किया गया। कथा का पूजन पंडित नारायण एवं आचार्य के द्वारा मंत्रोच्चारण से करवाया गया। श्रीकृष्ण जन्म की कथा का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि कंस की कारागार में वासुदेव- देवकी के भादो मास की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। उनका लालन-पालन नंदबाबा के घर में हुआ था। इसलिए नंदगांव में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। श्रीकृष्ण ने अत्याचारी कंस का वध करके पृथ्वी को अत्याचार से मुक्त किया और अपने माता-पिता को कारागार से छुड़वाया। कृष्ण जन्म की खुशी में कथा स्थल को विशेष रूप से सजाकर दही पंजरी का प्रसाद वितरण किया गया तथा भक्तों ने नाच कूदकर नंदोत्सव मनाया। इस अवसर पर बाबूराम शर्मा, संतोषराज शिवहरे, साधन सहकारी समिति के अध्यक्ष मोती द्विवेदी, अमित तिवारी, हिमालय सिंह, शनि शर्मा, अभय पचौरी, लल्ले दाऊ, लोकेश विश्वकर्मा सहित अनेक भक्तगण उपस्थित रहे।

# गौशाला की शिकायत मिलने पर उपजिलाधिकारी ने किया निरीक्षण



**चरखारी (महोबा)।** जिला अधिकारी मृदुल चौधरी के निर्देशों के क्रम के अभियान में आज उपजिलाधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार द्वारा गौशाला बम्हौरी बेलदारन में अचानक पहुंच कर गौशाला का निरीक्षण किया गया ।विरोधियों द्वारा बार-बार शिकायत मिलने पर श्री कुमार द्वारा अचानक पहुंच कर गौशाला देखी गई, ग्राम पंचायत बम्हौरी बेलदारन में गोवंश को ठंड से बचाव हेतु टीन सेड, पालीथीन, साफ सफाई अलाव भूसा चारे, चोकर, गुड़ अजवायन की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। एसडीएम ने शीत लहर व ठंड को देखते हुए अलाव जलाने पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा, इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रामसिंह सिंह पाल, सचिव शादाब खान आदि मौजूद रहे।

# शपथ पत्र संग डीएम से की शिकायत

▶ ग्राम पंचायत मवई ब्राह्मण में दो कार्यों पर 180 श्रमिक काम करते दर्शाए गए थे डीसी मनरेगा ने किया था स्थलीय निरीक्षण

**कदौरा,जालौन समृद्धि न्यूज।**

पारदर्शी व्यवस्था में जिम्मेदार मनमानी और सरकारी व्यवस्था में सेंध लगाने से चूक नहीं रहे हैं। जिम्मेदारों ने नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम ( एनएमएमएस ) पर काम करते दर्शा कर फर्जी तरह से भुगतान कर रहे है। बुधवार को कदौरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत मवई ब्राह्मण की महिला मेट सावित्री ने डीएम को दिए शपथ पत्र में जिम्मेदारों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दिए हैं शपथ में बताया कि ग्राम पंचायत में कराए है मनरेगा कार्य जलरोधक बांध..रामविलास के खेत से बंबी तक,वृन्दावन के खेत से डाड़े तक,शिवकांत तिवारी के खेत से देवेंद्र तिवारी के खेत तक और शिवसेवक के खेत से रामविलास के खेत तक, उक्त सभी कार्य मशीनों से कराए गए हैं। कई कार्यों के भुगतान हो चुके है। जो रह गए है उनके भुगतान जिम्मेदार कराने की फिराक में है। रोजगार न मिलने से ग्रामीण अन्य जिलों और प्रदेशों में मजदूरी कर जीवन यापन करने को मजबूर है। प्रार्थनी के द्वारा किए गए कार्यों की मजदूरी नहीं दी गई। आरोप है कि प्रधान पुत्र और उसके सहयोगियों द्वारा वीडियो बनाने और फोटोग्राफी करने पर धमकी दी जाती है। शिकायत पर डीएम राजेश कुमार पांडेय ने उच्च स्तरीय कमेटी गठित कर जांच के आदेश दिए है।

## मनरेगा में फैला भ्रष्टाचार



शिकायत करने पहुंची महिला मेट सावित्री

**कदौरा।** ग्राम पंचायतों में फर्जी ढंग से मनरेगा योजना में हो रहे कार्यों को देखते हुए ग्रामीण भी अब एकजुट हो रहे है। इस समय खेतों पर फसल खड़ी हुई है,लेकिन अधिकतर ग्राम पंचायतों में मेड़बंधी और समतलीकरण के कार्य कागजों में हो रहे है। 4 जनवरी को ही उपायुक्त (श्रम-रोजगार) रामेंद्र सिंह ने भी मवई ब्राह्मण में हो रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर जांच की थी। जिससे जिम्मेदारों में हड़कंप मच गया था।

# बुंदेलखंडी अलग भाषा होने पर भी राज्य न बनना दुर्भाग्यपूर्ण : राजा बुंदेला

▶ ग्राम पंचायत इकोना, रैला, जमरेही, जकसिया, इटोरा, परोसा, बागी, हरचंदपुर, उदनपुर, कुसमरा, पंडोरा, नाका, खुटमिली, मटरा, बबीना, चतेला, भेड़ी, गरेंही, बड़ागांव, मदरा लालपुर के ग्राम प्रधानों ने दिया समर्थन

**कदौरा,जालौन समृद्धि न्यूज।**



पृथक बुंदेलखंड राज्य की मांग लेकर बुंदेलखंड संयुक्त मोर्चा के नेतृत्व में विभिन्न संगठनों द्वारा बुंदेलखंड विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष राजा बुंदेला के नेतृत्व में निकाली जा रही पदयात्रा 14 वें दिन बुधबार को कदौरा नगर से यात्रा की शुरूआत हुई। पदयात्रा जोल्हुपुर, सरसेला, सैदपुर, शाहजहांपुर गांव होती हुयी देर शाम आटा गांव में पहुंची जहां पर पदयात्रियों ने रात्रि विश्राम किया साथ ही ग्रामीणों से पृथक बुंदेलखंड राज्य निर्माण पर खुलकर चर्चा भी की।

पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे राजा बुंदेला ने ग्रामीणों को बुंदेलखंड राज्य की मांग का महत्व समझाते हुए कहा कि यह बुंदेलखंड के लोगों के भविष्य की लड़ाई है। हम सभी ग्रामीणों को एक साथ मिलकर बुंदेलखंड की लड़ाई लड़नी है। उन्होंने कहा कि आज के युवा रोजगार के लिए बुंदेलखंड छोड़ने को विवश हो रहे हैं। उन्होंने गांवों से हो रहे पलायन के बारे में चिंता करते हुए कहा कि रोजगार के कम अवसर होने की वजह से लोग पलायन कर रहे है। अब डकैत नहीं बचे पर पेट की वजह से लोगों को घर छोड़कर जाना पड़ रहा है। झांसी स्टेशन पर दिल्ली और मुंबई जाने वाली गाड़ियों को देखो कैसे हम लोग बोरी में अपना जीविका का समान भरकर नौकरी के लिए जाते है। कोई पल्लेदारी करता है, कोई फैक्ट्री में काम करता है तो कोई मजदूरी करता है। यह आर्थिक दृष्टि से भी गलत है कि एक प्रांत की 68 फीसदी आबादी सिर्फ रोजगार के लिए अपना गृह गांव छोड़कर जा रही है सरकारें कब चेतेगी। अलग बुन्देलखण्ड बनेगा तभी ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर विकसित होंगे। सात नदियों का पानी बुन्देलखण्ड में होने के बाद भी बुन्देलखण्ड प्यासा है। राजा बुंदेला ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हम जहां भी जा रहे है वहां लोग मजबूती के साथ कहते है कि बुंदेलखंड अलग राज्य होना चाहिए। भाषाई आधार पर राज्यों का गठन किया गया था इसे में हमारी बुंदेलखंडी अलग भाषा है। हमारा भी अलग राज्य होना चाहिए।

## ठिठुरन से जनमानस में बढ़ी सिकुड़न

**फतेहपुर बाराबंकी।** तहसील क्षेत्र अंतर्गत बुधवार पूरा दिन छाई रही बदली ठंड से बनी रही लोगों में ठिठुरन और सिकुड़न।मालूम हो क्षेत्र में पूरा दिन बादल छाए रहने वा मीठी मीठी हवा चलने से ठिठुरते और जगह जगह अलाव के सहारे खडे लोग नजर आए। वही सड़को पर यातायात व जन मानस अपने काम काज करते गरम कपड़ों आदि में नजर आए।जबकि बीते दिन मंगलवार दोपहर के बाद से हल्की हल्की धूप निकलने से लोगों में कुछ हल्का तल्फी बनी थी।लेकिन मौसम ने एकाएक पूर्व की भांति परिवर्तन की ओर रुख बदल लिया इसलिए क्योंकि बीती रात मे तेज हवाओ के छोंको ने अपना कहर दिखाया था इसी से बुधवार को पूरा दिन आसमान में बादल छाए रहे और ठंडी की बढ़ोत्तरी हो गयी।जिससे ठिठुरन और गलन का एहसास लोगो में रहा।

# भीम आर्मी कार्यकर्ताओं ने बीडीओ को ज्ञापन देकर विकास कार्य कराए जाने की उठाई मांग



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

भीम आर्मी भारत एकता मिशन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बीडीओ को ज्ञापन देकर प्रधान पर गांव के विकास के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाते हुए गांव में विकास कार्य कराए जाने की मांग की है। और उचित कार्यवाही न होने पर ब्लॉक परिसर का घेराव करने की चेतावनी दी है। ज्ञापन देने के बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुए मिशन के पदाधिकारी विनय कुमार ने बताया कि विकासखंड त्रिवेदीगंज के ग्राम पंचायत रौनी के तहत आने वाले गौतवन पुरवा गाँव में ग्राम प्रधान द्वारा जातिवादी मानसिकता के कारण उनके गांव में कोई कार्य नही कराया गया हैं। ग्राम पंचायत रौनी के अन्य सभी गांवों में लाईटे लगवाई गई है जबकि उनके गांव में एक भी लाईट नही लगाई गई।

मनरेगा सम्बंधित कार्य जैसे नाली निर्माण व इण्टरलाकिंग खडंजा पटरी भराई जैसे कोई भी कार्य नही कराये गये है जिससे गांव के लोगों को बारिश में आने जाने व बारिश का पानी निकलने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

# नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष ने भाजपा नेतृत्व के प्रति जताया आभार

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



जनपद की 6 विधानसभा क्षेत्रों में 21 मंडल अध्यक्ष के नाम किए गए घोषित जिसमें पहली महिला मंडल अध्यक्ष बनी सरिता वर्मा ने भाजपा पदाधिकारियों को आभार व्यक्त करते हुए बताया कि मेरे द्वारा मिली जिम्मेदारी को मैं पूर्ण निष्ठा से निभाने का कार्य करूंगी। बताते चलें जनपद बाराबंकी में 6 विधानसभा सीटों पर 21 मंडल अध्यक्ष व जिला प्रतिनिधि के नाम प्रदेश चुनाव अधिकारी डॉ. महेंद्र नाथ पांडे की संतुष्टि पर घोषित किया गया है। जिसको लेकर भाजपाइयों में खासा उत्साह देखने को मिला। वहीं बाराबंकी जिले में पहली बार महिला मंडल अध्यक्ष हरख से सरिता वर्मा का नाम घोषित किया गया। इसके बाद बुधवार दोपहर करीब 1 बजे जैदपुर थाना चौराहा पर हरख की मंडल अध्यक्ष सरिता वर्मा का जिला प्रतिनिधि प्रमोद गोस्वामी, राजन बक्सोर सहित अन्य भाजपाइयों ने मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष सरिता वर्मा ने बताया की पार्टी द्वारा दिए गए दायित्व और कार्यों को उच्च शिखर पर ले जाने के लिए सदैव वह प्रयासरत रहेंगी।

# ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर भाकियू कार्यकर्ता रेलवे स्टेशन पर करेंगे धरना प्रदर्शन

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयतावादी के कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन पर धरना प्रदर्शन करेंगे, यदि इस पर भी रेलवे विभाग के अधिकारी कार्यकर्ताओं के बीच आकर ट्रेन रोकने का आदेश नहीं जारी करते तो रेलवे ट्रैक जाम करने का काम भी किया जाएगा।

यह जानकारी देते हुए किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर रामचंद्र सिंह ने बताया कि 9 जनवरी को हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन पर होने वाले धरना प्रदर्शन व रेलवे ट्रैक जाम करने की सूचना संबंधित अधिकारियों को दी जा चुकी है, फिर भी संबंधित अधिकारियों द्वारा आज तक हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव को लेकर कोई कदम नहीं उठाएं गये हैं। जिससे मजबूर होकर संगठन ने 9 जनवरी को हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन पर धरना प्रदर्शन और रेलवे ट्रैक जाम करने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय हैं कि हैदरगढ़ क्षेत्र से लखनऊ- बनारस रेलवे खंड की लाइन गई हुई है । जिस पर दर्जनों ट्रेनें दिन रात संचालित हो रही है, लेकिन हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन पर एक भी ट्रेन नहीं रुकती है जिससे हैदरगढ़ व इससे जुड़े रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या जिले के गांवों के ग्रामीणों को शहर जाने में दिक्कते हो रही है। यहां ट्रेनों के ठहराव को लेकर भाजपा के पूर्व सांसद उपेंद्र रावत, विधायक दिनेश रावत, पूर्व विधायक स्वर्गीय सुंदरलाल दीक्षित व किसान यूनियन के नेताओं ने संबंधित रेलवे अधिकारियों को पत्राचार भी किया और रेलवे स्टेशन हैदरगढ़ पर धरना प्रदर्शन भी कर चुके हैं लेकिन रेलवे विभाग के अधिकारियों के कान पर जू तक।नहीं रेंगी है। हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन पर वरुणा, हावड़ा, अमृतसर, बेगमपुरा, सद्भावना, मरुधर, हिमगिरी, कुंभ एक्सप्रेस उपासना एक्सप्रेस, महामना एक्सप्रेस, सुल्तानपुर अहमदाबाद एक्सप्रेस, हरिहर एक्सप्रेस, लखनऊ -सुल्तानपुर पैसेंजर आदि ट्रेनों को रोके जाने को लेकर गुरुवार दोपहर को राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर रामचंद्र सिंह के नेतृत्व में उनके हजारों कार्यकर्ताओं ने हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन पर धरना प्रदर्शन कर रेलवे ट्रैक जाम करने की घोषणा की है। जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होंगी।

## खबरें एक नजर में

### बीडीओ ने की मनरेगा योजनाओं की समीक्षा बैठक

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** ब्लाक सभागार सिरौलीगौसपुर में खण्ड विकास अधिकारी अदिति श्रीवास्तव की अध्यक्षता में मनरेगा योजनाओं से संबंधित बैठक का आयोजन हुआ। इस बैठक में पंचायत सचिव, टीए, ग्राम रोजगार सेवक, और अन्य संबंधित अधिकारियों ने भाग लिया। बीडीओ ने योजनाओं की प्रगति पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पुराने कार्यों की प्रगति भी जाँचते हुए पंचायत के ग्राम रोजगार सेवकों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने पंचायतों में श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर मनरेगा योजना में अधिक से अधिक श्रमिकों को नियोजित करें, ताकि 100 दिनों का मानव दिवस सृजन हो सके।रोजसेवक संघ के जिलाध्यक्ष आकाश त्रिपाठी और ब्लाक अध्यक्ष अजय यादव के नेतृत्व में खण्ड विकास अधिकारी को नए वर्ष की शुभकामनाएं दी गई, साथ ही उन्हें एक बुके भेंट किया गया। बैठक में पंचायत सचिव राजेश कुमार, टीए यजदिन दानी, अखिलेश वर्मा, रोजसेवक अजय यादव, प्रेमलता आदि उपस्थित रहे।

### डीएम ने बच्चों को गर्म कपड़े सहित बांटी अन्य सामग्री



**उरई (जालौन)।** बुधवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने लहरियापुरवा स्थित नेत्रहीन विद्यालय का दौरा किया और वहां के बच्चों के बीच गर्म वस्त्र, मिठाई, बिस्कुट, फल और अन्य जरूरी सामग्री का वितरण किया। जिलाधिकारी ने विद्यालय के बच्चों से मिलकर उनका हाल चाल लिया। जिलाधिकारी ने बच्चों को ठंड से बचने के लिए गर्म कपड़े स्वेटर आदि प्रदान किए जिससे बच्चों के चेहरे पर खुशी का भाव दिखा। उन्होंने मिठाई बिस्कुट फल आदि के पैकेट भी वितरित किए। जिलाधिकारी ने विद्यालय के शिक्षकों से बच्चों की पढ़ाई और अन्य जरूरतों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए प्रशासन हरसंभव सहायता प्रदान करेगा और उनकी शिक्षा की गुणवत्ता में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. नरेंद्र देव शर्मा, सीएमएस प्रशांत निरंजन, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्रप्रकाश, समाज कल्याण अधिकारी प्रवीण सिंह आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### ट्विटर पर अभद्र टिप्पणी करने वाले कसा शिकंजा

**जालौन,उरई।** एक्स (ट्विटर) पर डॉ. भीमराव अंबेडकर के खिलाफअभद्र टिप्पणी के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफकार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भिटारा निवासी आशीष कुमार का सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (ट्विटर) पर अकाउंट है। उसने अपने एक्स अकाउंट से 25 दिसंबर और छह जनवरी को डॉ. भीमराव अंबेडकर को लेकर अभद्र टिप्पणी शेयर की थी। उसके द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी की शिकायत कुछ लोगों ने कोतवाली पुलिस से की थी। जिसका संज्ञान लेते हुए पुलिस ने आरोपी के खिलाफकार्रवाई की है।

### रंजिशन पड़ोसी ने की महिला से मारपीट

**जालौन,उरई।** रंजिश के चलते पड़ोसी महिला के साथ गाली, गलौज कर मारपीट किए जाने की शिकायत पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफकार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नारोभास्कर निवासी पदमा ने पुलिस को बताया कि उनके पड़ोसी राहुल उससे रंजिश मानते हैं। रंजिश के चलते अक्सर गाली, गलौज करते रहते हैं। बुधवार की सुबह वह घर के काम कर रही थी। तभी राहुल वहां आए और गाली, गलौज करने लगे। मना करने पर उन्होंने मारपीट कर दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफकार्रवाई की है।

ओवरस्पीडिंग, ड्रक एण्ड ड्राइव के खिलाफ परिवहन विभाग का सख्त एक्शन

# 12 लाइसेन्स निलंबित व चार ई-रिक्शा समेत एक वाहन सीज, 25 का हुआ चालान

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



ओवरस्पीडिंग, ड्रक एंण्ड ड्राइव, बिना हेलमेट-सीटबेल्ट समेत हाइवे पर संचालित ई-रिक्शा के खिलाफ परिवहन विभाग ने सख्त एक्शन लिया है। इस दौरान बिना हेलमेट-सीटबेल्ट, स्पीड़ लिमिटिंग डिवाइस मिलने पर वाहन सीज एंव नियमो का उल्लंघन करने वाले 2 दर्जन वाहनो के चालान किये गये। अभियान मे सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला व क्षेत्राधिकारी सुमित त्रिपाठी की संयुक्त टीम ने लखनऊ-अयोध्या हाइवे स्थित सागर विद्यालय पर 4 ई-रिक्शा, 1 ड्रक एण्ड़ ड्राइव समेत बिना हेलमेट-सीटबेल्ट के वाहन संचालन करने वाले छात्र-छात्राओ को नियमो का पाठ पढाया। इस दौरान 25 वाहनो के चालान किये गये। अभियान के दौरान दर्जनो वाहनो पर स्पीड़ लिमिटिंग डिवाइस क्रियाशील न मिलने पर सख्त कार्यवाही कर 12 ड्राइविंग लाइसेन्स को निलंबित किया गया। अभियान के दौरान यातायात प्रभारी रामयतन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# खाटू श्याम मन्दिर की कमेटियों में बढ़ा विवाद, बनी नई कमेटी

**फतेहपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत फतेहपुर कस्बे में जारकबीर देव स्थान के निकट स्थित खाटू श्याम मन्दिर में दो कमेटियों के बीच हो रहे आपसी विवाद को देखते हुए एसडीएम ने एक नई अस्थायी कमेटी का गठन किया है। इस कमेटी के पदेन अध्यक्ष ईओ को बनाया गया है।

कस्बे के मोहल्ला फैय्याजपुरा में खाटू श्याम मन्दिर का एक वर्ष पूर्व निर्माण कार्य कराया गया था जिसमें दो कमेटी अपनी व्यवस्थानुरूप मन्दिर का संचालन कराने में आपस में विवाद कर रही थी।जिसकी शिकायत अनिल कुमार अग्रवाल द्वारा की गयी। शिकायत को संज्ञान मे लेते हुए एसडीएम ने कमेटी संचालकों से आय-व्यय का ब्यौरा मांगा।लेकिन किसी कमेटी के द्वारा कोई भी अभिलेख व आय- व्यय का ब्यौरा नही प्रस्तुत किया गया वाद-विवाद को समाप्त करने के लिए एसडीएम ने एक अस्थायी पूजा कमेटी का गठन किया। जिसमे पदेन अध्यक्ष ईओ, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विश्वनाथ गुप्ता, उपाध्यक्ष कैलाशनाथ अग्रवाल,नलिन निगम के साथ अंकुर निगम,बृजेन्द्र अग्रवाल, किशन सोनी,सुनील अग्रवाल, सूरज गुप्ता,अखिलेश जोशी की समिति बनाई गयी है जो मन्दिर में होने वाले पूजा पाठ व अन्य कार्य की व्यवस्था को देखेंगे। साथ ही मन्दिर की आय व्यय का प्रति माह ब्यौरा पेश करेंगे।

## जरगावा में हुई मजलिस की तैयारी बैठक

**सिद्धौर बाराबंकी।** सैय्यदवाड़ा क्षेत्र के ग्राम जरगावाँ में अंजुमन मोईनुल मजालिस रजि. की जानिब से होने वाली सालाना मजालिस की बैठक शानिवार को इमाम बारगाह हुसैनिया अमानत अली आलमपुर में की गई। इस वर्ष यह मजालिस का 58 वां दौर होगा। तशनगाने फुरात का मातम के उन्वान से हर साल होती हैं , इस साल यह सालाना मजालिस के सिलसिले में एक मीटिंग अंजुमन के सद्र अमानत अली साहब और मुन्तज़िम आला शुजा अब्बास साहब की जानिब से हुसैनिया अमानत अली आलमपुर में मुनक्दि की गई।

**सूचना**
मेरी आईटीआई वर्ष 2003-2004 का अनुक्रमांक सं. 07614208 है जिसका प्रमाण पत्र जो वास्तव में कहीं खो गया है। मुझे प्रमाण पत्र की द्वितीय प्रति की आवश्यकता है।
**रंजीता पत्नी लालजीत निवासी लोको रोड अंधेरी बाग, भोलेपुर-फतेहगढ़, जनपद-फर्रुखाबाद।**

**सूचना**
मैंने अपने नाम इरशाद से बदलकर मोहम्मद इरशाद रख लिया है। अब मुझे भविष्य में मोहम्मद इरशाद के नाम से ही जाना जाये।
**मोहम्मद इरशाद पुत्र दिलशाद अहमद निवासी मोहल्ला काजम खां, कायमगंज, जनपद फर्रुखाबाद।**

**सूचना**
मेरे पति के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम SANGEETA व जन्मतिथि 01.07.1983 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम SANGEETA RATHORE व जन्मतिथि 01.01.1985 है। SANGEETA RATHORE W/o of Army No-3001868P, रैंक-हवलदार, प्रमोद कुमार राठौर आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी ग्राम-कुबेरपुर, सहसपुर, जिला-फर्रुखाबाद-209743, द्वारा शपथ पत्र नंबर-44AA160253, 08 जनवरी 2025 फतेहगढ़ कोर्ट.

**सूचना**
मेरे पति के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम SARITA DEVI दर्ज हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम SARITA है। SARITA W/o of Army No-2998643N, रैंक-हवलदार, सुधीर कुमार सिंह, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी ग्राम-फरीदपुर, पोस्ट-प्रेमपुर, जिला कन्नौज, उत्तर प्रदेश-209721, द्वारा शपथ पत्र नंबर-44AA160258, 08 जनवरी 2025 फतेहगढ़ कोर्ट.

**सूचना**
मेरे पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम RAMA DEVI व जन्मतिथि 01.07.1955 दर्ज हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम RAM DEVI व जन्मतिथि 01.01.1965 है। RAM DEVI M/o of Army No-3005726P, रैंक-लांस/हवलदार, सत्य प्रकाश शर्मा, आर.आर.सी. फतेहगढ़, निवासी ग्राम-टेटुका, मढाभाऊ, जिला-धौलपुर, राज्य-राजस्थान-328029, द्वारा शपथ पत्र नंबर-44AA160252, 08 जनवरी 2025 फतेहगढ़ कोर्ट.

# दूसरे दिन नरम हुआ यातायात नियमों के जागरूकता का प्रसार

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

परिवहन विभाग की ओर से शुरू किए गए सड़क सुरक्षा माह की सख्ती शहर में लगातार देखने को मिल रही है। बुधवार की शाम शहर के अग्रसेन चौराहा,नवीन मंडी व रायबरेली रोड सहित विभिन्न चौराहों पर आरटीओ प्रशासन अयोध्या मंडल सुश्री ऋतु सिंह के नेतृत्व में एआरटीओ (टी) प्रेम सिंह तथा आरटीओ कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा लोगों को गुलाब का फूल देकर विनम्रता पूर्वक यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।इस दौरान यातायात नियमों की अनदेखी करते मिले लोगों में ज्यादा संख्या हेलमेट न पहने लोगों की रही। ऐसे लोगों द्वारा तरह तरह के बहाने बनाकर बचने की कोशिश की गई लेकिन चौराहों पर जाल की तरह फैले कर्मचारियों की गिरफ्त से ऐसे लोग बच ना सके। मामला आरटीओ प्रशासन सुश्री सिंह के सामने पहुंचने पर उनके द्वारा बताया गया कि हेलमेट एक मां जैसी होती है जो सिर पर भले ही सख्त लगे लेकिन जैसे एक मां की सख्ती अपने बच्चों को दुनिया के खतरों से बचाती है, उसी तरह हेलमेट की सख्ती इंसान को दुर्घटना के खतरों से बचाती है।आरटीओ प्रशासन की इस सीख के बाद जहां बड़ी संख्या में लोगों ने यातायात के नियमों का अक्षरशः अनुपालन करने का संकल्प लिया वही परिवहन विभाग की यह पहल अब कौतूहल का विषय बनी हुई हैं।

# विदेश भेजने के नाम पर ठगी, मुकदमा दर्ज

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**


विदेश भेजने के नाम ठगी करने वालों के विरुद्ध एस पी से शिकायत के बाद जैदपुर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है। पीड़ित इब्राहीम पुत्र अब्दुल रहमान निवासी तुरकानी थाना सफदरगंज ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत करते हुये बताया कि हमारे दूर के रिश्तेदार सुहेल पुत्र पीर मोहम्मद निवासी बुनकर कालोनी, कस्बा व थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी जो कुबेत गये हैं। फोन पर प्रार्थी से वार्ता हुई तो उन्होंने कहा कि आपके और कमरुद्दीन के लड़कों के सऊदी अरब के दूध पैकिंग के काम पर मैं भेजूंगा, जिसमें उनको 1500 रियाल प्रतिमाह मिलेगा। इसके लिए आप दोनों लोगों को मु-2,20,000/-रुपये का खर्चा आयेगा। तब प्रार्थी व कमरुद्दीन ने कहा कि आप विदेश में है, मेरा यहां काम कौन करेगा, विपक्षी ने अपने ससुर शकील पुत्र अज्ञात निवासी बुनकर कालोनी कस्बा व थाना जैदपुर बाराबंकी के पास भेजा तथा शकील भी प्रार्थी के दूर के रिश्तेदार हैं। शकील ने वादा किया कि यदि तुम्हारे लड़के का काम नहीं हुआ तो तुम दोनों लोगों का पूरा रूपया वापस कर दिया जायेगा। प्रार्थी व उसके मित्र के पुत्र ने दिल्ली में लगभग दोनों लोगों का मिलाकर मु0-50,000/- रुपया खर्च हुआ। प्रार्थी व उसके मित्र आकर सारी बात बतायी तब प्रार्थी ने विपक्षी सुहैल व शकील से बात की जिस पर उक्त विपक्षी ने कहा कि जो भी तुम्हारा खर्चा आया है उसे मैं वापस कर दूंगा जिसकी कुछ फोन रिकॅर्डिंग प्रार्थी के मोबाइल में उपलब्ध हैं व रुप्ये देने की कुछ वीडियों भी उपलब्ध हैं। प्रार्थी ने जब उक्त विपक्षी की बातों का विरोध किया और कहा कि आपने वादा किया था कि तुम्हारा समस्त पैसा वापस कर दूंगा। अब मना कर रहे हो, तो विपक्षी नाराज हो गया और प्रार्थी को मां-बहन को की गन्दी गन्दी गालियां देते हुए धमकी दी।

प्रार्थी ने इसकी सूचना थाने पर दी, जहां पर प्रार्थी व विपक्षी को बुलाकर सुलह समझौता कराया गया था कि विपक्षी शकील प्रार्थी को दिनाक 31.12.2024 तक कुल 2.20.000/- रुपया वापस कर देगा। परन्तु अभी तक प्रार्थी को एक भी पैसा नहीं दिया गया है। प्रार्थी को विश्वास हो गया है कि उपरोक्त शकील प्रार्थी का पैसा हड़प लेना चाहता है। पूरे मामले में जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# सांड़ से टकराई कार, सांड की मौत, कार सवार घायल

▶ विक्की के रूप में हुई घायल लखनऊ निवासी युवक की पहचान

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



बदोसरांय से टिकैतनगर मार्ग पर मदारपुर और कोटवाधाम के बीच एक दर्दनाक हादसा हुआ। लाल रंग की ब्रेजा कार एक सांड को जोरदार टक्कर मार दी, जिसके बाद कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे लगे एक पेड़ से टकरा गई। हादसे में सांड की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान लखनऊ निवासी विक्की के रूप में हुई है, जो अपनी ससुराल अजईमऊ जा रहा था। स्थानीय लोगों ने विक्की के परिवार को घटना की सूचना दी और फिर रिश्तेदार उसे उपचार के लिए प्राइवेट चिकित्सक के पास ले गए।

# शूटिंग प्रतियोगिता के लिए 20 निशानेबाज चयनित

▶ प्रतिभागियों का नेतृत्व कोच और प्रबंधक सनी वर्मा करेंगे,जो टीम को मार्गदर्शन देने के साथ उन्हें गोरखपुर लेकर जाएंगे

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**



गोरखपुर महोत्सव शूटिंग प्रतियोगिता के लिए अयोध्या शूटिंग रेंज के 42 प्रतिभागियों में से 20 निशानेबाजों का चयन किया गया है।ये चयनित निशानेबाज आगामी नौ जनवरी को गोरखपुर में आयोजित महोत्सव में अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगे। चयनित खिलाड़ियों में श्रेयांश सिंहभास्कर तिवारी,डॉ. अजय सिंह, आकृति तिवारी,भैरव सिंह, अपूर्व मौर्य,सरिता वर्मा,श्रेया सिंह,सूर्यमणि द्विवेदी,ज्योत्सना सिंह,राजवीर रावत तथा सिध्दार्थ समेत कुल 20 प्रतिभागी शामिल हैं। प्रतिभागियों का नेतृत्व कोच और प्रबंधक सनी वर्मा करेंगे,जो टीम को मार्गदर्शन देने के साथ उन्हें गोरखपुर लेकर जाएंगे। प्रतियोगिता में चयनित निशानेबाज अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और सभी से उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है। गोरखपुर महोत्सव में इस बार का शूटिंग इवेंट खास आकर्षण का केंद्र रहेगा। चयनित खिलाड़ियों के परिवार और समर्थकों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# बगैर अनुमति प्लाटिंग पर ओडीए ने अवैध निर्माण कराया ध्वस्त

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को जिलाधिकारी राजेश पांडेय उपाध्यक्ष उरई विकास प्राधिकरण के निर्देशन में क्षेत्र में अवैध निर्माणों पर नियंत्रण और रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाए। एक ऑपरेशन मौजा उरई ग्रामीण में बम्बी के बाहरी इलाके में जालौन रोड पर स्थित गाटा संख्या 47 पर किया गया, जहां लगभग 6 एकड़ में राजकुमार विश्वकर्मा, महेश प्रसाद, दिनेश कुमार और दीपक विश्वकर्मा द्वारा बिना अनुमति के प्लॉटिंग की जा रही थी। उरई विकास प्राधिकरण ने जेसीबी मशीन का उपयोग कर अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। उरई विकास प्राधिकरण के सचिव, नगर मजिस्ट्रेट राजेश वर्मा ने इस कार्रवाई के बारे में जानकारी दी कि पिछले 15 दिनों में प्राधिकरण ने तीन समान कार्रवाई की हैं।

यह कार्रवाई अवैध कॉलोनी निर्माण के खिलाफ की गई थीं और यह प्राधिकरण की निगरानी और अवैध निर्माण परियोजनाओं पर नियंत्रण के प्रयासों का हिस्सा थीं। यह भी स्पष्ट किया गया कि सभी निर्माण और विकास गतिविधियों को पहले प्राधिकरण से मानचित्र या लेआउट योजनाओं की स्वीकृति प्राप्त करनी चाहिए।

# भाकियू किसान ने किया संगठन का विस्तार

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



भारतीय किसान यूनियन किसान की संगठन के विस्तार को लेकर एक बैठक का आयोजन हुआ जिसमें दर्जनभर से अधिक कार्यकर्ताओं को संगठन की जिम्मेदारी पदों के रूप में दी गई। बहवलपुर स्थित एक निजी प्रतिष्ठान पर संपन्न हुई भारतीय किसान यूनियन किसान कन्नौज की बैठक में संगठन को एक नई दिशा देने के उद्देश्य से कार्यकर्ताओं से चर्चा हुई जिसके संदर्भ में कई कार्यकर्ताओं को अहम पदों की जिम्मेदारी दी गईं जिनमें प्रमुख रूप से जिला शोशल मीडिया प्रभारी दीपक शाक्य,शैलेन्द शाक्य ,हर्षवर्धन गौरव कुमार तहसील उपाध्यक्ष,विनय, ब्रजेश, राजेंद्र गणेश को छिबरामऊ ब्लॉक, एवं कुलदीप,सौरभ, श्याम प्रताप, अरवाज,गौरव चौहान, पिंटू, राहुल शाक्य को छिबरामऊ नगर एवं सौरभ यादव, अंश दुबे को संगठन के सदस्य पद की जिम्मेदारी सौपी गई।

इस दौरान बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन के जिलाध्यक्ष राजा शुक्ला ने कहा कि प्रत्येक संगठन को मजबूत बनाने के लिए हमें अच्छे और ईमानदार कार्यकर्ताओं की आवश्यकता होती है जो कि अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह उचित ढंग से कर सके । हमारे संगठन को आज इस मुकाम पर लाने के लिए हमारे युवा साथियों ने मेरे साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का काम किया जिस कारण आज हमारा संगठन जनपद का सबसे मजबूत और विशाल संगठन है।

हमारे संगठन की विशेषता है कि वह हमेशा व्यक्तिगत मुद्दों से दूर सामाजिक और सार्वजनिक मुद्दों को लेकर कार्य करते है और जब समस्या का हल नहीं हो जाता तब तक उसे बीच में नहीं छोड़ते। हमारे संगठन से समय समय पर किसानों के हित में कई कार्य किए जो आम जनमानस के द्वारा सराहे गए संगठन में नए जुड़ रहे पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से इतना ही कहना है कि ऐसा कोई कार्य न करें जिसमें संगठन की बदनामी हो। हम अपनी मांगों को प्रशासन के समक्ष अहिंसक तरीके से रखते आए है। इस दौरान संगठन के जिला उपाध्यक्ष अभिषेक पाठक , जिला संगठन मंत्री शांति प्रकाश शर्मा , अरुण सैनी , शनि शाक्य , अखिलेश शाक्य , अनिल नायक, शनि कुमार,जितेंद्र शर्मा,गोपाल शुक्ला, गौरव शुक्ला, ऋतिक मिश्रा,नीरज कुमार, तैयब खान,ऋषि खान, बउआ बाथम,आदि कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पाक्सो एक्ट में दोषी युवक को भेजा जेल



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाए जा रहे। अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सदर कमलेश कुमार के पर्यवेक्षण में एवं कोतवाली प्रभारी कपिल दुबे के नेतृत्व में पुलिस ने पाक्सो एक्ट थाना कोतवाली में वांछित अभियुक्त सूरज उर्फ बाबू (22) पुत्र रामनाथ उर्फ बड़कू निवासी मोहल्ला बजरिया शेखाना को पुलिस लाइन मोड के पास से गिरफ्तार किया। वांछित अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया।

# दो अभियुक्तगण मय माल सहित गिरफ्तार

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक जनपद अमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक जनपद अजय कुमार के कुशल निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक प्र.नि. अजय कुमार अवस्थी के कुशल नेतृत्व में थाना छिबरामऊ पुलिस द्वारा चोरी करने वाले 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल इन्द्राआवास कालोनी कस्बा व थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज के सामने रखे दुकान (खोका) में रखे सामान सिगरेट, गुटखा, नमकीन व अण्डा का गत्ता जिसकी कीमत लगभग 4 से 5 हजार रूपये चोरी कर लेने के सम्बन्ध मे 1.आमिर पुत्र सलीम 2. जुबैर पुत्र स्व. वाहिद खाँ निवासीगण मो. इन्द्राआवास कालोनी कस्बा व थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज के विरुद्ध पंजीकृत किया गया जिसके क्रम मे उ.नि. राममनोज द्विवेदी का. विपिन कुमार का. हाकिम सिंह का. करपपालद्वारा उक्त घटना से सम्बन्धित अभियुक्तगण आमिर व जुबैर उपरोक्त को मय माल के फर्रूखाबाद रोड के किनारे कच्चे रास्ते में बने ट्यूवेल के पास से गिरफ्तार किया गया गया।

# आसिफ को मिली दिव्यांग विधवा सेवा समिति की कमान

▸ जिला अध्यक्ष के आवास पर समर्थकों ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



दिव्यांग विधवा सेवा समिति रजिस्टर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कन्नौज जनपद के जिला अध्यक्ष के पद पर किया मनोनीत शहर के मोहल्ला लाहौरी टोला निवासी के सभासद आसिफ इकबाल पुत्र अब्दुल गफूर को कन्नौज जनपद का जिला अध्यक्ष दिव्यंग विधवा सेवा समिति रजिस्टर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेक कुमार गुप्ता द्वारा मनोनीत किया गया आशाओं उम्मीद जताई गई की संस्था के नियम कायदा कानून को पूर्ण करते हुए जिला अध्यक्ष अपनी नई जिला कार्यकारिणी का गठन शीघ्र करके समाज में दिव्यजन विधवा की मदद करने में कामयाब होंगे। जिला अध्यक्ष पद पर मनोनीत होने के बाद जिला अध्यक्ष के आवास पर समर्थकों ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया।

# जर्जर सड़कों का निर्माण अगले सप्ताह शुरू

▸ मेडिकल कॉलेज में 15 साल से पहले बनी थी सड़के, जो उखड़ कर हो गई खराब

**तिर्वा , कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



मेडिकल कॉलेज की जर्जर सड़क का नजारा

राजकीय मेडिकल कॉलेज के अन्दर उखड़ी सड़कों से आए दिन मरीजों व उनके तीमारदार एवं दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे हैं। इसको लेकर मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने कैम्पस की सड़कों का पुनः निर्माण कराने का फैसला लिया। निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा। शासन से प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई। इसके के साथ ही लगभग 4.7 करोड़ का वजट भी आबन्टन हो गया।

पिछले छह महीनों से टेंडर प्रक्रिया पूरी न होने के कारण सड़कों का निर्माण शुरू नही हो पाया। अब टेंडर प्रक्रिया पूरी हो गई है। कार्यदायी संस्था यूपी पीसीएल सड़कों का निर्माण कराएगी। राजकीय मेडिकल कॉलेज में 2009 में ओपीडी शुरू हुई थी । उसी समय मेडिकल कॉलेज के अन्दर लगभग 5 किलो मीटर की सड़के बनाई गई थी। लगभग 15 वर्ष बीत जाने के बाद मेडिकल कॉलेज के सड़कें बुरी तरह से उखड़ गई है। जिससे सड़कों में गढ्ढे हो गए है। जिसमें मेडिकल कर्मी, एमबीबीएस स्टूडेंस व मरीजों के तीमारदारों की बाइकें फिसल कर लोग घायल हो रहे हैं। सड़क निर्माण के लिए इस बार यूपी पीसीएल कम्पनी को टेंडर दिया गया है। संस्था के जनरल मैनेजर सत्यप्रकाश ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में अगले हफ्ते से काम शुरू हो जाएगा। मेडिकल कॉलेज के दोनों गेटों से एवं पीछे की रोड़ को शामिल किया गया है। जिसकी लंबाई लगभग 2 किलो मीटर है। सभी रोड़ों को आरसीसी रोड़ बनाया जाएगा जिससे लम्बे समय तक सड़क खराब न हो।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, दो घायल

**तिर्वा , कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

▸ कोतवाली क्षेत्र के विक्रमपुर गांव के निकट हुआ हादसा

कोतवाली क्षेत्र के विक्रमपुर गांव के निकट बुधवार की दोपहर एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। दो अन्य घायल युवकों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां उनका उपचार चल रहा है।

इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के परसोहा गांव निवासी आकाश (36) पुत्र रामनाथ गांव निवासी राकेश पुत्र रघुवर दयाल व कनौली गांव निवासी टीटू के साथ बाइक पर सवार होकर तिर्वा किसी काम से आ रहे थे। रास्ते में विक्रमपुर गांव के निकट उनकी बाइक में पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसा होते ही आसपास के लोगों की भीड़ लग गई।

ग्रामीणों ने हादसे की जानकारी पुलिस व एम्बुलेंस को दी। एम्बुलेंस की मदद से तीनों को मेडिकल कॉलेज लाया गया। यहां डॉक्टरों ने आकाश को मृत घोषित कर उसका शव मोर्चरी में रखवा दिया। जबकि घायल राकेश व टीटू का इलाज इमरजेंसी वार्ड में चल रहा है। जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

## एनडीपीएस एक्ट में दोषी मिलने पर भेजा जेल

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** अभियुक्त को दोषी पाते हुए न्यायालय ने 31 दिन का कठोर कारावास व 6000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। अभियुक्त द्वारा आर्थिक तथा भौतिक लाभ अर्जित करने के सम्बन्ध में थाना ठठिया पर एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत हुआ था। जिसकी विवेचना सम्पादित कर अभियुक्त के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। ठठिया पुलिस टीम एवं अभियोजन पक्ष तथा मॉनीटरिंग सेल व कोर्ट पैरोकार के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी कराते हुए न्यायाधीश एडीजे द्वितीय द्वारा अभियुक्त अरुण उर्फ अन्नू पुत्र राम प्रकाश निवासी मोचियाना थाना ठठिया को 31 दिन का कठोर कारावास व 6000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। अर्थ दण्ड अदा न करने पर पर एक माह का अतिरिक्त सजा होगी।

## खबरें एक नजर में

### कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**छिबरामऊ कन्नौज।** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय मनमोहन सिंह की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमे मनमोहन सिंह जी के देश किए अनेक उपलब्धियों को कांग्रेस नेताओं ने अपने विचारों से याद कर मनमोहन सिंह जी को याद कर श्रद्धांजलि देकर नमन किया। कांग्रेस नगर अध्यक्ष बहार कुरैशी,लक्ष्मी संकर मिश्रा ,विनोद दुबे देवकीनंदन दुबे ,विजेंदर सिंह फौजी,विनोद कुमार पप्पू प्रियंका दुबेआशाराम यादव अजय दुबे विकास मिश्रा ,अनुज वर्मा गोविंद वर्मा, चंद्रभान सिंह हरिशंकर मिश्रा सौरव त्रिपाठी राजीव अग्निहोत्री अभिषेक राजपूत अजीम कुरैशी सहित कांग्रेसन उपस्थित रहे।

### अतिक्रमण कार्यों को जुर्माना जमा करने के लिए दिया समय

**छिबरामऊ, कन्नौज।** सर्वोच्च न्यायालय के आदेश अनुसार शासन का निर्देशन पर नगर पालिका परिषद छिबरामऊ में अतिक्रमण अभियान चलाया गया था जिसमें अतिक्रमण करने वालों पर 14 लोगों पर2000 का नगद जुर्माना किया गया जिसमें 10 लोगों ने जुर्माना अदा न करने पर उनका चालान बनाकर न्यायालय भेजने की तैयारी की जिसमें 4 लोगों ने जुर्माना कार्यालय में जमा कर दिया साथ ही जो भी अतिक्रमण किए हुए हैं उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी एवं सामान जप्त कर लिया जाएगा।

### नगला दिलू गौशाला पहुंचकर गायों को झूल गायों के ऊपर डाली

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कड़ाके की सर्दी से गांव वंश को बचाने के लिए समाजसेवी संस्था अटल फाउंडेशन द्वारा नगला दिलू गौशाला पहुंचकर गायों को झूल गायों के ऊपर डाली कड़ाके की सर्दी से बचाव के लिए अटल फाउंडेशन द्वारा शहर के पास स्थित गौशाला नगला दिल्ल संस्था के अध्यक्ष अटल प्रकाश चतुर्वेदी प्रकाश चतुर्वेदी राजन चतुर्वेदी भोला दीक्षित रतन कुमार रिंकू चतुर्वेदी सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे गौशाला में ग्राम प्रधान अर्जुन सिंह शाक्य भी मौजूद थे।

### रैन बसेरा का एसडीएम ने किया निरीक्षण



तालग्राम में रैन बसेरा का निरीक्षण करते एसडीएम।

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** उपजिलाधिकारी छिबरामऊ उमाकांत तिवारी ने नगर पंचायत तालग्राम स्थित रैन बसेरा का मंगलवार की देर रात औचक निरीक्षण किया। उन्होने कस्बा के चिहिंत अलाव स्थलों का भी निरीक्षण किया। रैन बसेरा में सभी सुविधाएं सुचारु रूप से पाई गई है। एसडीएम ने कर्मियों को रैन बसेरा व चिहिंत स्थानों पर नियमित अलाव जलाने के निर्देश दिए। कहा कि सर्दी में किसी भी राहगीर को परेशानी न हो। इस मौके पर चेयरमैन मोहसिन खान, वरिष्ठ लिपिक दीपक सविता, अनुज कुमार, लकी खान, रैन बसेरा केयर टेकर राजन आदि मौजूद रहे।

## युवक को मारपीट कर रुपये छीने, दी तहरीर

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** मछली की दुकान के बाहर खड़े युवक के हाथ से अन्य युवक पैसे छीन कर भाग गया। युवक ने उसे पकड़ने का प्रयास किया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम सराय दौलत निवासी महेश चौकीदार पुत्र परमेश्वरी ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि 06 जनवरी की शाम 05 बजे वह सराय दौलत स्थित मछली की दुकान के बाहर खड़ा हुआ था। तभी पड़ोसी गांव सदरपुर के युवक ने उसके हाथ से 17150 रुपये की नगदी छीन ली। इसके बाद मारपीट करते हुए मौके से फरार हो गया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपी युवक के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। जिस पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# दो पक्षों की मारपीट में महिला सहित चार लोग हुए घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में गाली गलौज के बाद जमकर लाठी डंडे चले। जिसमें दो महिलाओं सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद दोनों पक्षों ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर एक दूसरे के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम फ्तेहपुर जसोदा निवासी नीलेश कुमारी पत्नी जग विजय ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि बुधवार की सुबह लगभग 10 बजे परिवार के ही तीन लोगों ने जमीन के विवाद को लेकर उसके साथ गाली गलौज की। जब उसने इस बात का विरोध किया तो उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं मारपीट के दौरान बीच बचाव करने आए उसके पति जग विजय को भी मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष से बृजेश कुमार पुत्र मुरली ने पुलिस को बताया है कि परिवार के ही चार लोगों ने जमीन के विवाद को लेकर उसके साथ गाली गलौज की।

जब उसने इस बात का विरोध किया तो उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। वही मारपीट के दौरान बीच बचाव करने आई उसकी पत्नी सरिता देवी को भी मारपीट कर घायल कर दिया। कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# विमला देवी ब्रज मोहन कालेज की टीम कबड्डी में विजेता

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



प्रमाण पत्र व शील्ड के साथ मौजूद छात्र-छात्राएं।

नेहरू युवा केंद्र कन्नौज द्वारा विकास खंड तालग्राम के खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन विमला देवी बृजमोहन सिंह इंटर कॉलेज सराय प्रयाग में किया गया। जिसका मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि तालग्राम अमित सिंह ठाकुर, विशिष्ट अतिथि सुबोध कटियार सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) ने फीता काटकर शुभारंभ किया। जबकि कॉलेज के प्रधानाचार्य सुरेश यादव ने प्रतियोगिता की अध्यक्षता की। बुधवार को आयोजित ब्लाक स्तरीय प्रतियोगिता में 400 मीटर दौड़ में बृजमोहन ने प्रथम, रंजीत ने द्वितीय, अभय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि कुश्ती में अंकित यादव ने प्रथम, बृजमोहन ने द्वितीय, कौशलेंद्र ने तृतीय स्थान, बैडमिंटन में कीर्ति ने प्रथम, मुस्कान ने द्वितीय, खुशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लो साइकिल रेस में कृष्णा ने प्रथम, अंशिका ने द्वितीय, आकांक्षा ने तृतीय स्थान, कबड्डी (महिला) में विमला देवी बृजमोहन सिंह इंटर कॉलेज विजेता एवं शकुंतला देवी बालिका इंटर कॉलेज सराय प्रयाग की टीम उपविजेता रही। वॉलीबॉल (पुरुष) में आकाश एजुकेशन गुरसहायगंज विजेता एवं बजरंग बालीबाल टीम सराय प्रयाग उपविजेता रही। विजेता खिलाड़ियों को मेडल, प्रमाण पत्र, शील्ड देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में निर्णायक सुनील यादव, मयूर राठौर, इंद्रेश यादव, अंशु पाल, अंकित यादव, कार्यक्रम संयोजक पूर्व स्वयंसेवक नेहरू युवा केंद्र गौतम सिंह मौजूद रहे।

# व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने एआरटीओ को सौंपा ज्ञापन

▸ अवैध रूप से सवारियों को ढोने और ओवर लोडिंग वाहनों पर अंकुश लगाए जाने की मांग की

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



एआरटीओ इज्या तिवारी को ज्ञापन देते भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राज शर्मा के नेतृत्व में जिला प्रतिनिधि मंडल ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी इज्या तिवारी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में मांग की गई कि रोडवेज बस स्टैंड के बाहर मारुति वैनो से अवैध रूप से सवारियों को ढोने का कार्य किया जाता है। जिससे सरकार को राजस्व की हानि हो रही है। और जिले भर में नाबालिग ऑटो चालकों के द्वारा क्षमता से अधिक सवारियों को ढोया जा रहा है। जिससे सड़क पर कभी भी दुर्घटना होने का अंदेशा बना रहता है। ऐसे टैक्सी संचालकों की जांच की जाएं। और सम्बंधित चालकों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएं। जिलाध्यक्ष राज शर्मा ने टैक्सी चालकों को ड्रेस कोड अनिवार्य रूप से लागू करने की भी मांग की। इस दौरान जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष आनंद तिवारी, जिला संगठन मंत्री सोनू सिंह, नगर महामंत्री शोभित चौरसिया, अभय कटियार, नगर कोषाध्यक्ष प्रदीप शर्मा, अरुण चौधरी, कुलदीप सिंह सहित आदि व्यापारी रहे।

## युवक को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पतंग उड़ाने को लेकर दो लोगों ने एक युवक के साथ गाली गलौज की और उसे मारपीट कर घायल कर दिया। जिस पर पीड़ित युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र की ग्राम फ्तेहपुर जसोदा निवासी रिजवान पुत्र मुन्न खान ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि 08 जनवरी की शाम 05 बजे वह अपनी दुकान पर था। तभी पतंग उड़ाने के विवाद को लेकर गांव के ही दो युवकों ने उसके साथ गाली गलौज कर दी। विरोध करने पर उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।



## अवैध डग्गामार वाहनों के विरुद्ध की कार्यवाही

**छिबरामऊ कन्नौज।** विशेष अभियान के क्रम में प्रभारी यातायात अफाक खान एवं यातायात उप निरीक्षक अरशद अली द्वारा सड़क दुर्घटना एवं उससे होने वाली मृत्यु को कम करने के उद्देश्य से जनपद में अवैध डग्गामार वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की अंतर्गत कस्बा के पूर्वी बाईपास में डग्गामार वाहनों एवं अन्य वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई तथा सड़क दुर्घटना एवं उससे होने वाली मृत्यु को कम करने के उद्देश्य से आम जनमानस को यातायात नियमों के पालन करने की अपील की गई तथा सर्द मौसम में धुंध के कारण होने वाले एक्सीडेंट से बचाव के लिए लगभग 40 वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप भी लगाए गए।साथ ही रॉन्ग साइड,ओवर हाइट,बिना हेलमेट,तीन सवारी चलने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई।इस अभियान में मुख्य आरक्षी प्रमोद कुमार,विजय बाबू,आरक्षी धनीराम,होमगार्ड रामेंद्र सिंह,राजेश आदि उपस्थित रहे।

# भरत मिलाप की कथा में भावविभोर हुए श्रोता

▸ विशोखर धाम में हो रहा श्रीराम कथा का आयोजन

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



कथावाचक पंडित रामानुज पांडेय।

ग्राम अमोलर स्थित विशोखर धाम सीताराम आश्रम में चल रही श्री राम कथा के सातवें दिन बुधवार को कथावाचक पंडित रामानुज पांडये ने कहा कि भरत मामा के घर से आने के बाद सीधे माता कैकई और राम भैया को ढूंढते हुए उनके कक्ष में जाते हैं। उन्हें इसका आभास तक नहीं होने दिया कि उनके प्राण प्रिय भैया और भाभी 14 वर्ष के बनवास को अयोध्या से निकल गए। जानकारी होते ही वे रोते बिलखते और कैकई माता को कोसते हुए कहते हैं पुत्र कुपुत्र हो सकता है। मगर माता कुमाता नहीं होती। इस बात को तुमने सिद्ध किया है। माता कुमाता होती है। यह कलंक यह पाप मेरे सर पर लगा। लोग क्या कहेंगे। भरत ने अपने भाई को राजगद्दी के लिए बनवास करा दिया। उन्होने कहा कि कौशल्या और सुमित्रा दोनों भरत को समझाती है। राजा दशरथ की मृत्यु की खबर सुनकर भरत रोने लगते हैं। निषाद राज से जानकारी लेकर भरत चित्रकूट पर्वत जाते हैं। भरत को आता देख लक्ष्मण आग बबूला होकर राम के पास आते हैं। भरत राम के चरणों में गिरकर क्षमा याचना करते हैं। फिर राम भरत को गले से लगाते हैं। भरत पिता की मृत्यु के बारे में राम को बताते है। भरत, मंत्री सुमंत और प्रजा बार-बार राम को अपने साथ जाने के लिए मनाते हैं। मगर श्री राम कहते हैं कि रघुकुल रीति सदा चली आई। प्राण जाए पर वचन न जाई। यह कहकर लेने आए सभी लोगों को चुप करा देते हैं। भरत श्री राम की चरण पादुका के साथ वहां विदा होते हैं। इस दौरान संत सीताराम महाराज, महावीर दास, दीनबंधु पाठक, आशुतोष दास, प्रभात पांडेय, गौरव वर्मा सहित श्रद्धालु मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने सीडी रेसियों में सुधार लाने के दिए निर्देश




**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला बैंकर्स समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने भारतीय स्टेट बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक द्वारा 40 प्रतिशत से कम ऋण जमानुपात पाये जाने पर लक्ष्य के सापेक्ष सीडी रेसियों में सुधार लाये जाने के निर्देश दिये। विभागों को बैंक से और बैंक को विभागों से जो कठिनाई होती है। बैठक कर समन्वय स्थापित करते हुये ऐसा प्लान बनाये, जिससे फाइलों का निस्तारण समय से हो सके और लाभार्थी को योजना का लाभ समय पर मिल सके। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बिना गारंटी और बिना ब्याज के लोन (अधिकतम 5 लाख) की महात्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान संचालित की गयी है, जिस हेतु आवेदन की प्रक्रिया ऑनलाइन रूप मे प्रारंभ हो चुकी है, योजना के व्यापक रूप से प्रचारित करने और 21 से 40 आयु वर्ग के युवाओ को जागरुक करने के लिए 9 जनवरी को राजकीय आईटीआई बहरिन में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सभी बैकर्स भी इसमें सम्मिलित हो और अधिक से अधिक ऋण वितरण करें। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के 96 लंबित आवेदन, एक जनपद एक उत्पाद के 23 लंबित आवेदन, मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के 02 लंबित आवेदन, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के 35 लंबित आवेदन एवं स्वयं सहायता समूह के सीसीएल के 584 लंबित आवेदन पत्रों का संबंधित बैंके समय से निस्तारण करें। प्रत्येक दशा में लाभार्थी को योजनाओं का लाभ समय से मिलना चाहिए। पीएम स्वनिधि योजना की प्रगति भौतिक लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत होनी चाहिए।

## टीबी रोगियों की पहचान करने के लिए लगाएं कैम्प- डीएम




**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में स्वास्थ्य विभाग की बैठक हुई। बैठक में बताया गया कि 01 जनवरी 2025 से अब तक 21 नये टीबी रोगी चिन्हित किये गये है। तथा 850 प्रतिदिन सैम्पल लिये जा रहे है। जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि प्रत्येक दिवस 1200-1300 सैम्पलों की संख्या बढ़ाई जाये। कहा कि अधिक से अधिक संख्या में टीबी संक्रमित रोगियों को चिन्हाकिंत करें। तभी टीबी रोग से निजात दिलायी जा सकती है। कोई भी क्षेत्र छोड़ा न जाये। आरबीएसके टीम का भी सहयोग ले। तीन माह के कार्यक्रम में सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर संवेदनशील व्यक्तियों का सैम्पल ले। बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन आदि स्थानों पर टीबी रोगियों की पहचान करने के लिए कैम्प लगाया जाये। संयुक्त जिला चिकित्सालय एवं निजी चिकित्सालय जिसमें अधिक संख्या में मरीजों आते हो। वहां पर भी टीबी रोगियों की जांच कराने की व्यवस्था करें। जिलाधिकारी ने कहा कि ह्युमन मेटान्यूमोवायरस हो या मौसमी बीमारियां इनसे बचाव हेतु स्वास्थ्य विभाग अलर्ट रहे। जनपद में शीतलहर चल रही है। यह समय बुजुर्गों, बच्चों और गंभीर रोगो से ग्रस्त मरीजों के दृष्टिगत विशेष सर्तकता बरतने वाला है। मौसमी हो या गंभीर बीमारी, सभी तरह के मरीजो को चिकित्सीय सहायता मिलनी चाहिए।





# अब आवास योजना का लाभ लेना होगी टेढ़ी खीर

- प्रधानमंत्री ने लांच किया पीएवाईएस एप
- परियोजना निदेशक ने बैठक कर दी जानकारी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड सभागार में परियोजना निदेशक तथा विकास खंड अधिकारी ने पंचायत सचिव के साथ बैठक कर आवास सर्वे की रणनीति बनायी।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड कार्यालय के सभागार परिसर में परियोजना निदेशक कपिल कुमार ने प्रधानमंत्री के द्वारा लॉन्च किये गये पीएवाईएस के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना की सर्वे के लिए ग्राम सचिव तथा सर्वे में लगे कई विभागों के कर्मचारियों को डिजिटल एप टीवी के माध्यम से सभी को सर्वे की ट्रेनिंग दी गई। परियोजना निदेशक ने सभी को आवासों के सर्वे के बारे में बताया। उन्होंने सर्वे टीम के कर्मचारियों को बताया कि लाभार्थी की दीवार में पक्की ईट ना लगी हो या पास पड़ोस में जो कैमरे में फोटो आए किसी पड़ोसी के घर में भी इतना दर्शाती हो, ऐसे कई उदाहरण दिए।

जिससे साफ जाहिर हो गया है कि अब आवास पाने के लिए लाइनें में लगे गरीब लाभार्थियों के मंसूबों पर पानी फिरता दिखाई दे रहा है। यह एप जो प्रधानमंत्री ने लांच किया है इसके सर्वे से किसी भी लाभार्थी को लाभ मिलने की संभावना नहीं दिख रही है।



आवास योजना सर्वे की बैठक लेते परियोजना निदेशक व बीडीओ

वहीं परियोजना निदेशक तथा विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव ने बताया कि यह आवास सर्वे सूची 2029 तक चलाना है। इस हिसाब से सर्वे कीजिए की कोई भी लाभार्थी पात्र लाभार्थी योजना का लाभ पाने से वंचित न रह जाए और अपात्र लाभार्थी को इसका लाभ न मिल सके। इस मौके पर परियोजना निदेशक कपिल कुमार, विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव, बीडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, एडीओ आईएसबी सुखदेश सिंह, ग्राम पंचायत सचिव जगवीर सिंह यादव, सुनील कुमार, बृजेश कुमार, प्रमोद शुक्ला, आकांक्षा सक्सेना, बृजनंदन लाल, कुलदीप कुमार तथा अन्य विभागों के लगे कर्मचारी प्रशिक्षण में मौजूद रहे।

# आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने वाले पति को पांच वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज एफटीसी प्रथम न्यायाधीश संदीप तिवारी ने अवधेश पुत्र महिपाल सिंह निवासी उस्मान नगला फतेहगढ़ को दोषी करार देते हुए पांच वर्ष का कारावास व 26 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। बीते छः वर्षों पूर्व कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस को रामरहीस पुत्र रामस्वरूप निवासी लायकपुर नगरिया जवाहर राजेपुर ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि मैंने अपनी 26 वर्षीय पुत्री सोनी की शादी 6 वर्ष पूर्व उस्मान नगला निवासी अवधेश के साथ की थी। जिसमें मैंने अपनी





जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद

हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया था। इसके बावजूद अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसका पति अवधेश, देवर शिवदेश शारीरिक व मानसिक रुप से परेशान और प्रताड़ित करने लगे। 20 दिसम्बर को सूचना मिली कि मेरी पुत्री को लाठी- डंडों से मारपीट कर हत्या कर दी। साक्ष्य मिटाने के उद्देश से शव बाहर बरामदे में रखकर आत्महत्या का रूप दे दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति अवधेश के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्त की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश संदीप तिवारी ने अवधेश को आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने के मामले में दोषी कराते देते हुए पांच वर्ष का कारावास व 26 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

# मेले में बन रहीं पुलिस चौकियों का थानाध्यक्ष व मेला प्रभारी ने किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मेला रामनगरिया में बन रहीं चौकियों का पुलिसकर्मियों व मेला प्रभारी ने निरीक्षण किया तथा जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि 13 जनवरी को मेला के उद्घाटन होना है, तब तक चौकियों का कार्य पूर्ण कर लिया जाये।

जानकारी के अनुसार बुधवार को पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने अपने मातहतों को मेला रामनगरिया में भेजकर मेले में बन रहीं चौकियों का निरीक्षण करवाया। साथ ही अन्य कमियां भी दुरुस्त करने के निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि



मेले में बन रहीं चौकियों का निरीक्षण करते मेला प्रभारी व पुलिसकर्मी

कितनी चौकियां बन चुकी हैं और कितनी बननी अभी शेष है। जिस पर फतेहगढ़ एसएचओ, पुलिस पेशकार लक्ष्मी नारायण, मेला प्रभारी संजय राय, हेड कांस्टेबिल राहुल आदि ने मेले में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही जल्द चौकियों का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। बताते चलें कि मेला रामनगरिया का 13 जनवरी को उद्घाटन होना है। तब तक सभी अधिकारी कोई कोर कसर छोड़ना नहीं जा रहे हैं।

# सीओ ने व्यापारियों की ली बैठक, अतिक्रमण को लेकर की चर्चा

- दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने का दुकानदारों को दिया सुझाव

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्राधिकारी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। जिसमें व्यापारियों द्वारा फुटपाथ पर किए गए अतिक्रमण को हटाए जाने एवं दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के बारे में चर्चा हुई।

क्षेत्राधिकारी ने व्यापार मंडल अध्यक्ष एवं पदाधिकारी के सहयोग से अतिक्रमण किए हुए दुकानदारों को समझाकर अतिक्रमण हटाये जाने को कहा। साथ ही व्यापारियों से कहा कि जो निशान लगाये गये हैं, उन निशानों के आगे अतिक्रमण न करें। जो लोग नहीं मानेंगे उन्हें नोटिस देकर उनके ऊपर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। वहीं जाम की समस्या को लेकर गंगा गली में पुलिस कर्मी को तैनात करने की मांग व्यापारियों की तरफ से की गयी। जिसे क्षेत्राधिकार द्वारा मान लिया गया। वहीं क्षेत्राधिकारी एवं थानाध्यक्ष



बैठक के दौरान मौजूद व्यापारी नेता

कमालगंज ने नगर के व्यापारियों से अपनी-अपनी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिए कहा। व्यापार मंडल अध्यक्ष ध्रुव प्रकाश मिश्रा की तरफ से कहा गया की अतिक्रमण अभियान में हम आपका सहयोग करेंगे, लेकिन सबसे पहले व्यापार मंडल की तरफ से दुकानदारों से अतिक्रमण हटा लेने के लिए कहा जाएगा। अगर व्यापार मंडल के कहने से अतिक्रमण हटा लिया जाता है तो कार्रवाई न की जाए और यदि अतिक्रमण नहीं हटता है, तो उसके बाद ही पुलिस अपनी कार्रवाई करे। बैठक में ध्रुव प्रकाश व्यापार मंडल अध्यक्ष, महामंत्री अमित तिवारी, उपाध्यक्ष सुरेश चंद्र गुप्ता, नरेश चंद्र गुप्ता, सनी गुप्ता, अवध प्रकाश गुप्ता, राहुल गुप्ता आदि सहित करीब आधा सैकड़ा व्यापारी मौजूद रहे।

## साइबर थाना पुलिस ने महिला से ठगे रुपये वापस कराये

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साइबर क्राइम फतेहगढ़ पुलिस के द्वारा एनसीआरपी पोर्टल पर पंजीकृत साइबर शिकायत संख्या 23110240120052 की आवेदिका रिंकी राठौर पत्नी सोनू निवासी छत्ता दलपतराय कोतवाली फर्रुखाबाद द्वारा दर्ज करायी गयी व एक लिखित तहरीर साइबर थाना को उपलब्ध करायी गयी। जिसकी जाँच साइबर थाना द्वारा की गयी। जिसके आधार पर आवेदिका के खाते से साइबर ठगों द्वारा कुल 93891/- रूपये की ठगी की गयी। थाना साइबर क्राइम फतेहगढ़ पुलिस द्वारा फ्राड करने वाले खातों को फ्रीज कराकर न्यायालय के आदेश के क्रम में 91877/- रूपये आवेदिका के खाते में वापस कराये गये।

# सीओ ने की अनुपम दुबे का न्यायालय से बी वारंट जारी करने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्राधिकारी नगर ने न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट से मथुरा जिले में निरुद्ध अभियुक्त अनुपम दुबे का बी वारंट जारी करने की मांग की है। क्षेत्राधिकारी नगर ऐश्वर्या उपाध्याय ने मु0अ0सं0 09/2023 धारा-147, 148, 149, 342, 386, 447, 427, 506 भा0द0वि0 थाना कोतवाली फर्रुखाबाद में नामित/वांछित अभियुक्त अनुपम दुबे पुत्र महेशचंद्र दुबे निवासी मकान नंबर 1/36 मोहल्ला कसरट्टा थाना कोतवाली फतेहगढ़ को जिला कारागार मथुरा से न्यायाल में बी वारंट के जरिये तलब करने की मांग की है। क्षेत्राधिकारी ने कहा कि मुकदमा उपरोक्त की विवेचना मेरे द्वारा सम्पादित की जा रही है। मुकदमा उपरोक्त में नामित/वांछित अभियुक्त अनुपम दुबे पुत्र महेशचंद्र दुबे निवासी मकान नंबर 1/36 मोहल्ला कसरट्टा थाना कोतवाली फतेहगढ़ फर्रुखाबाद को मु0अ0सं0 179/2024 धारा-147, 1418, 149, 386, 365, 323, 504, 506, 120बी भा0द0वि0 थाना मऊदरवाजा जनपद फर्रुखाबाद में जिला कारागार मथुरा में निरुद्ध है। जिसके विरुद्ध अभियोग उपरोक्त में पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध हैं। न्यायालय से अनुरोध है कि उपरोक्त अभियुक्त अनुपम दुबे को न्यायालय में तलब किये जाने हेतु बी वारंट जारी करने की मांग की है।

## मार्ग दुर्घटना में घायल महिला की उपचार के दौरान मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मार्ग दुर्घटना में महिला घायल हो गयी। उसे नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी।

जानकारी के अनुसार सुखदेवी पत्नी अवधेश उम्र 55 साल निवासी जनैया सिठैया थाना मऊदरवाजा बीती 5 जनवरी को बैंक ऑफ इंडिया शाखा अजमतपुर से पैसे निकालने गयी थी, तभी मोटर साइकिल सवार ने उसके जोरदार टक्कर मार दी। उसे नगर के आवास विकास स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। मृतका के पुत्र अंकित, विकास, सत्यभान व पुत्रियां रिंकी व शालिनी का रो-रोकर बुरा हाल है।

# प्रधानजी कर रहे मजदूरी, प्रधानी चला रहे दबंग

- खड़ंजा उखाड़ ले गये, विरोध करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे है

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड क्षेत्र में दलित प्रधान के प्रतिनिधियों के दबदबे का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि प्रतिनिधि ग्राम पंचायत की गली के खड़ंजे को उखाड़कर अपने घर ले गये।

वहीं प्रधान को अपनी रोजी रोटी चलाने के लिए मजदूरी करनी पड़ रही है।जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सलेमपुर दूंदेमई के ग्रामीणों के बताएं अनुसार यहां के दलित प्रधान प्रमोद



गली का उखड़ा पड़ा खड़ंजा

कुमार जो कि अपना मजदूरी करके पालन पोषण करते है तथा ग्राम पंचायत में ही मनरेगा योजना के तहत राज मिस्त्री का काम करते हैं। वहीं उनकी प्रधानी उनके प्रतिनिधि दबंग एक जाति विशेष के व्यक्ति चला रहे हैं। ग्राम प्रधान प्रमोद कुमार तथा ग्रामीणों के बताएं अनुसार ग्राम पंचायत के मजरा नगला नट में सड़क खड़ंजा बीते 8 महीने से उखड़ा हुआ पड़ा है। जो खड़ंजा दबंग प्रधान प्रतिनिधि अपने घर उठा ले गए हैं। उससे गली में प्रधान प्रतिनिधियों ने कोई निर्माण कार्य नहीं कराया। वहीं ग्राम प्रधान ने दबी जुबान से बताया कि वह जब ग्राम पंचायत की कोई बात की जानकारी करना भी चाहते हैं तो दबंग प्रतिनिधि उनको गाली-गलौज कर मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। प्रधान प्रतिनिधियों से प्रधानी का लेखा जोखा मांगने तक की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। प्रधान डरते हैं कि वह उनके साथ कोई अनहोनी घटना न कारित कर दें, लेकिन इस बाबत ग्राम पंचायत से लेकर विकास खंड स्तर तक के अधिकारियों कर्मचारियों को इसकी पूरी जानकारी है, लेकिन दबंगों की पहुंच ऊंची होने के कारण उन पर कोई कार्यवाही नहीं होती है।

# मारपीट के मामले में दबंगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मारपीट के मामले में पुलिस ने दबंगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। जानकारी के अनुसार पीड़ित प्रांशु पुत्र कश्मीर निवासी नगला दुर्गू थाना कोतवाली फतेहगढ़ हाल निवासी सिविल लाइन फतेहगढ़ का निवासी है।

दिनांक 7 जनवरी को समय 2:30 बजे पट्टा वाले खेत पर गया था, तभी वहां विजयी पुत्र रामरतन अपनी लाइसेंसी बन्दूक लेकर व विपिन पुत्र कश्मीर व नरवीर पुत्र हरपाल यादव व रामू पुत्र विजयी निवासीगण सिविल लाइन थाना कोतवाली फतेहगढ़ व अमित कहार पुत्र नामालूम निवासी ग्वालटोली थाना कोतवाली फतेहगढ़ लाठियां लेकर पीड़ित के पिता कश्मीर पुत्र राम सिंह व भाई मोहित पुत्र कश्मीर व ताऊ शेर सिंह पुत्र राम सिंह को मारने लगे। जिससे कश्मीर व मोहित के काफी चोटें आयी हैं। उपरोक्त लोगों के शोर शराबे पर पीड़ित, नेहा व अन्य तमाम लोग मौके पर आ गये और उक्त लोगों को ललकारा। तब उपरोक्त लोग जानमाल की धमकी देकर भाग गये। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उपरोक्त लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

# ईओ व कोतवाली प्रभारी ने रात्रि में भ्रमण कर देखी व्यवस्थायें

- रैन बसेरे में ठहरे लोगों से की बातचीत, जलते अलाव भी देखे



भ्रमण के दौरान ईओ व थानाध्यक्ष आदि

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

ठन्ड से बचाने के लिए प्रमुख चौराहों, अस्पतालों, मुख्य बाजारों, रेलवे स्टेशनों व बस अड्डों के पास अलाव जलाने की व्यवस्था और रैन बसेरे की सुविधाओं का निरीक्षण करने के लिए अधिशासी अधिकारी लव कुमार मिश्रा ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रामअवतार के साथ रात्रि में नगर में निकले। अधिशाषी अधिकारी ने अस्पताल में बने अस्थाई रैन बसेरा तथा नगर में जल रहे अलाव का निरीक्षण किया। अधिशासी अधिकारी ने रैन बसेरा में रुके लोगों को चाय और बिस्कुट दिया। जरूरतमन्दों को नगर में कंबल वितरण किया। अलाव के जलने की व्यवस्था को देखा।

अधिशाषी अधिकारी ने निर्देश दिए कि रैन बसेरे मे रुकने वाले लोगों के लिए पर्याप्त मात्रा मे कंबल, रजाई, गर्म कपड़े, गुनगुना पानी, गर्म चाय तथा भूखे व्यक्ति को भोजन आदि का प्रबन्ध किया।

उन्होंने कहा रात्रि में विश्राम के लिए आने वाले लोगों के नाम, पता, रजिस्टर में अंकित किया जाए। अधिशाषी अधिकारी ने रात्रि में भ्रमण कर खुले में सोने वालों को रैन बसेरे में विश्राम के लिए भिजवाया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम अवतार ने संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली। इस दौरान अधिशासी अधिकारी लव कुमार मिश्रा, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम अवतार, कस्बा चौकी इंचार्ज नागेन्द्र सिंह, कांस्टेबिल धर्मेंद्र, सचिन, सिद्दू सिंह सहित नगर पालिका की टीम मौजूद रही।

## अभियुक्त ने जेलर पर लगाया रुपये न देने पर मारपीट करने का आरोप

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अभियुक्त द्वारा जेलर को रुपए न देने अभियुक्त के साथ की गयी मारपीट के मामले में अभियुक्त ने न्यायाधीश से शिकायत की। जानकारी के अनुसार अभियुक्त विकास सक्सेना ने कारागार से न्यायालय में पेश होकर एक प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें कहा कि उसके साथ जिला कारागार के जेलर द्वारा रुपये न देने के कारण मारपीट की गयी है तथा उसे धमकी दी गयी है कि उसे जेल में मोबाइल रखने के आरोप में झूठा फंसाकर सजा कराकर तथा जेल में उसे मार-मारकर रखेंगे। इस दौरान उसके काफी चोटें आयी हैं। उसने तीन दिनों से खाना भी नहीं दिया गया है। अभियुक्त का चिकित्सीय परीक्षण कराकर जेलर के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की गयी है।

# व्यापारियों ने ईओ को संबोधित ज्ञापन रेवेन्यू इंस्पेक्टर को सौंपा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने नगर पालिका परिषद कायमगंज के अधिशाषी अधिकारी लव कुमार मिश्रा को संबोधित एक ज्ञापन रेवेन्यू इंस्पेक्टर आन्शूमान आनन्द शुक्ला को दिया। जिसमें कई समस्याओं को उठाया।

जानकारी के अनुसार अधिशाषी अधिकारी बुधवार को खिमसेपुर नगर पंचायत में उपस्थित थे, क्योंकि वहां का चार्ज भी उनके पास है। जिस पर व्यापारियों ने नगर पालिका परिषद के हिसाब से यहां पर भी हाउस टैक्स लगाने की मांग रखी।

जिस पर उन्होंने अपनी सहमति प्रदान की। अभी तक हाउस टैक्स से दोगुना वॉटर टैक्स लगता था। अब आगे से हाउस टैक्स के बराबर ही



रेवेन्यू इंस्पेक्टर को ज्ञापन सौंपते व्यापारी नेता

वॉटर टैक्स भी लगेगा। हालांकि व्यापारियों ने वॉटर टैक्स हाउस टैक्स से आधा करने की मांग की थी। व्यापारियों ने रेवेन्यू इंस्पेक्टर को बताया कि 9 मीटर से ज्यादा कायमगंज में कोई भी सड़क नहीं है। इस बात पर उन्होंने अपनी सहमति प्रदान की और यह माना कि उन्होंने गजट में इसका उल्लेख नहीं किया और इसमें सुधार करने की बात कही। ज्ञापन देने वालों में सत्यनारायण वर्मा जिला महामंत्री, शिव बालक शर्मा जिला उपाध्यक्ष एवं विधानसभा अध्यक्ष रोहित गुप्ता, युवा जिला अध्यक्ष शंकर दयाल शर्मा, विधानसभा मंत्री एवं नगर अध्यक्ष एवं कार्यकारी जिला अध्यक्ष उमेश गुप्ता उपस्थित थे।

## ट्रैक्टर चपेट में आने से युवक की मौत



मृतक का फाइल फोटो

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार बुधवार को अरुण कुमार पुत्र कैलाश सिंह लोधी उम्र 25 वर्ष निवासी डांडा, मौजा मेरापुर, पोस्ट आरमसराय थाना भोगांव जिला मैनपुरी संकिसा के पास ट्रैक्टर से आलू लोड कराने आये थे। वह ट्रैक्टर के पीछे चल रहे थे। अचानक वह अनियंत्रित होकर गिर गये और ट्राली का पहिया उनके ऊपर चढ़ गया। जिससे अरुण की दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना मिलने पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। परिजन उनके शव को लेकर चले गये।

## अतिरिक्त दहेज न देने पर महिला की गला घोंटकर हत्या

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव अहमदगंज निवासी रामलड़ैते पुत्र द्वारिका प्रसाद ने अपनी पुत्री प्रियंका उम्र 24 वर्ष का विवाह उमेश पुत्र विनोद कुमार निवासी सिकन्दरपुर वैश्य जनपद कासगज के साथ अपनी हैसियत से ज्यादा दान दहेज में अगूठी, मोटर साइकिल, एक लाख रुपये नगद दहेज देकर किया था। दहेज में अतिरिक्त जंजीर एव 2 लाख रुपये न दे पाने के बाद ससुरालीजनों सास, ससुर, ननद ने प्रियंका के साथ मारपीट कर गला घोंटकर हत्या कर दी।

# एससी/एसटी एक्ट के मामले में सीओ ने शुरु की जांच

**पीड़ित ने जानलेवा हमले की धारा बढ़ाये जाने की उठायी मांग**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मारपीट व एससी/एसटी एक्ट के मामले की जांच कर रही क्षेत्राधिकारी ने घटना स्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया। इसी मुकदमे में पीड़ित ने जानलेवा हमले की धारा भी जोड़े जाने की मांग की है।

कोतवाली फतेहगढ़ के प्रीतम नगला निवासी सतेन्द्र पुत्र गंगाराम ने दी तहरीर में दर्शाया कि 16 अक्टूबर को समय करीब रात 11:30 बजे पर पड़ोस में रहने वाले अमन, चमन पुत्रगण धर्मवीर व चार-पांच अज्ञात दरवाजे पर पेशाब कर रहे थे और मेरा दरवाजा पीट रहे थे। जब मैंने व मेरी मां ने रोका तो आरोपियों ने जातिसूचक गाली-गलौज किया तथा ईट पत्थर से



घटनास्थल पर जांच करती क्षेत्राधिकारी

मारने लगे। शोर शराबा की आवाज सुनकर पत्नी व घर के अन्य लोग भी बाहर आ गयी। जिन्हें देखकर आरोपीगण कपड़े उतारकर गंदी-गंदी हरकते करने लगे। आरोपियों ने धमकी दी कि अगर किसी से शिकायत की तो तेरे घरवालों के साथ बड़ी घटना कर दूंगा, तू मुंह दिखाने के लायक नहीं रहेगा। आरोपियों पर न्यायालय में कई मुकदमे में विचाराधीन है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने धारा 352, 351(2), 288 व एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। सीओ ने घटना स्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। वहीं पीड़ित की मांग है कि मुकदमे में जानलेवा हमले की धारा भी जोड़ी जाये।

# ठंड से बचाव के लिए रैन बसेरा में सभी व्यवस्थायें दुरुस्त: ईओ

▸ जगह-जगह जलवाये जा रहे है अलाव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

हाड़ कपाऊ ठंड से निजात दिलाने के लिए नगर पालिका फर्रुखाबाद द्वारा रैन बसेरों में सभी व्यवस्थायें कर रखी है। जिससे वहां ठहरने वाले मुसाफिरों को कोई समस्या न हो। वहीं जगह-जगह अलाव की व्यवस्था की गई है।



रोडवेज परिसर में बना रैन बसेरा



जानकारी देते ईओ विनोद कुमार सिंह

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार सिंह ने बताया कि राहगीरों व आम जन मानस को सर्दी से निजात दिलाने के लिए इंतजाम किये गये है। इसके लिए रोडवेज बस स्टैण्ड पर रैन बसेरा बनाया गया है। जिसमें चारपाई, गद्दा, रजाई के साथ 52 लोगों के ठहरने की व्यवस्था की गई है। रेलवे स्टेशन के रैन बसेरा में 18 लोगों के ठहरने की व्यवस्था है। शहर में 200 स्थानों पर अलाव जलवाये गये है। वहीं फतेहगढ़ पुराने जिला अस्पताल टीबी अस्पताल के निकट स्थित स्थापित रैन बसेरा में 100 लोगों के ठहरने की व्यवस्था है। जिसकी देखरेख आबिद मंसूरी कर रहे है। रोडवेज बस स्टैण्ड में बने रैन बसेरा की व्यवस्था सफाई नायक नंदकिशोर के जिम्मे है। वहीं रेलवे स्टेशन पर बने रैन बसेरा की जिम्मेदारी सफाई निरीक्षक विजेन्द्र सिंह संभाल रहे है। पिछले 1 जनवरी से सर्दी का सितम जारी है। ऐसे में सूर्यदेव भी लुकाछुपी कर रहे है। हाड़-कपाऊ सर्दी से बचने के लिए लोग या तो अलाव का सहारा ले रहे है या तो अपने घरों में दुबकने को मजबूर है। जिन स्थानों पर अलाव जलाये जा रहे है उन सभी स्थानों पर नगर पालिका द्वारा लकड़ी डलवायी जा रही है। स्थानों लोगों की मांग पर अलाव के स्थान बढ़ाये भी जा सकते है।

# सपा युवजन सभा की बैठक में पीडीए जन पंचायत को सेक्टर वार करने पर हुई चर्चा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



बैठक को सम्बोधित करते चन्द्रपाल यादव

समाजवादी युवजन सभा की मासिक बैठक पार्टी कार्यालय आवास विकास पर सम्पन्न हुई।

युवजन सभा के जिलाध्यक्ष शिवम यादव ने मुख्य एजेंडा पीडीए जन पंचायत पर चर्चा की।

पार्टी कार्यालय पर युवजन सभा के जिलाध्यक्ष शिवम यादव ने कहा कि पीडीए जन पंचायत को सेक्टर वार करवाना है और 2027 से पहले विधानसभा के प्रत्येक गांव में पहुंचकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना है। सपा जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि युवजन सभा समाजवादी पार्टी का एक महत्वपूर्ण अंग है और इसके एक-एक युवा कार्यकर्ता को वह निर्देशित करते हैं कि जनपद में अपनी पूरी कार्यकारिणी के साथ विधानसभा वार जन पंचायत आयोजित कर लोगों तक समाजवादी पार्टी के विचारों और नीतियों को पहुंचाने का काम करें, जिससे आने वाले 2027 के चुनाव में जनता सजग होकर के अपना वोट समाजवादी पार्टी के पक्ष में डाला जा सके। इस अवसर पर अभिषेक शाक्य, रामपाल यादव आदि मौजूद रहे।

# प्रभु की कृपा से ही मानवरुपी काया प्राप्त होती है: आचार्य संतोष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अवध सेवा संकल्प समिति के तत्वावधान में श्री राधा श्याम शक्ति मन्दिर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पहले दिन आचार्य संतोष भाई ने मां जगदम्बा का आवाह्न किया। कलश एवं वेदी पूजन के साथ मंगल कलश यात्रा निकाली गई जो कि श्रीगोपीनाथ मन्दिर खतराना लोहाइ रोड से होते हुए यात्रा मंदिर परिसर पहुंची। श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ करते हुए आचार्य संतोष भाई ने कहा कि धर्म वही है जो प्राणी मात्र को सुख देकर प्रसन्नता का अनुभव करे। संसार में मनुष्य का शरीर तो प्रभु की कृपा से प्राप्त हो जाता है, परंतु शरीर में मानवता की स्थापना पूर्व जन्म के संस्कार एवं संतो की कृपा से ही संभव है। द्रव्ययज्ञ एवं ज्ञान यज्ञ से लौकिक एवं पारलौकिक लाभ की प्राप्ति होती है। जगदम्बा की कृपा से ही भगवन शिव की प्राप्ति होती है। भागवत के प्रथम श्लोक सच्चिदानंद रूपाय विश्वोत्पत्यादि हेतवे। तापत्रय विनाशाय श्री कृष्णाय वयं नुमरू।। भगवान सत-चित-आनंद स्वरूप है विश्व के उत्पति के हेतु हैं। तीनों तापो को नष्ट करने वाले हैं। ऐसे भगवान श्रीकृष्ण को हम नमस्कार करते हैं। आनंद हमारे अपने भीतर है, लेकिन वह आत्ममंथन करके हमें प्राप्त हो सकता है। जैसे दूध में मक्खन है, लेकिन वह दिखाई नहीं देता वैसे मक्खन को प्राप्त करने के लिए दूध से दही-दही का मंथन करके माखन प्राप्त होता है। आचार्य ने कहा कि शास्त्रों में श्रीमद्भागवत कथा को सत्कर्म कहा गया है। भागवत ही सभी ग्रंथों का सार है। क्योंकि भगवान जब भक्त के जीवन में आते हैं तो भक्त के सभी दुख दूर हो जाते हैं। भक्ति के पथ पर परीक्षा में सफल होने पर भगवान के साक्षात दर्शन होते हैं। बड़ी संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे।



श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कराते आचार्य

# मण्डल के लिए विज्ञान प्रदर्शनी में 15 विद्यार्थियों के मॉडल चयनित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद लखनऊ के निर्देशन में जिला विज्ञान क्लब फर्रुखाबाद द्वारा जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय इंटर कालेज फतेहगढ़ में किया गया। प्रदर्शनी का शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द कुमार मिश्रा व अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति एवं श्याम कुमार तिवारी ने दीप प्रज्वलित किया। जिला समन्वयक दीपिका राजपूत ने बताया कि बच्चों में विज्ञान के प्रति अभिरुचि उत्पन्न करने, तार्किक क्षमता, कल्पनाशीलता उनमें वैज्ञानिक सोंच उत्पन्न कराने हेतु जिला विज्ञान क्लब द्वारा आयोजन किया गया है। जनपद से 30 विद्यालयों से 150 प्रतिभागियों ने विज्ञान मॉडल का प्रदर्शन किया।




विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में सम्मानित होते छात्र-छात्रायें

निर्णायक मण्डल में डॉ. महेश कुमार, डॉ. सौरव कुमार पाण्डेय, डॉ. कल्पना व निर्मला सिंह रही। प्रधानाचार्य अनिल सिंह, विनीत कुमार चौहान, संतोष कटियार ने उत्साहवर्धन किया। संचालन ज्योति ने किया।

व्यवस्था में अर्चना गुप्ता, राजू अहरवार, मोनी चौहान, सरिता बाजपेयी, मीनाक्षी, इरफान अली रहे। सीडीओ अरविन्द कुमार मिश्रा ने कहा कि जिला विज्ञान के माध्यम से जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाभान छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

प्रधानाचार्य संतोष कटियार ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता में 15 सर्वश्रेष्ठ मॉडल मण्डल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। 15 मॉडलों का चयन हुआ। उसमें वंश चक्रवर्ती पल्युशन प्योरीफाइंग, अजय सिंह नेच्युरल फार्गिंग, सिया फार्मर प्रोटेक्शन, अनुभा नवीनीकरण ऊर्जा, अल्फिया सैय्यद बायो एनर्जी, अभिषेक सिंह स्मार्ट डस्टबिन, सिद्धार्थ स्मार्ट हाउस, कुलदीप प्रकृति एवं जैविक खेती, कशिश चार्चिंग स्टेशन, सलोनी एआई, सुनैना नेच्युरल एवं आर्गेनिक फार्गिंग, नेहा सक्सेना चार्चिंग स्टेशन, अजय राजपूत एअर प्यूरीफायर, निधि जल संसोधन एवं चन्द्रयान पर अपने मॉडल तैयार किये, जिसे मण्डल के लिए चयनित किया गया।

## पास्को एक्ट के आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पॉक्सो एक्ट के मामले में अभियुक्त दलजीत द्वारा न्यायालय में जमानत प्रार्थना पत्र दाखिल किया गया। जिसकी सुनवाई के दौरान अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पास्को एक्ट राकेश कुमार ने जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया। वहीं न्यायाधीश ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला सम्मान कोष नियावली 2015 में दिये गये प्रावधानों के तहत जिलाधिकारी से पीड़िता को नियमानुसार आर्थिक क्षतिपूर्ति प्रदान कराने के लिए कहा है। आरोपी पर भतीजी के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप है। बालिका की मां की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया है। आरोपी पास्को एक्ट के मामले में जेल में निरुद्ध है।

# ट्रैक्टर-ट्रालियों में लगाये गये रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप

मण्डी में किसानों को सड़क सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक




ट्राली पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाते अधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह के निर्देशानुसार एआरटीओ प्रशासन वीएन चौधरी तथा एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा मण्डी सचिव सूरज सहाय के सहयोग से सातनपुर मण्डी समिति में 42 ट्रैक्टर-ट्रालियों रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगवाये गये। किसानों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया तथा अवगत कराया गया कि वाहन पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप न लगे होने पर 10 हजार जुर्माना आरोपित किया जाता है। वाहन पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगे होने पर अंधेरे में टेप के चमकने से पीछे चलने वाले वाहनों तथा व्यक्तियों को पता चल जाता है कि आगे कोई वाहन जा रहा है या खड़ा हुआ है तथा सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगता है।

## पानी की पाठशाला का टिमरों में हुआ आयोजन

**कुसमिलिया,जालौन।** डकोर ब्लाक के टिमरों गांव में बुधवार को स्वर्गीय सुदर्शन सिंह जादौन (बाबू जी) की सप्तमी पुण्यतिथि के मौके पर मुख्य अतिथि गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता व जिलाधिकारी राजेश पांडेय की उपस्थिति में पानी की पाठशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जल बचाओ के महत्व बताए गए और साथ ही लोगों को जागरूक करने के लिए रैली भी निकाली गई। कार्यक्रम में उपस्थित पदम श्री से सम्मानित उमाशंकर पांडेय ने बताया कि जनपद में जिलाधिकारी के निर्देशन में 1850 पानी की पाठशाला आयोजित की गई है। पाठशाला के जरिए शहर ही नहीं बल्कि गांवों में भी पानी बचाओ, पेड़ लगाओ, सरोवर हमारा धनोहर है आदि हैं।

# प्रयागराज कुम्भ मेले में फर्रुखाबाद के आलू की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सातनपुर आलू मण्डी में बुधवार को लगभग 55 मोटर आमद रही। 1231 रुपये से 1411 रुपये कुंटल का भाव रहा। बाहरी मण्डियों में अच्छी मांग के चलते आलू के भाव में मामूली से उछाल दिखा। किसानों की उम्मीद खिली।

क्योंकि यहां के आलू की मांग कुंभ मेले में है।

सैकड़ों दुकानदारों के पास फर्रुखाबाद का आलू पहुंच रहा है। आलू की खुदाई जोरों पर है। इस समय अच्छा आलू निकल रहा है। जनपद के अलावा आसपास के जिलों में भी अच्छी पैदावार होती है। जिस कारण सातनपुर मण्डी में आलू लाया जाता है जो बिकता है। यहां से सीधा आलू बंगाल, बिहार, आसाम के अलावा अन्य प्रांतों में भी जाता है। इस बार प्रयागराज मेले में फर्रुखाबाद के आलू की मांग है। प्रतिदिन 3-4 मोटर आलू प्रयागराज के लिए भी लोड होता है। बाहर के व्यापारी भी यहां से आलू खरीद कर दूसरी मण्डियों में बेंचते है, जिससे अच्छा मुनाफा व्यापारी कमा लेते है।



मण्डी में लगा आलू



यात्रा में मौजूद लोग

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा निकाली गई साहसिक साइकिल यात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित साहसिक साईकिल यात्रा शकुंतला टीचर्स कॉलोनी कायमगंज से प्रारम्भ हुई। रायपुर में समाजसेवी रश्मि दुबे, अर्चना चौहान यात्रा का स्वागत किया। समाजसेवी शीलू पठान व उनके सहयोगियों के द्वारा यात्रा का स्वागत कर जलपान कराया गया। कम्पिल में मुख्य मार्गो का भ्रमण करते हुए पर्यटन केंद्र पर यात्रा का समापन हुआ। सुभाष दीक्षित, नगर खण्ड प्रचारक चंद्रेश द्वारा संघ और यात्रा के विषय की जानकारी दी गई। इस मौके पर राजेश त्रिपाठी, मनोज भारद्वाज, ऋषिपाल सिसोदिया, शिवनन्दन सिंह, नीरज गंगवार, विपिन यादव, रामनारायण दुबे आदि मौजूद रहे।

# एथलेटिक्स व बैडमिंटन में बढ़पुर ब्लाक का रहा दबदबा

▸ युवा कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का कराया गया आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में स्वर्गीय ब्रह्मदत्त स्टेडियम फतेहगढ़ में जनपद स्तरीय ग्रामीण खेल लीग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। द्वितीय दिवस दिवस में कुश्ती, भारोत्तोलन, बैडमिंटन, जूडो प्रतियोगिताओं का आयोजन जूनियर वर्ग, सब जूनियर वर्ग, सीनियर वर्ग में किया गया। जिसमें जनपद जिला क्रीड़ा अधिकारी कर्मवीर सिंह तथा जिला युवा कल्याण अधिकारी संतोष कुमार प्रतियोगिता का शुभारंभ किया एवं बच्चों को पुरस्कार तथा मेडल पहना कर प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता में विभागीय अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह, जीतू, अनुराग, शुभम, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी उपस्थित रहे। अनुदेशक, खेल संघ सचिव, बैडमिंटन सचिव मोहन अग्रवाल, एथलेटिक सचिव योगेश शुक्ल एवं उनकी टीम ने कार्यक्रम को संपन्न कराने में सहयोग किया। सभी क्षेत्रों से प्रतिभागियों ने प्रतिभा दिखाई। कुश्ती 40 किलो भार बालिका वर्ग में प्रथम सुहानी रही। 46 किलो भार वर्ग में नैन्सी प्रथम रही। 53 किलो भार वर्ग में लवी प्रथम, द्वितीय श्रेया रही। सब जूनियर वर्ग एथलेटिक्स 100 मीटर में प्रथम शिवांकी, द्वितीय वैष्णवी, तृतीय दिव्यांशी रही। 800 मीटर में प्रथम नैन्सी, द्वितीय राजल, तृतीय रागिनी रही। लॉग जम्प में प्रथम शिवांकी, द्वितीय आराध्या, तृतीय संजना रही। शॉटपुट 3 किलो भार वर्ग में प्रथम संजना, द्वितीय दिव्यांशी, तृतीय आराध्या रही। बैडमिंटन सीनियर बालिका वर्ग प्रथम दिव्यांशी बढ़पुर, द्वितीय पल्लवी दीक्षित कायमगंज, तृतीय सोनी, रोली बढ़पुर रही। तृतीय रोजी यादव कायमगंज, अंशू कायमगंज द्वितीय, कृतिका रस्तोगी द्वितीय कायमगंज, रानी द्वितीय बढ़पुर सीनियर वर्ग में रही। सुचेता प्रथम बढ़पुर सिंगल, पल्लवी पाल प्रथम बढ़पुर रही। बैडमिंटन बालक वर्ग सीनियर मयंक दीक्षित प्रथम कायमगंज, पुष्कर द्वितीय कायमगंज रहे। सागर कौशल प्रथम मोहम्मदाबाद, डबल्स में माधव यादव द्वितीय मोहम्मदाबाद, मनीष कुमार कायमगंज द्वितीय रहे। अंडर-19 में मोहीउंददीन प्रथम, ईशान प्रथम, अरमान प्रथम रहे। डबल्स राघव यादव द्वितीय, अमन अली द्वितीय रहे। अंडर-17 में जिगर बढ़पुर प्रथम, आकाश द्वितीय रहे। डबल्स में आदर्श प्रथम, अरुण प्रथम, रहे।



प्रमाण पत्र के साथ मौजूद खिलाड़ी व आयोजकगण



कुश्ती में दमखम दिखाते खिलाड़ी

# सदर विधायक ने लोहिया अस्पताल में तिरंगा सेल्फी प्वाइंट का किया उद्घाटन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल में तिरंगा सेल्फी प्वाइंट का उद्घाटन सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने संत सत्यगिरी महाराज के साथ मिलकर किया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में स्थापित तिरंगा मरीजों और उनके तीमारदारों के लिए हिम्मत और प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

विधायक ने प्रयागराज में चल रहे कुंभ के बारे में भी बताया और सभी से अपील की कि वे महीने में कम से कम एक बार कुंभ के दर्शन करने जाएं। यह तिरंगा सेल्फी प्वाइंट सार्वजनिक स्थानों पर लगाए जा रहे तिरंगे की श्रृंखला का हिस्सा हैं। जिसमें पहले से बस स्टॉप, स्टेडियम और रेलवे स्टेशन जैसे स्थानों पर तिरंगा सेल्फी प्वाइंट स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा लोहिया अस्पताल में भी एक तिरंगा प्वाइंट स्थापित किया गया है, ताकि तिरंगे के प्रति श्रद्धा और समर्पण बना रहे। इस अवसर पर जूना अखाड़ा के संत सत्यगिरि महाराज भी मौजूद रहे और सभी को आशीर्वाद दिया। अस्पताल में इस मौके पर एसीएमओ डॉ0 रंजन गौतम, सीएमएस डॉ0 अशोक प्रियदर्शी आदि मौजूद रहे।



सेल्फी प्वाइंट का उद्घाटन करते सदर विधायक

## ग्रामीणों ने गांव में सफाई कर्मियों को बढ़ाने की बीडीओ से की मांग

**जालौन ,उरई।** सहाव गांव में सफाई व्यवस्था दुरूस्त कराने की मांग ग्रामीणों ने बीडीओ से की है। ग्रामीणों ने गांव में आबादी को देखते हुए सफाई कर्मचारियों को भी बढ़वाए जाने की मांग की है। ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत सहाव को बड़ी ग्राम पंचायतों में गिना जाता है। गांव में 15 वार्ड हैं साथ ही इस क्षेत्र के विकास के लिए दो क्षेत्र पंचायत सदस्य चुने जाते हैं। गांव की आबादी करीब साढ़े चार हजार की है। ग्रामीणों का आरोप है कि इतनी बड़ी आबादी के लिहाज से गांव में सफाईकर्मियों की नियुक्ति नहीं है। गांव में सिर्फ एक ही सफाई कर्मचारी नियुक्त है।

# वृद्धाश्रम में रहने वाले वृद्धों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्धजनों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण और फल वितरण का कायक्रम संस्था चेतना द्वारा किया गया।

नगर में कोंच रोड पर संचालित वृद्धाश्रम में 40 निसहाय व निशक्त वृद्ध निवास कर रहे हैं। सर्दी के मौसम में वृद्धजनों के स्वास्थ्य की जांच संस्था चेतना द्वारा कराई गई। जिसमें सभी वृद्धों रक्तचाप, मधुमेह, यूरिन, रक्त आदि की जांच की गई। जांच के उपरांत उन्हें दवा का वितरण भी किया गया। प्रबंधक एस कुमार ने वृद्धजनों को सर्दी से बचाव के लिए हमेशा गर्म कपड़े पहने रहने की सलाह दी। साथ ही कहा कि वृद्धाश्रम में सर्दी के मौसम में गर्म पानी की व्यवस्था है। इसलिए वृद्धजन ठंडा पानी इस मौसम में नहीं पिएं। बल्कि अपनी सेहत को देखते हुए गर्म पानी का सेवन करें। ताकि सर्दी के मौसम में आपकी सेहत सही रह सके। उन्होंने अपील की वृद्धाश्रम निशुल्क संचालित हो रहा है। जिसमें बेघर, निर्धन व निसहाय वृद्ध किसी भी समय आकर रह सकते हैं। उनकी दवा, खान, पान, कपड़े आदि की उचित व्यवस्था आश्रम द्वारा की जाएगी। इस मौके पर डॉ. एम कुमार, मीनू शाक्य, स्वाति सिंह, पूजा देवी, सुनील परिहार, निधि सतेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



# अपनी काबिलियत का लोहा मनवा रहा भारतीय युवा : डॉ. जयशंकर

- युवा भारत नवाचार और प्रगति की दिशा में अग्रसर
- आज के भारत को तेजी से बदलते वैश्विक परिवेश में अपनी जगह बनानी है



**एजेंसी, भुवनेश्वर।**

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने बुधवार को ओडिशा में कहा कि आज का युवा वर्ग न केवल देश के भविष्य का निर्माण कर रहा है बल्कि वैश्विक मंच पर भी अपनी काबिलियत का लोहा मनवा रहा है।

डॉ जयशंकर ने '18वां प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन' के उदघाटन के दौरान यह बात कही। इसके बाद, केन्द्रीय युवा मामलों एवं खेल मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने उद्घाटन भाषण दिया। इस सम्मेलन में पांच थीम आधारित प्रथम सत्र आयोजित किए गए, जिसमें वैश्वीकरण में प्रवासी युवा नेतृत्व, प्रवासी कौशल की कहानियां, स्थायी विकास में प्रवासी का योगदान, महिला नेतृत्व और प्रभाव का जश्न मनाना तथा संस्कृति, संबंध और संबंध की कहानियां शामिल हैं। इस मौके पर विदेश मंत्री ने प्रवासी भारतीय दिवस के अवसर पर युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि चंद्रयान-4 की सफलता, यूपीआई जैसी डिजिटल क्रांति, स्वच्छ भारत अभियान और 90 हजार से अधिक स्टार्टअप्स की शुरूआत यह दर्शाता है कि युवा भारत नवाचार और प्रगति की दिशा में अग्रसर है। भारत को जानिए यह नारा युवाओं को अपने देश की गहराइयों को समझने और इसे बेहतर बनाने के लिए प्रेरित करता है। स्वच्छ भारत अभियान हो या मुद्रा योजना, हर प्रयास का उद्देश्य, देश को विकास के पथ पर आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि युवा अपनी सांस्कृतिक विरासत और नवाचार के जरिए देश की प्रगति में योगदान देना चाहिए। यह समय है जब वे अपने अनुभव साझा करें, दूसरों को प्रेरित करें और एक नई सोच के साथ समाज के लिए नए मॉडल प्रस्तुत करें। विदेश मंत्री ने कहा कि आज के भारत को तेजी से बदलते वैश्विक परिवेश में अपनी जगह बनानी है। यह तभी संभव है जब युवा अपनी क्षमताओं का उपयोग करके नई सोच और दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ें। नए समाज के लिए नए मॉडल की आवश्यकता है, और यह केवल युवा ही कर सकते हैं। आइए, मिलकर भारत को एक नई ऊंचाई पर ले जाएं।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए

डॉ. जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं जो देश की प्रगति को बढ़ावा देने में मदद कर रहे हैं। स्वच्छ भारत अभियान, बेटी पढ़ाओ अभियान, आवास योजना, अन्न योजना, मुद्रा योजना, स्वनिधि योजना, आयुष्मान भारत और जल जीवन मिशन जैसी योजनाएं देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। डॉ जयशंकर ने कहा, कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं जो देश की प्रगति को बढ़ावा देने में मदद कर रहे हैं। ये योजनाएं न केवल देश के विकास में मदद कर रही हैं, बल्कि युवाओं को अपने कौशल और रचनात्मकता को विकसित करने के लिए भी प्रेरित कर रही हैं।

### पीएम मोदी का सपना 140 करोड़ भारतीयों को साथ लेकर देश को विकसित बनाना है

श्री मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का सपना 140 करोड़ भारतीयों को साथ लेकर देश को विकसित बनाना है। यह महोत्सव युवाओं को प्रेरित करेगा और उन्हें राष्ट्रीय विकास में अपनी भूमिका निभाने का अवसर देगा। उन्होंने बताया कि इस बार महोत्सव में डिजिटल और सामाजिक मंचों का बेहतर उपयोग किया जाएगा। उन्होंने इसे युवाओं के लिए अपने विचार साझा करने और देश के भविष्य निर्माण में योगदान देने का एक सुनहरा अवसर बताया। श्री मांडविया ने कहा कि युवा शक्ति ही विकसित भारत की नींव है, और प्रधानमंत्री के साथ यह संवाद प्रेरणा का स्रोत बनेगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11-12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा महोत्सव के दौरान युवाओं के साथ संवाद करेंगे और अपने अनुभव साझा करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री इस अवसर पर विकसित भारत की अपनी योजना पर चर्चा करेंगे और युवाओं को इससे जोड़ने की अपील करेंगे।

# आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में बुमराह सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज

**एजेंसी, दुबई।**



भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 908 अंक के साथ शीर्ष पर है।

बुधवार को आईसीसी की जारी ताजा रैंकिंग में बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में 32 विकेट लेने वाले बुमराह गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट से पहले 907 अंक से किसी भी भारतीय गेंदबाज की सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) रैंकिंग रेटिंग का रिकॉर्ड बनाने वाले बुमराह ने एससीजी में पहली पारी में दो विकेट लेने के बाद अपनी रेटिंग में एक अंक का सुधार किया। गेंदबाजों की रैंकिंग में स्पिनर रवींद्र जडेजा 745 रेटिंग अंक, ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड 29 पायदान की छलांग लगाकर संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर आ गए हैं। पैट कमिंस दूसरे, कैगिसो रबाडा तीसरे, हेजलवुड दो पायदान नीचे लुढककर चौथे पर पहुंच गये है। ऋषभ पंत बल्लेबाजी रैंकिंग में तीन पायदान की छलांग के साथ नौवें नंबर पर पहुंच गए है। भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल चौथे स्थान पर बरकरार है। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा पहली पारी में अहम शतक से तीन पायदान की छलांग लगाकर छठे नंबर पर पहुंच गए, उन्होंने करियर की सर्वश्रेष्ठ 769 रेटिंग भी हासिल की। वहीं, काइल वेरेने शानदार शतक से चार पायदान के फायदे से 25वें स्थान पर पहुंच गए।

# नीतीश ने बिहार के युवाओं की आशा को निराशा में बदल दिया : तेजस्वी

- बिहारियों के जीवन को आबाद करने की बजाय उसे बर्बाद कर दिया
- बिहार की प्रगति को दुर्गति की अग्नि में झोंक दिया



**एजेंसी, पटना।**

बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने आरोप लगाया है कि थके हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सेवानिवृत्त अधिकारियों के साथ मिलकर बिहार के युवाओं की आशाओं को निराशाओं में बदल दिया है।

श्री यादव लगातार श्री कुमार की प्रगति यात्रा को लेकर सवाल उठा रहे हैं। उन्होंने बुधवार को मीडिया में जारी बयान में कहा कि विज्ञापनों के माध्यम से सैंकड़ों करोड़ झूठे प्रचार में फूंक रहे है। बिहारियों के जीवन को आबाद करने की बजाय उसे बर्बाद कर दिया है। बिहार की प्रगति को दुर्गति की अग्नि में झोंक दिया है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि बेसुध सरकार और उसके मुखिया के नेतृत्व में एक बरसात में ही सैंकड़ों पुल-पुलिया ढह जाते है। दो दशक से हर प्रकार की परीक्षाएं पेपर लीक और धांधली की भेंट चढ़ाई जा रही है। महंगाई हर घर-हर परिवार को खा रही है। छोटे बड़े व्यवसायों का व्यवसाय बर्बादी के कगार पर है। इनके शासन में गरीबी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और पलायन में बिहार अव्वल है।

# दिल्ली में कांग्रेस ने किया 25 लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा देने का वादा

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



कांग्रेस ने दिल्ली में सरकार बनने पर यहां के लोगों को 25 लाख रुपए तक की मुक्त इलाज की सुविधा मुहैया कराने का वादा किया है।

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आज यहां दिल्ली प्रदेश कांग्रेस समिति के मुख्यालय में आयोजित समारोह में जीवन रक्षा योजना को लांच किया। इस योजना के तहत कांग्रेस ने दिल्ली वासियों को 25 लाख तक मुक्त इलाज की सुविधा मुहैया कराने का वादा किया है,यह योजना यहां के निजी अस्पतालों में भी लागू होगी और दिल्ली सरकार इस योजना की राशि का भुगतान करेगी। ग़ौरतलब है कि इससे पहले दिल्ली प्रदेश कांग्रेस समिति ने प्यारी दीदी नाम से अपनी पहली योजना की घोषणा की थी,जिसके तहत महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये देने का वादा किया है। इस मौके पर श्री गहलोत ने कहा कि हमने राजस्थान में लोगों को 25 लाख रुपए तक के इलाज के इलाज का सुविधा मुहैया करायी है इसलिए जब पार्टी ने मुझे इस योजना को लॉन्च करने के बारे में बताया तो मुझे बहुत खुशी हुई। मुझे इस बार दिल्ली में कांग्रेस की सरकार बनने के आसार दिखाई दे रहे है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा जन कल्याण की योजनाएं शुरू की है और जन कल्याण में हमेशा तत्पर रही है। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस समय देश में जिस तरह के हालात बने हैं उसे देखते हुए यहां कांग्रेस की सरकार जरूरी है। उन्होंने बिना नाम लिए हुए भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोला और कहा कि हिंदू मुस्लिम का नारा देकर सत्ता तो हासिल की जा सकती है लेकिन विकास के कार्य नहीं किया जा सकते हैं। इसके लिए सभी धर्म के लोगों को मिलाकर चलने की जरूरत होती है। इस अवसर पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष देवेंद्र यादव में कहा कि दिल्ली की हवा जहरीले है जल दूषित है और भोजन में मिलावट है इसलिए यह योजना दिल्ली वासियों के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने का है।

# आसान हो रही गोद लेने की प्रक्रिया : डॉ. पीयूष सक्सेना

**नई दिल्ली, समृद्धि न्यूज।**




देश में हिन्दू दत्तक ग्रहण कानून के नियमों को समझने और समझाने में सम्बंधित तंत्र की हीलाहवाली से बच्चों को गोद लेने की प्रक्रिया बहुत जटिल रही, पर अब इस प्रक्रिया में सरलता आ रही है।

इस सम्बन्ध में एक प्रमुख सामाजिक संगठन टेम्पल आफ हीलिंग के प्रतिनिधि डा.पीयूष सक्सेना ने पत्रकारों को बताया कि भारत में गोद लेने की प्रक्रिया को सरल और सुलभ बनाने के मकसद से सुप्रीम कोर्ट में अगस्त 2021 में जनहित याचिका दाखिल की थी। इसे उच्चतम न्यायालय ने संज्ञान में लिया और 12 से अधिक सुनवाइयों के बाद उसके आदेशों से कठिन राह आसान हुई। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकारों से जवाब तलब किया। कोर्ट ने युवा दम्पतियों को बच्चा गोद लेने के लिए तीन-चार साल इंतजार कराना सही नहीं ठहराते हुए प्रक्रिया सही करने की आवश्यकता बतायी। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश में ये भी साफ किया है कि हिन्दू दत्तक ग्रहण कानून में जुविनाइल जस्टिस एक्ट 2015 सेक्शन-56(3) के अनुसार एडाप्शन रेगुलेशंस 2022 का कोई दखल नहीं है।डा. सक्सेना के कथनानुसार ऐसे में बच्चा गोद लेना बहुत आसान हो जाता है। इसी क्रम में कोर्ट ने देश के सभी 760 जिलों में दत्तक ग्रहण एजेंसियां नियुक्त करने को कहा। उन्होंने बताया कि सख्त क़ानून होने के बावजूद अमेरिका में हर साल एक लाख 35 हजार बच्चे गोद लिये जाते हैं, जबकि भारत मे उलझी हुई प्रक्रिया के कारण बमुश्किल प्रति वर्ष चार हजार।

# एस.यू.डी. लाइफ का नया यूनिट लिंक्ड फंड लॉन्च

**समृद्धि न्यूज, आजमगढ़।** स्टार यूनियन दाई-इची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एस.यू.डी. लाइफ) ने नए साल में एस.यू.डी. लाइफ मिडकैप मोमेंटम इंडेक्स फंड लॉन्च किया है। यह फंड पॉलिसीधारकों को भारत के तेजी से बढ़ते मिडकैप मार्केट में निवेश करने का शानदार मौका दे रहा है। मिडकैप कंपनियां वे होती हैं जिनका काफी मजबूत बिज़नेस मॉडल होता है और जो तेजी से बढ़ने के लिए तैयार होती हैं। हालांकि, मिडकैप स्टॉक्स में थोड़ा उतार-चढ़ाव ज्यादा होता है लेकिन लार्ज-कैप सूचकांकों की तुलना में यह लंबे समय में बेहतर रिटर्न दे सकते हैं। मोमेंटम इन्वेस्टिंग यानी उन स्टॉक्स पर फोकस करना जो अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और कमजोर स्टॉक्स को समय-समय पर हटा देना। एस.यू.डी. लाइफ मिडकैप मोमेंटम इंडेक्स फंड हर 6 महीने में री-बैलेंस होता है जिससे मजबूत और कम अस्थिरता वाले स्टॉक्स पर फोकस बना रहता है। यह फंड निफ्टी मिडकैप 150 मोमेंटम 50 इंडेक्स को ट्रैक करता है। यह इंडेक्स मिडकैप स्टॉक्स को उनके प्राइस मोमेंटम के आधार पर चुनता है।

# डीएम ने चकबंदी प्रक्रियाओं के अंतर्गत प्रचलित ग्रामों के प्रगति कार्य के बारे में ली जानकारी



**समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर।**

जिलाधिकारीध्जिला उपसंचालक चकबंदी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में चकबंदी प्रक्रियाओं के अंतर्गत प्रचलित ग्रामों में प्रारूप एक से नौ तक के कार्यों की समीक्षा बैठक आहूत की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जितने गांव में चकबंदी की प्रक्रिया चल रही है। उनकी चकबंदी अधिकारी व सहायक चकबंदी अधिकारी जांच करें और ग्राम समाज की क्षति नहीं होनी चाहिए। प्रत्येक ग्राम समाज की सुरक्षा हो। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी पूरी ईमानदारी, मेहनत के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करें ताकि जन सामान्य को किसी प्रकार की कोई समस्या न हो और लोगों में एक अच्छा संदेश जाए।

बैठक में मुख्य राजस्व अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह, डिप्टी कलेक्टर संजीव यादव, सहायक चकबन्दी अधिकारी अतुल यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# मिथिलेश के भाजपा मंडल अध्यक्ष व ज्ञानेश्वर के जिला प्रतिनिधि बनने पर खुशी



**समृद्धि न्यूज, हलिया (मिर्जापुर)।**

भारतीय जनता पार्टी संगठन द्वारा क्षेत्र के अमदह गांव निवासी मिथिलेश सिंह को गड़बड़ा धाम मंडल अध्यक्ष व ज्ञानेश्वर दुबे को जिला प्रतिनिधि बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर व्याप्त है। बुधवार शाम को रतेह चौराहा पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मिथिलेश सिंह का भाजपा कार्यकर्ताओं ने गाजे बाजे के साथ स्वागत किया। भाजपा के एसडी दुबे हरिशंकर पटेल, लालजी तिवारी, गुलाब पटेल, मनकामना मिश्र, ब्रह्मानंद मिश्र,महेश सिंह, पुष्पराज सिंह, भगवान पटेल, सिद्ध नाथ जायसवाल आदि ने हर्ष जताया है कहा कि मिथिलेश सिंह के मंडल अध्यक्ष बनने से भाजपा संगठन को मजबूत मिलेगी।

### दिनेश के भाजपा मंडल अध्यक्ष बनने पर हर्ष



**हलिया (मिर्जापुर)।** भारतीय जनता पार्टी के हलिया मंडल अध्यक्ष चुने जाने पर ग्रामीणों तथा पार्टी के कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताकर मिष्ठान खिलाया तथा लोगों में वितरित किया। बुधवार को पार्टी की घोषणा के बाद भारतीय जनता पार्टी हलिया मंडल के अध्यक्ष दिनेश कुमार अग्रहरी को चुने जाने पर हलिया बाजार तथा पिपरा बाजार में लोगों ने एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर खुशी का इजहार किया उन्होंने बताया कि दिनेश कुमार अग्रहरी 20 वर्षों से पार्टी मे रहकर जनता का सेवा किया तथा बूथ अध्यक्ष से लेकर मंडल कोषाध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के पद पर रहे। अध्यक्ष चुने जाने पर उनके आवास पर भारी संख्या में मिलने के लिए लोगों का ताता लगा रहा तथा उन्हें मिष्ठान खिलाकर खुशी का इजहार किया।इस दौरान उपस्थित रहे ग्राम प्रधान थोथा राजेश यादव, कमलेश प्रधान हर्रा,सोनू मौर्य,सुनील दुबे,बृजेश यादव,शिव कुमार सिंह, रजा मोहम्मद, ज्ञानेंद्र सिंह, सूर्यकुमार सिंह,विभूति नारायण सिंह, रामकिशुन सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# अनियंत्रित बाइक से गिरकर छात्र घायल



**समृद्धि न्यूज, मड़िहान (मिर्जापुर)।** चुनार कोतवाली क्षेत्र के चौकी शक्तेसगढ़ अंतर्गत राजगढ़ चुनार संपर्क मार्ग पर टेढ़िया मोड़ पर पेट्रोल पंप के पास अनियंत्रित बाइक से गिरकर डी फार्मा का छात्र हुआ घायल राजगीरों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में कराया गया भर्ती।वाराणसी जनपद निवासी 30 वर्षीय आनंद पुत्र राम सहाय सिंह राजगढ़ के कृषक महाविद्यालय में डी फार्मा की परीक्षा देने हेतु बुद्धवार की सुबह घर से निकला था।लगभग 10 बजे के करीब जैसे ही चुनार थाना क्षेत्र के टेढ़िया मोड़ पर पहुंचा ही था,कि बाइक अनियंत्रित होकर लगभग 6 फीट नीचे गड्ढे में कूद गई जिसमें गंभीर अवस्था में घायल होकर सड़क किनारे पड़ा रहा। राहगीरों की नजर जैसे ही घायल युवक पर पड़ी तो तत्कालीन सेवा 108 एंबुलेंस पर सूचना देकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती करवाया।

# महाकुभ से विंध्याचल आने वाले तीर्थयात्रियों को मिलेगी नवरात्रि जैसी सुविधा

**समृद्धि न्यूज, विंध्याचल (मिर्जापुर)।**



प्रयागराज महाकुंभ के दौरान विंध्याचल धाम में श्रद्धालुओं को नवरात्रि से भी बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। इसके लिए जिला प्रशासन दिनरात तैयारिओं में जुटा हुआ है।

प्रशासन यह मान कर चल रहा है कि महाकुंभ के दौरान देश दुनिया से आने वाले लगभग 40 करोड़ भक्तों में से लगभग 10 से 12 प्रतिशत लोग जगतजननी मां विंध्यवासिनी का आशीर्वाद लेने और विंध्य कॉरिडोरकी दिव्यता और भव्यता देखने आएंगे।

कुछ इसी अंदाज में विन्ध्यधाम आने वाले लोगों का स्वागत, सत्कार भी किया जाएगा।

जाड़े की रात में तीर्थयात्रियों को रात्रि प्रवास के लिए रेलवेस्टेशन के पास स्थित विंध्यविद्या पीठ कॉलेज, रोडवेज परिसर में 100-100बेड का रैन बसेरा, अस्थाई शौचालय, गंगा घाटों पर अस्थाई शौचालय के आलावा रेलवेप्रशासन की ओर सेरेलवेस्टेशन पर जर्मनहैंगर टेंट, रेलवेस्टेशन सेएग्जिट करने के चार द्वार बनाए गए हैं। यही नहीं विंध्याचल को जाम मुक्त क्षेत्र बनाए रखनेके लिएबतरतर, रेहड़ा चुंगी, पटेगरा नाला, मोतिया झील क्षेत्र मेंवाहन पार्किंग स्थल नवरात्रि की तरह बनाए जा रहे हैं ताकि मेला क्षेत्र मेंजाम न लगने पाए। खोया पाया केंद्र भी बनाए जा रहे हैं ताकि बिछड़े लोगों को उनके अपनों से मिलवाया जा सके।

# पशु चिकित्सालय का ब्लॉक प्रमुख ने किया उद्घाटन




**समृद्धि न्यूज, सीखड़ (मिर्जापुर)।**

बुद्धवार को ब्लॉक मुख्यालय परिसर में नव निर्मित राजकीय पशु चिकित्सालय भवन का उद्घाटन व्लाक प्रमुख छत्रपति सतेन्द्र सिंह ने फीता काट कर किया। वहीं पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र के सभी पशु पालक भाई के सेवा के लिए हम बराबर तैयार है। उक्त अवसर पर जेई एमआई उमाशंकर पटेल, सचिव मुकेश मिश्रा, मुकेश पांडेय, उमेश यादव, सुधीर दुबे, के, के सिंह सतेन्द्र यादव, सबिता देवी, पशुधन प्रसार अधिकारी अखिलेश सिंह, आलोक सिंह सिंह, प्रधान विनोद सिंह,मीरा पांडेय, राकेश चौबे,गुडवील सिंह, रौनक सिंह, स्थापना बाबू हौसला प्रसाद दुबे, दिनेश सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य शिवेंद्र सिंह सहित क्षेत्र के पशु पालन, विकास, पंचायत विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के नव निर्वाचित कमेटी का अभिनंदन

**समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर।**



डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के नव निर्वाचित कमेटी का अभिनंदन समारोह कचहरी परिसर मेंआयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि राष्ट्रवादी मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि अधर्म और अन्याय के विरुद्ध आदि काल से संघर्ष चला आ रहा है। जिसके खिलाफ आज का अधिवक्ता समाज पूरे मनोयोग से दूसरों को न्याय दिलाने के लिए लड़ता है। उसकी मंशा अन्याय के खिलाफ न्याय की लड़ाई में सत्य की जीत के लिए होती हैं।

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुशील कुमार दुबे ने कहा कि अधिवक्ता समाज सदैव से न्याय के लिए संघर्ष करता रहा है। यह संघर्ष आज भी जारी है सबके साथ न्याय हो इसके लिए सदैव संघर्ष का क्रम जारी रहेगा।समारोह में नव निर्वाचित अध्यक्ष सुशील कुमार दुबे एवं सचिव संजय चौधरी को अंग वस्त्र एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में कमिशनरी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विमला शंकर दूबे, डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष निवर्तमान अध्यक्ष संजय उपाध्याय,पूर्व अध्यक्ष कृष्णमोहन तिवारी, राष्ट्रवादी मंच के नगर अध्यक्ष आनंद अग्रवाल, एडवोकेट पारस मिश्रा,जीतलाल यादव, मधुकर मिश्रा, शिवम श्रीवास्तव, विनोद कुमार पांडेय, संतोष सोनकर, राजेश सिन्हा, अवनीश कुमार पांडेय, विष्णु चंद त्रिपाठी, अवधेश त्रिवेदी, अंकित सिंह, जितेंद्र तिवारी सहित सैकड़ों अधिवक्ता उपस्थित रहे।

संचालन एडवोकेट रूद्र प्रकाश गोस्वामी ने किया।

# सपा का प्रतिनिधि मंडल मृत प्रियांशु के पिता से मिला



**समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर।**

सपा के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी के नेतृत्व मेंबुधवार को पार्टी के चंदौली विधायक प्रभुनरायनयादव, स्नातक एमएलसी आशुतोष सिन्हा, पूर्वदर्जाप्राप्त मंत्री मुन्नी यादव, आशीष यादव, लल्लूशुक्ला, सतीश मिश्रा समेत अन्य कार्यकर्ता कटरा कोतवालीथाना क्षेत्र के हरना की गली पहुंचे जहां पिछलेदिनों कुल्हाड़ी सेप्रहार मारेगए पार्टी कार्यकर्ता प्रियांशुओझा के पिता सुरेश चन्द्रओझा सेमुलाकात कर शोक संतप्त परिवार को ढाढश बंधाया और कहा पूरी पार्टी दुःख की घड़ी मेंउनके साथ खड़ी है। इस मौके पर जिला महासचिव आदर्श यादव, अरशद अली, जमाल अहमद, सत्यप्रकाश यादव, रामराज यादव आदि मौजूद रहें।

# बीडीओ ने सचिवों की बैठक कर आवास सर्वे का दिया निर्देश

**समृद्धि न्यूज, हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय ब्लाक परिसर में बुधवार को बीडीओ डा0 राजीव कुमार शर्मा ने ग्राम सचिवों की बैठक कर आवास सर्वे का निर्देश दिया।बीडीओ ने विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए गाँव में साफसफाई, पीएम आवास, शौचालय की सूची के बारे जानकारी लेते हुए विकास कार्यों में तेजी लाने को कहा। बीडीओ ने कहा कि प्रवासी मजदूरों को मनरेगा के तहत गांव में रोजगार देने का कार्य किया जाए, बुजुर्गों का पेंशन आवश्यक रुप से बनाया जाए।आवासों की सूची शुक्रवार से घर घर जाकर निष्पक्ष तरीके से सत्यापन करें, 70 वर्ष की आयु पूरी कर चुके बृद्धो का आयुष्मान कार्ड बनाने पर जोर दें। इसके बाद जल जीवन मिशन के तहत गांव में हर घर जल योजना के लिए कनेक्शन कराने में सहयोग करे। पीएम आवास सूची व किसान रजिस्ट्री पंजियन में तेजी लाने को कहा है। कार्य में लापरवाही करने वाले स्वयं जिम्मेदार होगे। इस मौके पर एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव सचिव कौशलेंद्र राय,चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव, शैलेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, दिनेश सिंह, सहित समस्त सचिव मौजूद रहे।